फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 4, वर्ष 12, अंक 4, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, गुरुवार, 9 फरवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - एक बड़े और जुझारू कवि थे विष्णु खरे



अन्दर : गिल या सूर्यकुमार किसे मिलेगा मौका? रोहित शर्मा ने कहा

# कुछ निराश लोग देश की प्रगति स्वीकार नहीं कर पा रहे

## राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब रहे थे प्रधानमंत्री मोदी

**संसद में भाषण**

**पीएम बोले- 2004 से 2014 तक का समय आजादी के इतिहास में सबसे अधिक घोटालों का दशक रहा**

**संप्रग सरकार के दस साल का कार्यकाल जहां लॉस्ट डिकेड' था, वहीं 2030 तक का दशक इंडियाज डिकेड' होगा**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि दुनिया में कोरोना महामारी सहित अनेक संकटपूर्ण हालात के बीच देश को जिस तरह से संभाला गया, उससे पूरा देश आत्मविश्वास से भर रहा है एवं पूरे विश्व में भारत को लेकर सकारात्मकता, आशा और भरोसा है। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए विपक्षी कांग्रेस पर भी निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 तक का समय आजादी के इतिहास में सबसे अधिक घोटालों का दशक रहा है और संप्रग सरकार के इन दस साल के कार्यकाल में कश्मीर से कन्याकुमारी तक हर कोने में भारत के लोग असुरक्षित महसूस करते थे। मोदी ने 2जी, सीडब्ल्यूजी और अन्य घोटालों का जिक्र करते हुए कहा कि इन दस साल में वैश्विक मंचों पर भारत की साख इतनी कमजोर हो गयी थी कि दुनिया उसकी बात सुनने को तैयार नहीं थी। उन्होंने कहा कि दुनिया में सौ साल बाद कोरोना जैसी महामारी आई, विश्व बंटा हुआ है, ऐसी स्थिति में भी राजग सरकार के कार्यकाल में देश को जिस तरह से संभाला गया, उससे पूरा देश आत्मविश्वास से भर रहा है एवं पूरे विश्व में भारत को लेकर सकारात्मकता, आशा और भरोसा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संप्रग सरकार के दस साल का कार्यकाल जहां लॉस्ट डिकेड' था, वहीं 2030 तक का दशक इंडियाज डिकेड' होगा। उन्होंने कहा कि आज जब कई देशों में भीषण महंगाई, बेरोजगारी, खानेपीने का संकट है और अपने पड़ोस में भी ऐसे हालात हैं, ऐसी स्थिति में कौन हिंदुस्तानी इस बात पर गर्व नहीं करेगा कि ऐसे समय में भी देश दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्र के रूप में गौरव पूर्ण अवसर हमारे सामने हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के पूरे अभिभाषण में जो बातें कही गयी हैं वे 140 करोड़ देशवासियों के लिए उत्सव का अवसर हैं। मोदी ने कहा कि खुशी की बात है कि आज भारत को विश्व के समृद्ध देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता का अवसर भी मिला, जो देश के लिए गर्व की बात है।

कांग्रेस सदस्यों की टीका-टिप्पणी के बीच प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ लोगों को इसका भी दुख हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के सारे विशेषज्ञों को भारत से बहुत आशा और विश्वास है, जिसका कारण भारत में आई स्थिरता, उसकी वैश्विक साख, बढ़ता सामर्थ्य और नयी संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री के जवाब के दौरान सदन में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। मोदी ने कहा कि देश में आज स्थिर और निर्णायक सरकार है जिसका भरोसा होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि यह सरकार पूर्ण बहुमत से चलती है और राष्ट्रहित में फैसले लेने का सामर्थ्य रखती है।

उन्होंने कहा, हम इस मार्ग से हटने वाले नहीं, इस पर चलते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि चर्चा में सभी सदस्यों ने अपनी रुचि, प्रवृत्ति और प्रकृति के अनुसार सबने अपनी बातें रखीं। उन्होंने कहा कि जब हम इन बातों को गौर से सुनते हैं और समझने का प्रयास करते हैं तो समझ में आता है कि किसकी कितनी क्षमता है, किसकी कितनी योग्यता है, किसकी कितनी समझ है और किसका क्या इरादा है। मोदी ने कहा कि देश भलीभांति इन बातों का मूल्यांकन करता है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए एक शेर पढ़ा और कहा कि ऐसे लोगों के लिए कहा गया है, ये कह-कहकर हम दिल को बहला रहे हैं, वो अब चल चुके हैं, वो अब आ रहे हैं।

मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में संकल्प से सिद्धि' तक का बढ़िया तरीके से खाका खींचा गया जिसमें एक प्रकार से देश को लेखाजोखा भी दिया गया और प्रेरणा भी दी गयी। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोगों ने अभिभाषण से कन्नी काटी। एक बड़े नेता तो राष्ट्रपति का अपमान कर चुके हैं। जनजातीय समुदाय के प्रति उनकी सोच क्या है, यह सामने आ गया। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री का इशारा कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की तरफ था जिन्होंने कुछ महीने पहले राष्ट्रपति के खिलाफ एक टिप्पणी की थी।

पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहुत सारी बातों को विपक्ष ने भी मौन रहकर स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि चर्चा में किसी सदस्य ने राष्ट्रपति के अभिभाषण में भारत के दुनिया की समस्याओं के समाधान बनने, इस सरकार में लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिलने, भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलने तथा नीतिगत पंगुता से उबरने जैसे उल्लेखों का विरोध नहीं किया। मोदी ने कहा, मुझे आशंका थी कि कुछ लोग इन बातों का विरोध करेंगे, लेकिन मुझे खुशी है कि किसी ने विरोध नहीं किया।







# ड्यूटी पर फेसबुक-इंस्टा यूज किया तो खैर नहीं

**सख्त कदम**

**रील बनाने वालों पुलिसवालों को सख्त संदेश, यूपी पुलिस के लिए सोशल मीडिया पॉलिसी जारी**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस कर्मियों को सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना भारी पड़ जाएगा। इसके उपयोग पर रोक लगा दी गई है। फेसबुक, इंस्टाग्राम पर चेहरा चमकाने वाले पुलिसकर्मियों को लेकर यह निर्देश जारी किया गया है। अब वे अपने पर्सनल अकाउंट नहीं चला पाएंगे। यूपी पुलिस ने नई सोशल मीडिया पॉलिसी के तहत कड़े निर्देश दिए हैं। यूपी के डीजीपी डीएस चौहान की मंजूरी के बाद योगी आदित्यनाथ सरकार की ओर से इस संबंध में आदेश जारी हुआ है। पुलिस कर्मी ड्यूटी के दौरान सोशल मीडिया साइट का उपयोग नहीं कर पाएंगे। ड्यूटी के बाद भी वर्दी में रील बनाने पर रोक लगा दी गई है। किसी भी स्थान पर तैनाती के बाद पुलिसकर्मी सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर लाइव टेलीकास्ट नहीं कर पाएंगे। योगी सरकार ने बुधवार को पुलिस कर्मियों के लिए सोशल मीडिया की नई पॉलिसी जारी कर दी है। यूपी पुलिस कर्मियों के लिए जारी सोशल मीडिया पॉलिसी के अनुसार, थाना, पुलिस लाइन या फिर कार्यालय के निरीक्षण और पुलिस ड्रिल या फायरिंग में भाग लेने का लाइव टेलीकास्ट अब नहीं किया जा सकेगा। कार्यवाही से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने से भी रोक लगा दी गई है। इस प्रकार का कोई भी कार्य गोपनीयता की नीति का उल्लंघन माना जाएगा। कोचिंग, लेक्चर, लाइव टेलीकास्ट, चैट, वेबीनार आदि में बतौर गेस्ट बुलाए जाने या उसमें भाग लेने से पहले यूपी पुलिस के कर्मियों को अब सीनियर अधिकारी से अनुमति लेनी होगी।

# पीएम ने नहीं दिया जवाब, अपने मित्र की रक्षा कर रहे

## लोकसभा में पीएम के भाषण के बाद सदन के बाहर राहुल गांधी ने निशाना साधा

**संसद सत्र**

**कहा, मैं संतुष्ट नहीं हूं, पीएम के संबोधन में अडाणी मामले का जिक्र नहीं**

**अगर मित्र नहीं हैं तो कहते ठीक है मैं जांच कराउंगा, लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। हालांकि इस दौरान अदाणी को लेकर लगाए जा रहे विपक्ष के आरोपों पर पीएम ने कुछ नहीं कहा। इसे लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सदन के बाहर पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन पर पलटवार किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर अडाणी को बचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पीएम ने एक भी जवाब नहीं दिया। उनके भाषण से सच्चाई दिखती है। अगर (अडाणी) मित्र नहीं है तो उनको कहना चाहिए था कि जांच कराएंगे।

लोकसभा में प्रधानमंत्री के भाषण के बाद सदन के बाहर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मैं संतुष्ट नहीं हूं। पीएम के संबोधन में अदाणी मामले का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री के संबोधन में सच्चाई दिखती है। उन्होंने एक भी जवाब नहीं दिया। जांच कराने की बात नहीं की। अगर मित्र नहीं हैं तो कहते ठीक है मैं जांच कराउंगा, लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा। राहुल गांधी ने आगे जवाब देते हुए कहा कि उनका (अदाणी) शेल कंपनी, डिफेंस इंडस्ट्री में बहुत बेनामी पैसा घूम रहा है। उस पर प्रधानमंत्री ने कुछ नहीं कहा। इससे साफ है कि प्रधानमंत्री उनकी रक्षा कर रहे हैं। ये राष्ट्रीय सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर का मामला है प्रधानमंत्री को कहना चाहिए था कि जांच कराएंगे। बहुत बड़ा घपला है। जरूर उनको बचाने की कोशिश कर रहे हैं मैं समझता हूं ऐसा क्यों है।

### राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**लोकसभा अध्यक्ष ने अध्ययन करके कार्रवाई की बात कही**

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री के संबंध में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की लोकसभा में की गयीं कुछ टिप्पणियों को लेकर उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया गया है और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस पर विचार करने के बाद कार्रवाई की बात कही है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर मंगलवार को शुरू हुई चर्चा में भाग लेने के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा की गयीं कुछ टिप्पणियों को लेकर उनके खिलाफ भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। सदन में बुधवार को संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने राहुल गांधी के भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस सदस्य ने सदन के कामकाज के नियम 353 और 369 का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि नियम 353 के तहत उस व्यक्ति पर आरोप नहीं लगाये जा सकते जो अपने बचाव के लिए सदन में उपस्थित नहीं है। उन्होंने कहा कि नियम के तहत इसके लिए पूर्व में नोटिस देना होता है और लोकसभा अध्यक्ष से पूर्व अनुमति लेनी होती है। वहीं, निशिकांत दुबे ने सदन में प्रश्नकाल के बाद कहा कि उन्होंने विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। इस पर पीठासीन सभापति राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि उनका नोटिस मिला है जो लोकसभा अध्यक्ष के विचाराधीन है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर बुधवार को लोकसभा में पलटवार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उस व्यक्ति ने प्रधानमंत्री पर आरोप मढ़े हैं जो खुद भ्रष्टाचार के मामले पर जमानत पर है। प्रसाद ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर निचले सदन में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा को आगे बढ़ाते हुए दावा किया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सदन को गुमराह किया और वह हताश हैं क्योंकि मोदी सरकार में डील और कमीशन बंद हो चुका है।

# सदन में शिवपाल यादव को फ्रंट सीट देंगे अखिलेश

**चाचा को सम्मान**

**मैनपुरी जीत का रिटर्न गिफ्ट समर्थकों के लिए भी खास प्लान**

**लखनऊ।** सपा महासचिव बनाए जाने के बाद अब विधानसभा के अंदर भी विपक्षी खेमे में शिवपाल का कद बड़ा दिखेगा। विधानसभा के अंदर उन्हें फ्रंट सीट पर बैठाने पर पार्टी में सहमति बन चुकी है। इसे सपा अध्यक्ष अखिलेश की ओर से उन्हें मैनपुरी लोकसभा सीट पर जीत का रिटर्न गिफ्ट माना जा रहा है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव मंगलवार शाम अचानक चाचा शिवपाल सिंह यादव के घर भी पहुंचे और दोनों के बीच करीब 45 मिनट तक संगठनात्मक मुद्दों पर बात हुई। सूत्रों के मुताबिक, मुलाकात के दौरान शिवपाल के साथियों को संगठन में समायोजित करने पर भी बात हुई। माना जा रहा है कि सपा प्रदेश में नए सिरे से आंदोलन शुरू करेगी। पार्टी से दूर हुए कई नेताओं की घर वापसी भी कराई जाएगी। पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनने के बाद भी शिवपाल अब तक कार्यालय नहीं जाते हैं। वे पहले की तरह अपने पुराने कार्यालय में ही कार्यकताओं से मिलते हैं। ऐसे में अखिलेश उनके घर पहुंचे। दोनों के बीच सियासी हालात और प्रदेश कार्यकारिणी को लेकर मंथन हुआ। सूत्रों का कहना है कि शिवपाल ने प्रसपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी में रहे कुछ लोगों को समायोजित करने पर जोर दिया है।

### यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

**लखनऊ।** यूपी राजधानी लखनऊ में 10 से 12 फरवरी तक आयोजित होने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। समिट का उद्घाटन 10 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। वहीं इस कार्यक्रम के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी मौजूद रहेंगी। इसके अलावा गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी समिट में भाग लेंगे। इसकी जानकारी लखनऊ के डीएम सूर्यपाल गंगवार ने दी। जानकारी के मुताबिक 10 फरवरी की सुबह साढ़े 9 बजे प्रदानमंत्री मोदी अमौसी एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे। 10 बजे तक वह वृंदावन योजना स्थित कार्यक्रम स्थल पर जाएंगे और यहां डेढ़ घंटे तक रहेंगे। इसके बाद साढ़े 11 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 20 से ज्यादा देशों के 10 हजार से ज्यादा प्रतिनिधि भाग लेंगे।

# अब गाजीपुर का नाम बदलने की मांग

**लिखा पत्र**

**सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर ने सीएम योगी से की गाजीपुर का नाम बदलकर विश्वामित्र नगर करने की मांग**

**सबसे पहले मुगलसराय जंक्शन का बदला था नाम**



**लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने अब गाजीपुर जिले का नाम बदलने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। इससे पहले सुभासपा के राष्ट्रीय सचिव भी गाजीपुर का नाम बदलने के लिए सीएम योगी को पत्र लिख चुके हैं। ओपी राजभर ने सीएम योगी को पत्र लिखकर कहा कि गाजीपुर के पौराणिक महत्व में ब्रह्मर्षि विश्वामित्र की अद्वितीय भूमिका का उल्लेख करते हुए गाजीपुर का नाम बदलकर विश्वामित्र नगर करने की मांग की है। प्रतापगढ़ लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी सांसद संगमलाल गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सूबे की राजधानी लखनऊ का नाम बदलकर लखनपुरी या लक्ष्मणपुरी करने की मांग की है।

इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज किया गया। फैजाबाद का नाम बदलकर अयोध्या किया गया। मुगलसराय रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन किया गया। झांसी रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन रखा गया। सबसे पहले मुगलसराय जंक्शन का नाम बदल कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन कर दिया गया था। इसके बाद मुगलसराय तहसील का नाम भी पंडित दीन दयाल उपाध्याय कर दिया गया था। कुछ महीने पहले प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कई जगहों के नाम बदले गए थे। इनमें बर्लिंगटन चौराहा का नाम अशोक सिंघल कर दिया गया। सर्वोदयनगर में द्वार का नाम नामकरण विनायक दामोदर सावरकर द्वार कर दिया गया। वहीं सिकंदराबाग चौराहे का नामकरण विरांगना उदादेवी हो गया तो विरामखंड राम भवन चौराहा, अमर शहीद मेजर कमल कालिया चौराहा किया गया।

# दिल्ली में महबूबा मुफ्ती हिरासत में ली गईं

## जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अतिक्रमण विरोधी अभियान के खिलाफ आवाज उठा रही थीं महबूबा



**विरोध पड़ा भारी**

**बोलीं-जम्मू-कश्मीर को अफगानिस्तान बनाना चाहती है केंद्र सरकार**

**नई दिल्ली।** पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती को जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अतिक्रमण विरोधी अभियान के खिलाफ दिल्ली में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने हिरासत में लिया। बुधवार को महबूबा मुफ्ती और उनके कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। महबूबा जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अतिक्रमण विरोधी अभियान के खिलाफ दिल्ली में विरोध प्रदर्शन कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में गुंडा राज है। इसे अफगानिस्तान की तरह बरबाद किया जा रहा है।

दरअसल, जम्मू-कश्मीर के 20 जिलों में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। सरकारी जमीन को मुक्त कराने के लिए अब तक कई इमारतों पर बुलडोजर चलाया गया है। इसके विरोध में जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि यह विध्वंस अभियान कश्मीर को फिलिस्तीन से भी बदतर स्थिति में बदल रहा है। केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर को अफगानिस्तान जैसा बनाना चाहती है। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया था कि बीजेपी देश के संविधान को तोड़ रही है। कश्मीर को अफगानिस्तान बना दिया गया है। बीजेपी ने बहुमत को हथियार बनाया है। जम्मू-कश्मीर में अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत गरीबों और हाशिए पर खड़े लोगों के घरों को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया जा रहा है। पीडीपी प्रमुख ने इस दौरान देश में विपक्षी पार्टी के नेताओं से अपील करते हुए कहा कि वे भाजपा द्वारा किए जा रहे अत्याचारों पर मूकदर्शक न बनें। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीन अभी भी बेहतर है। जिस तरह से लोगों के छोटे-छोटे घरों को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया जा रहा है, उससे कश्मीर अफगानिस्तान से भी बदतर होता जा रहा है। महबूबा मुफ्ती ने यह भी कहा कि भाजपा के शासन में जम्मू-कश्मीर की आर्थिक स्थिति खराब हुई है। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर ही एक ऐसा प्रदेश था, जहां लोग सड़क पर नहीं सोते थे, जहां लोग मुफ्त राशन के लिए लाइन में खड़े नहीं होते थे। जब से बीजेपी आई है, गरीबी रेखा से ऊपर रहने वाले लोग भी इसके नीचे आए हैं।

# रेस्क्यू ऑपरेशन में मौसम बना मुसीबत

**विनाशकारी भूकंप**

**तुर्की में सात हजार से ज्यादा की मौत, कई इलाकों में बिजली और तेल की किल्लत**

**वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम ग्रेबेसियस ने जताई चिंता**



**नई दिल्ली।** तुर्की में आए विनाशकारी भूकंप में अब तक 7 हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। बचावकर्मी तीन दिन से लगातार लोगों को बचाने में जुटे हैं। खराब मौसम और कड़ाके की ठंड में रेस्क्यू ऑपरेशन बेहद मुश्किल होता जा रहा है। हालांकि, बचावकर्मी लगातार लोगों की मदद में जुटे हैं और मलबे में दबे लोगों को निकाल रहे हैं। जैसे-जैसे समय गुजर रहा है, चुनौती भी बढ़ती जा रही है क्योंकि लोग मलबे में दबे हैं और उन्हें जल्द से जल्द बाहर निकालना होगा।

1999 के बाद यह दूसरा ऐसा भूकंप है, जिसने इतने बड़े स्तर पर तबाही मचाई है। 7.8 तीव्रता वाले इस भूकंप के कारण स्कूलों, अस्पतलों और अपार्टमेंट की हजारों इमारतें ढह गई हैं। इनमें दबकर हजारों लोगों की जान चली गई। अभी तक 7,200 लोगों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र ने आशंका जताई है कि मरने वालों में हजारों बच्चे भी हो सकते हैं। तुर्की में सोमवार को एक के बाद एक 3 भूकंप आए, जिनमें दो भूकंप की तीव्रता 7.8 और 7.5 थी। सबसे ज्यादा तबाही 7.8 तीव्रता वाले भूकंप के कारण हुई है। भूकंप के बाद भी यहां कई आफ्टरशॉक्स महसूस किए गए। तुर्की में बेहद ठंड है। ऐसे में रेस्क्यू ऑपरेशन मुश्किलभरा होता जा रहा है और बेघरों के लिए स्थिति और ज्यादा खराब हो गई है। कई लोग जान बचाने के लिए मलबों के टीलों पर पहुंच गए ताकि उनके दोस्त, रिश्तेदारों और पड़ोसियों को उन्हें ढूंढने में आसानी हो। सोमवार को भी तुर्की के राष्ट्रपति तईप एर्दोगन ने कहा था कि खराब मौसम के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन और ज्यादा दिक्कतभरा होता जा रहा है। हालांकि, कड़ाके की ठंड में भी सभी लोग मदद करने में जुटे हैं। इस बीच वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम ग्रेबेसियस ने तुर्की के हालातों को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि ये समय के खिलाफ दौड़ है, जैसे-जैसे समय बीत रहा ही, चुनौती भी बढ़ती जा रही है। अधिकारियों ने सीरिया को लेकर भी चिंता जताई है।

### त्रिपुरा में गरजे सीएम योगी 25 साल से काबिज विपक्ष को बीजेपी ने किया खत्म

**त्रिपुरा।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को सूर्यमणिनगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस और माकपा पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और माकपा ने ज्यादातर त्रिपुरा पर शासन किया। भाजपा 2018 में सत्ता में आई और 25 साल के वाम शासन को समाप्त कर दिया। 16 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में दोनों दलों ने गठबंधन में लड़ने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि त्रिपुरा में डबल इंजन सरकार द्वारा किए गए विकास की गति बुलेट ट्रेन तक पहुंच गई है। सरकार की गति को कोविड-19 महामारी के दौरान जनता ने महसूस किया जब लोगों को मुफ्त टीके, मुफ्त इलाज और मुफ्त भोजन मिल रहा था। अगर राज्य में कांग्रेस या माकपा सत्ता में होती तो लोग उन योजनाओं से वंचित रह जाते। सीएम ने कहा, हम सभी का विकास चाहते हैं।

# एक हजार गबन किया सजा मिली तीन साल की

## 38 साल पुराना मामला, अब लेखपाल की उम्र है 80 साल

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** भ्रष्टाचार निवारण अदालत के अवनीश गौतम की अदालत ने बलिया जिले के कोतवाली थाने के 38 वर्ष पुराने मामले में नगरा तिवरा निवासी तत्कालीन लेखपाल 80 वर्षीय अभियुक्त रमाकांत सिंह को एक हजार रुपए गबन के मामले में 3 वर्ष की कैद और 50 हजार रुपए का अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले का निर्णय होने के पहले की महत्वपूर्ण साक्षीयो के साथ एक आरोपी तत्कालीन नायब तहसीलदार अवधेश सिंह की मौत हो चुकी है। मात्र तीन गवाहो के बयान के आधार पर अदालत ने अभियुक्त को दोषी पाया और सजा सुना दी।

एडीजीसी राजीव सिन्हा के मुताबिक अभियुक्त पर आरोप था कि वर्ष 1983 में आपदा एवं बचाव के लिए लाभार्थियों को दिए जाने वाले तावावी बांड लाभार्थियों को न देकर उनका फर्जी हस्ताक्षर कर अभियुक्त लेखपाल ने उसे तसदीक किया था एक गवाह जितेन्द्र सिंह का बयान अहम रहा कि उसे 5 सौ रुपए का बंद नहीं मिला और उसका फर्जी हस्ताक्षर कर सरकारी पैसे का गबन कर लिया गया। अदालत ने फैसले में कहा कि अभियुक्त पर एक हजार गबन, धोखाधड़ी व भ्ष्टाचर्र का आरोप है, कूटरचित दस्तावेज के जरिये अनुचित लाभ लेकर सरकारी पद का दुरूपयोग कर भ्ष्टाचर्र किया गया। अदालत ने इन परिस्थितियो में अभियुक्त लेखपाल को दोषी पाया और सजा सुना दी।

### किशोरी को अगवा करने वाले पांच के खिलाफ रपट दर्ज

**बड़गांव।** बड़गांव पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर किशोरी के अगवाकर्ता समेत पांच लोगों के खिलाफ बड़गांव पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। विशेष न्यायाधीश पाक्सो वाराणसी के न्यायालय में दिये गये प्रार्थना पत्र में अगवा की गई 16 वर्षीय किशोरी के पिता ने आरोप लगाया है कि विकास कुमार उर्फ विक्की तथा उसके सहयोगी राजकुमार, विशाल कुमार, बबलू और मुनाऊ सभी निवासी पुआरी खुर्द बीते साल 29 अप्रैल को उनकी बेटी को बहला फुसलाकर कर अगवा कर लिया। करीब एक महिने तक उसका शारीरिक शोषण करने के बाद छोड़ दिया गया।


## बिसेन समेत दो के खिलाफ कोर्ट का आदेश सुरक्षित

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में बुधवार को शृंगार गौरी केस के पैरोकार जितेंद्र सिंह विसेन समेत दो के खिलाफ केस दर्ज करने की अर्जी पर सुनवाई हुई। कोर्ट में वादिनि की ओर से अर्जी पर अपना पूरी की। कोर्ट ने आदेश के लिए सुरक्षित रख लिया। ज्ञानवापी-शृंगार गौरी प्रकरण की ही चार वादी महिलाएं रेखा पाठक, मंजू व्यास, लक्ष्मी देवी व सीता साहू ने पांचवीं वादी राखी सिंह के पैरोकार जितेंद्र सिंह विसेन के खिलाफ कोर्ट में धारा 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया है। उनका आरोप है कि जितेंद्र सिंह की ओर से मुकदमे की पॉवर ऑफ अटार्नी मुख्यमंत्री को सौंपने के लिए धमकाया गया। कोर्ट में सुनवाई में जाने के दौरान परिसर में गाली-गलौज भी की गई। कोर्ट में अर्जी के समर्थन में बहस की कहा की उनके द्वारा अपराध कारित किया गया।

# परिजनों ने प्रेम प्रसंग में हत्या का मुकदमा कराया दर्ज

**वाराणसी।** अहमदाबाद गुजरात के एक युवक की मौत के मामले में उसके मोबाइल से मिले वीडियो के आधार पर मृतक के भाई ने प्रेम प्रसंग में जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया और दो महिला समेत तीन नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ लालपुर पांडेयपुर थाने में हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया।



मृतक के भाई सुनील यादव निवासी वर्तमान निवासी रामनगर भीलवाडा थाना अमराईवाडी जिला अहमदाबाद ने आरोप लगाया कि गुजरात में पड़ोस के रहने वाले संतोष चौहान की सरहज जिसका ससुराल पाण्डेयपुर में है पूर्व परिचित है और संजय चौहान की शादी में संतोष चौहान जो मेरे बगल में रहते है की शादी में आये थे। उसी समय प्रमिला की भाभी जो संतोष चौहान की पत्नी है से प्रेम प्रसंग हो गया।

इसकी जानकारी हम लोगों नही थीं उसी चक्कर मेरा भाई अनिल यादव जिसकी शादी नही हुयी थी बिना बताये घर से गायब हो गया। 20 दिसंबर को सूचना मिली की अनिल यादव की वाराणसी में मौत हो गयी। बाद में मुझे जानकारी हुई कि मेरे भाई अनिल यादव को संजय चौहान व उसकी भाभी प्रमिला चौहान आपस में मिलकर व भ्रमित कर आपसी समझौता कराने के लिए पाण्डेयपुर बुलवा जहां उर्मिला उसकी भाभी और संजय उसका पति ने मिलकर उसे जहरीली शराब पीला मौत की नींद सुला दिया।

## संक्षेप

### जीएसटी में लगातार संशोधन से व्यापारी परेशान

**वाराणसी।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के राष्ट्रीय चेयरमैन सीएच कृष्णा ने कहा है कि जीएसटी से देश के व्यापारी आए दिन संशोधन से परेशान हो चुके हैं। फलस्वरूप व्यापारियों का मनोबल गिर रहा है। जीएसटी देने वाले व्यापारियों को टैक्स कलेक्शन के लिए जीएसटी में टैक्स कलेक्टर के रूप में 5% अतिरिक्त छूट दिलाने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं उद्योग व व्यापार मंत्री पीयूष गोयल से मिलकर समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। महमूरगंज क्षेत्र में बुधवार को हुई संगठन की बैठक में श्री कृष्णा ने यह आश्वासन दिया। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र गोयनका व प्रेम मिश्रा ने बताया कि इनपुट टैक्स क्रेडिट के बारे में व्यापारियों को आ रही समस्याओं को संज्ञान में लेना चाहिए। राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अशोक जायसवाल व प्रदेश के मीडिया प्रभारी सोमनाथ विश्वकर्मा ने कहा कि देश के सात करोड़ परंपरागत खुदरा व्यापारियों को इस बारे में समाधान मिलना चाहिए। केंद्र सरकार जीएसटी की विसंगतियों में संशोधन और विदेशी स्वामित्व वाले ई-कॉमर्स कारोबार पर अंकुश लगाए। अनुज डिडवानिया तथा यूआर सिंह ने संबंधित पोर्टल की क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया। मीटिंग में गोकुल शर्मा, मनीष गुप्ता, रजनीश कनौजिया, मनीष चौबे, सुजीत गुप्ता, सुरेश तुलस्यान आदि ने भी विचार रखे।

### अवधेश राय हत्याकांड में दूसरे साक्षी से जिरह

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए कोर्ट) अवनीश गौतम की अदालत में विचाराधीन अवधेश राय हत्याकांड में बचाव पक्ष की ओर से साक्षी रामजी राय का बयान अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी ने दर्ज कराया। बयान दर्ज होने के बाद साक्षी से अभियोजन की ओर से डीजीसी आलोक चंद्र शुक्ला, एडीजीसी विनय कुमार सिंह व वादी के अधिवक्ताओं अनुज यादव एवं विकास सिंह ने जिरह की। बचाव पक्ष के साक्षी से बयान व जिरह की कार्यवाही पूर्ण होने के बाद अदालत ने अगले सफाई साक्षी के रूप में गोपाल राय को सफाई साक्ष्य देने के लिए तलब करते हुए इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तिथि 14 फरवरी नियत कर दी। 3 अगस्त 1991 को लहुराबीर क्षेत्र में स्थित आवास के गेट पर ही अवधेश राय के ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई थी। अजय राय ने मुख्तार अंसारी, पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, भीम सिंह, कमलेश सिंह व राकेश न्यायिक समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

### जानलेवा हमले में अधिवक्ता समेत दो को मिली जमानत

**वाराणसी।** प्राणघातक हमले के मामले में अधिवक्ता समेत दो को बड़ी राहत मिल गयी। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने अधिवक्ता रामाश्रय दूबे व अंगद दूबे उर्फ श्याम कुमार दूबे को 50- 50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, चंद्रबली पटेल व कृष्णा यादव इलू ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार चौबेपुर थाना क्षेत्र के ढाका गांव निवासी वादिनी मीरा देवी ने चौबेपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। आरोप था कि 31 जुलाई 2020 को वादिनी व उसके ससुर महेंद्र शंकर दूबे अपने मकान का बाउंड्री वाल बना रहे थे। उसी दौरान सुबह पड़ोस में रहने वाले अधिवक्ता रामाश्रय दूबे व अंगद दूबे पुरानी रंजिश को लेकर अपने हाथ में लाठी-डंडा लेकर वहां पहुंचे और गालियां देने लगे। जब उसने विरोध किया तो उनलोगों ने उसके ससुर महेंद्र शंकर दुबे को मारपीट कर घायल कर दिया।

### कार के धक्के से अधेड़ गंभीर रूप से घायल

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के ढ़कवां गांव के पास बुधवार की सुबह सात बजे वाराणसी गाजीपुर हाइवे पर शंकर प्रसाद सड़क हादसे का शिकार हो गये। ग्रामीणों की मदद से घायल को इलाज के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर भिजवाया गया। टक्कर कार ने मारी थी।

### आरएसएस प्रमुख के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग

**वाराणसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की तहरीर मंगलवार को कोतवाली थाने में दी गई है। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के पदाधिकारियों का कहना है कि पंडितों को लेकर दिए बयान से ब्राह्मण समाज अपमानित महसूस कर रहा है। भागवत के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। दूसरी तरफ, केंद्रीय ब्राह्मण महासभा युवा मंच के पदाधिकारियों ने बैठक करके भागवत के बयान की निंदा की और ब्राह्मण समाज ने माफी मांगने की मांग रखी।

### किसानों ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**वाराणसी।** सेवापुरी ब्लाक अन्तर्गत सोनबरसा -पचवार मार्ग में नाले पर बने पुल के सम्बन्ध में अधिग्रहित की गई जमीन के मुआवजे के मांग को लेकर पचवार गांव के किसानों ने जिलाधिकारी वाराणसी को ज्ञापन देकर कहा कि नाले पर बन रहे पुल पर सम्पर्क मार्ग के लिए किसानों की जमीन सीमांकन के बाद अधिग्रहण किया गया।

# नकली एसेसरीज बेच रहे चार दुकानों पर छापेमारी

## मुंबई के ग्रीफेंन आईपी सर्विसेज मुंबई के मैनेजर ने दर्ज कराया मुकदमा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** नामी अमेरिकी मोबाइल कंपनी का नकली सामान बेचने की शिकायत पर वाराणसी पुलिस ने कैंट थाना क्षेत्र के अर्दली बाजार में चार मोबाइल दुकानों पर छापेमारी की और मोबाइल से जुड़ा नकली सामान बरामद किया। ग्रीफेंन आईपी सर्विसेज मुंबई के मैनेजर संदीप तंवर की तहरीर पर कैंट थाने में दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

ग्रीफेंन आई पी सर्विसेज मुंबई के मैनेजर संदीप तंवर और भूमिका सिंह को सूचना मिली थी कि वाराणसी के अर्दली बाजार में अमरिकी मोबाइल कंपनी का नकली चार्जर समेत अन्य सामान यहां कुछ दुकानों पर बेचा जा रहा है। दोनों ने कैंट थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चार दुकानों में छापेमारी कर नकली सामान बरामद किया। संदीप तंवर ने बताया कि जिस स्टोर पर सामान बरामद किया गया वो कंपनी से अधिकृत नहीं हैं। पुलिस छापेमारी में मिलन इंटरप्राइजेज ,आरवी कम्युनिकेशन, तृषा मोबाइल और ओम कम्युनिकेशन पर नकली सामान बरामद हुआ और रपट दर्ज की गयी।

### दुकान के सामने से ट्रैक्टर चोरी

**रोहनिया।** रोहनिया थाना क्षेत्र के अखरी चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग स्थिति बिल्डिंग मेटेरियल्स की दुकान के बाहर खड़ी ट्रैक्टर मंगलवार की रात चोरी हो गयी। भुक्तभोगी गणपत तिवारी निवासी अखरी ने संबन्धि थाने में शिकायत दर्ज करायी। पुलिस घटना स्थल से छानबीन कर रपट दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

# अडाणी समूह के आर्थिक घोटाले की करायी जाय उच्चस्तरीय जांच

**की मांग**

**कांग्रेसजनों ने आडाणी ग्रुप पर वित्तीय गोलमाल का आरोप लगाते हुए कचहरी क्षेत्र स्थित एसबीआई के बाहर धरना दिया**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कांग्रेसजनों ने अडानी समूह पर वित्तीय घोटाला करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कचहरी क्षेत्र स्थित एसबीआई कार्यालय के बाहर धरना देते हुए प्रदर्शन किया। पार्टी की जिला व महानगर की ओर से किये गये इस आयोजन का नेतृत्व संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजय राय ने किया।

इस मौके पर श्री राय ने मांग की कि कथित घोटाले की सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश या एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के तहत एक निष्पक्ष जांच की जाय। हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट में दिये गये ब्योरे की पड़ताल हो। एलआईसी व एसबीआई समेत अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों के अडानी समूह में निवेश पर संसद में चर्चा करायी जानी चाहिए। साथ ही निवेशकों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

इस संकट से उत्पन्न वित्तीय अनियमितताओं के बारे में निवेशकों को भरोसा दिया जाय। उन्होंने आरोप लगाया कि अडानी ग्रुप के धराशायी होने पर सरकार की चुप्पी सवाल खड़े कर रही है। सरकारी संस्थाओं के बेहद जोखिम भरे लेन-देन और निवेश ने भारत के निवेशकों एलआईसी के 29 करोड़ पॉलिसीधारकों और एसबीआई के 45 करोड़ खाताधारकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अडानी समूह पर भारतीय बैंकों का लगभग 80 हजार करोड़ रुपये बकाया है।

वक्ताओं ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस सड़क से संसद तक आम आदमी की लड़ाई लड़ेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, संजीव सिंह आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में दुर्गा प्रसाद गुप्त, इमरान खां, विनय शडेजा, डॉ. राजेश गुप्ता, अशोक सिंह, पंकज चौबे, श्रीप्रकाश सिंह, रामस्नेही पांडेय, विश्वनाथ कुंवर, विनोद सिंह 'कल्लू', हसन मेंहदी कब्बन, लोकेश सिंह, राजू राम, लालचंद्र शर्मा, अशोक पांडेय, जयप्रकाश तिवारी, राजेश त्रिपाठी, मयंक चौबे, मधु राय, मीरा तिवारी आदि की उपस्थिति रही।



कांग्रेसजनों ने अडाणी समूह पर आर्थिक घाटाले का आरोप लगाते हुए बुधवार को एसबीआई कचहरी पर धरना दिया

# काशी विद्यापीठ में 10-11 को युवा महोत्सव

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ में 10 से 11 तक युवा महोत्सव 'उमंग- 2023' का आयोजन होगा। इसके सफल आयोजन के लिए छात्र कल्याण संकाय के प्रो. कृष्ण कुमार सिंह को संयोजक प्रो. शेफाली वर्मा ठकराल को आयोजन सचिव और डॉ. सुरेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. मुकेश पंथ व डॉ. दुर्गेश कुमार उपाध्याय को संयुक्त रूप से सह-आयोजन सचिव नामित किया गया है। यह बातें बुधवार को काशी विद्यापीठ के केंद्रीय कार्यालय स्थित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन सभागार में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने कही। समारोह में उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि महाराजा सुहलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार शर्मा और समापन सत्र के मुख्य अतिथि पिंड्रा विधायक प्रो. अवधेश सिंह होंगे। ₹उमंग-2023₹ के सफल आयोजन के लिए कुलपति के आदेशानुसार कुल 18 समितियों का गठन किया गया है, कोर समिति में विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी, कुलसचिव, कुलानुशासक, मुख्य गृहपति एवं जनसंपर्क अधिकारी शामिल है। उपर्युक्त सभी समितियों के संयोजक संतोष कुमार शर्मा, प्रो. केके सिंह, प्रो. अशोक कुमार मिश्रा, प्रो. संजय, डॉ. निशा सिंह, डॉ. मुकेश कुमार पंत आदि नामित किए गए हैं। समितियां अपने निर्धारित कार्यों का दायित्व सकुशलता पूर्वक सम्पन्न करेंगी। कुल 13 विधाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें एकल शास्त्रीय गायन, एकल शास्त्रीय वादन, एकल सुगम संगीत समूह गायन, ऑन द स्पाट पेंटिंग, कार्टूनिंग, वाद-विवाद, काव्य पाठ मूक अभिनय, एकांकी, समूह नृत्य, रंगोली एवं पोस्टर निर्माण शामिल है। ये सभी विधाएं 10 और 11 फरवरी को गांधी अध्ययन पीठ सभागार, ललित कला विभाग, केंद्रिय पुस्तकालय आदि स्थानों पर संपन्न किए जायेंगे।



जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2007 अनुक्रमांक 2853860 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र खो गया है। मनोज कुमार पुत्र गौरी शंकर साह नवका गांव बलिया यूपी।

मेरा इंटरमीडिएट सत्र 2021 अनुक्रमांक 2170 82 079 का अंकपत्र व सहप्रमाण पत्र खो गया है। अजय कुमार पुत्र जगनारायन प्रसाद, ग्राम-धपरी, नियमताबाद, चंदौली।

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 3341738 व इंटरमीडिएट वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2001934 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र खो गया है। अमित सिंह यादव पुत्र नन्दलाल सिंह यादव ग्राम-बहादुरपुर, पोस्ट-मुहम्मदाबाद, जिला-गाजीपुर।

मेरे पुत्र का नाम स्कूल रिकार्ड में भूलवश EVYANSH PANDEY इव्यांश पाण्डेय दर्ज हो गया है सही नाम HARSH PANDEY हर्ष पाण्डेय है। भविष्य में भी मेरे पुत्र को HARSH PANDEY के नाम से जाना व पहचाना जाए। राजेश कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 विन्ध्याचल पाण्डेय, प्लाट नं0-126 न्यू कालोनी, कुतुलुपुर, रामनगर, वाराणसी।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**-आशा महाविद्यालय, धिरजीजोत सिखड़ी गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में अर्थशास्त्र-1, उर्दू-1, व स्नातक स्तर पर (बी0सी0ए0) पाठ्यक्रम में-6 तथा स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में शिक्षाशास्त्र-3, अंग्रेजी-2, संगीत(गायन)-3, राजनीतिशास्त्र-2, मनोविज्ञान-3, संस्कृत-2, सैन्य विज्ञान-3 व प्राचीन इतिहास-2 विषयों में प्रवक्ताओं के अनुमोदन हेतु। योग्यता एवं वेतनमान उ.प्र. शासन, यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज का 4 फोटो एवं आधार कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो.न.-8572910025

# कम्युनिटी हेल्थ गतिविधियों और सेवाओं को जांचा

**निरीक्षण**

**आदर्श ब्लॉक सेवापुरी पीएचसी, करधना हेल्थ वेलनेस सेंटर व मटुका आंगनबाड़ी केंद्र का किया भ्रमण**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सामुदायिक स्तर पर जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कराने और इसकी पहुँच बढ़ाने के उद्देश्य पहुंची बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) टीम ने दूसरे दिन बुधवार को आदर्श ब्लॉक सेवापुरी का दौरा किया । इस क्रम में टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेवापुरी, मटुका आंगनबाड़ी केंद्र और आयुष्मान भारत झ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर करधना प्रथम पर भ्रमण किया । उत्तर प्रदेश टेक्निकल सपोर्ट यूनिट (यूपीटीएसयू) की टीम ने सहयोग किया । इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ देवदत्त सिंह, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक अनूप कुमार मिश्रा, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र चौहान व ब्लॉक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबन्धक रानी पाल ने मरीजों को दी जा रही चिकित्सीय व स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी । बीएमजीएफ टीम सबसे पहले पीएचसी सेवापुरी पहुंची, जहां उसने ओपीडी में प्रदान की जा रही प्रसव पूर्व जांच, उच्च जोखिम गर्भावस्था महिलाओं की पहचान व चिन्हीकरण, आयरन सूक्रोज, परिवार कल्याण कार्यक्रम में बास्केट ऑफ चॉइस, अन्य सेवाओं व परामर्श के साथ कंगारू मदर केयर वार्ड, जेएसवाई वार्ड, प्रसव कक्ष, दवा काउंटर आदि सुविधाओं की सम्पूर्ण जानकारी ली । इस दौरान सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) के सहयोग से प्रदर्शित किए गए मीडिया कवरेज पर भी चर्चा की गई।

### कैबिनेट मंत्री ने किया खेल महोत्सव का शुभारंभ

**वाराणसी।** गड़ौली धाम में आयोजित तीन दिनी खेल महोत्सव का उद्घाटन बुधवार को सूबे के खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता आरंभ कार्यक्रम के दौरान ओएस बालकुंदन फाउंडेशन के संस्थापक सुनील ओझा की मुख्य उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह भी पहुंचे। शाम के सत्र में औराई विधायक दीनानाथ भास्कर मुख्य अतिथि थे। भाजपा के क्षेत्रीय प्रवक्ता नवरतन राठी ने जानकारी देत हुए बताया कि यहां आगामी 12 फरवरी को प्रस्तावित कन्यादान महायज्ञ की शुरुआत गुरुवार को तय रीति-रिवाज के अनुसार होगा। आयोजन में 1008 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। गड़ौली धाम में कन्यादान महायज्ञ की चल रही व्यापक तैयारियों के क्रम में 33 मंडप बनाये जा रहें हैं। प्रत्येक मंडप में 15-15 जोड़ों की शादी होगी। वहीं, दस सेल्फी प्वॉइंट बनाए गये हैं। दूसरी ओर, 11 फरवरी को यहां रुद्राभिषेक एवं अखंड रामायण पाठ होगा। धाम के प्रथम स्थापना दिवस 12 फरवरी को कन्यादान महायज्ञ का आयोजन है।

# इनरव्हील ने मनाया स्वर्ण जयंती



**वाराणसी।** इनरव्हील क्लब ऑफ वाराणसी साउथ का स्वर्ण जयन्ती समारोह स्वणार्भा बुधवार को भेलूपुर स्थित एक होटल में मनाया गया। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डा. वर्षा विनय कुमार व विशिष्ट अतिथि अर्चना बाजपेयी को सम्मानित किया गया। इनरव्हील क्लब की समस्त पदाधिकारी प्रयागराज एवं लखनऊ से आयी हुयीं थीं। सभी सम्मानित अतिथियों के सामने क्लब प्रेसीडेन्ट पूनम कपूर को गोल्डन कोलर पहनाकर सम्मानित किया। दो कैंसर पीड़ित महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। एक गरीब लड़की के विवाह के लिये जरूरी सामान उपलब्ध कराया गया। निःशुल्क सिलाई एवं ब्यूटीशियन कोर्स के लिये 20 लड़कियों को सर्टिफिकेट प्रदान किये गये।

### विद्यार्थी हित में बीएचयू की तीन इकाइयां पुनर्गठित

**वाराणसी।** बीएचयू के विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास व कल्याण के उद्देश्य से कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने विश्वविद्यालय में कैरियर, प्लेसमेंट, छात्र कल्याण व हित के उद्देश्य से संबंधित इकाइयों को आवश्यकता के अनुरूप पुनर्गठित किया है। ताकि विवि में अधिक से अधिक कैरियर केंद्रित गतिविधियां आयोजित कर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। नई व्यवस्था के तहत स्थापित इकाईयां कैरियर मार्गदर्शन, प्रशिक्षण तथा प्लेसमेंट प्रकोष्ठ, स्टूडेंट वेलनेस सेल तथा कौशल विकास प्रकोष्ठ कहलाएंगीं।

## ग्रामीण इलाकों में हाई स्पीड इंटरनेट सेवा के लिए लग रहा कनेक्शन

**वाराणसी।** ग्रामीण इलाकों में हाई स्पीड इंटरनेट सेवा देने के लिए कनेक्शन देने का कार्य चल रहा है। इसके प्रथम फेस का कार्य पूरा हो चुका है। अब द्वितीय फेस का कार्य तेजी से चल रहा है। इसमें द्वितीय फेस में सेवापुरी व राजातालाब के ग्रामीण इलाकों में हाई स्पीड इंटरनेट सेवा के लिए कार्य तेजी पर है। इसमें 399 रुपये में हाई स्पीड 50/60 एमपीएस की स्पीड आयेगी। जबकि बाजार में एक हजार रुपये में है। इसमें उपभोक्ताओं को हर उपकरण निःशुल्क मिलेगा। इसमें सिर्फ मासिक खर्च आयेगा। बीएसएनएल के पीआरओ अनीस सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सेवापुरी व राजातालाब महत्वपूर्ण गांव माना जाता है। इसके लिए यह प्रयास किया जा रहा है कि इन गांवों में हाई स्पीड इंटरनेट सेवा के लिए कनेक्शन दिया जाय। उन्होंने बताया कि अब तक 600 से 700 कनेक्शन लगाये जा चुके हैं।

# निगम की बसों की रात्रिकालीन सेवा बहाल

**वाराणसी।** घने कोहरे के चलते बीते दिनों उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों की बंद रात्रि कालीन सेवा को बहाल कर दिया गया है। अब रात में भी बसें चल सकेंगी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने नवम्बर माह के अंतिम सप्ताह से अपनी रात्री कालीन बस सेवा को बंद कर दिया था। निगम का मानना था कि घने कोहरे के चलते रात्रि में दृश्यता कम हो जाती थी जिससे सड़कों पर हादसे भी हो रहे थे, यात्रियों के जानमाल की सुरक्षा को ध्यान में रखकर निगम की ओर से रात्री कालीन बस की सेवा बंद कर दी गयी थी, निगम की ओर से यह भी निर्देश दिया गया था कि बस संचालन के दौरान रास्ते में जहा भी कोहरा दिखे बस को पास के ही डिपो, पुलिस थाना या फिर किसी ढाबे पर खड़ी कर दी जाए, कोहरा छटने या फिर सुबह होने पर ही बस को संचालित किया जाए।

**बहाली पर बोले यात्री:** निगम बस के रात्रि कालीन सेवा बहाली पर नदेसर के सत्यम ने कहा कि वह लखनऊ वाराणसी के बीच पतंगों का व्यापार करते हैं, दिन भर मार्केट करने के बाद रात को बस से लखनऊ पहुंच जाते थे फिर दिन भर कार्य कर रात को वाराणसी के लिए चल देते थे,ऐसे में उनका एक दिन का समय बच जाता था, वहीं पेशे से एमआर भेलूपुर निवासी सरीन का कहना था कि कंपनी की मीटिंग के लिए दिन में कार्य कर रात में ही जाना हो पाता था सेवा बहाली से अब सुविधा हो गयी।



> घने कोहरे में दृश्यता कम होने के चलते निगम बस की रात्रि सेवा को बंद कर दी गई थी, अब कोहरा खत्म है तो इस सेवा को बहाल कर दिया गया है।
>
> **अजीत सिंह, जनसम्पर्क अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम**

# क्षेत्र पंचायत सदस्य की खाली सीटों के लिए मतदान आज

**उप चुनाव**

**चिरईगांव एवं आराजी लाइन ब्लॉक मुख्यालयों से बूथों पर पहुंचीं पोलिंग पार्टियां**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जनपद में क्षेत्र पंचायत सदस्य यानि बीडीसी के खाली चल रहे दो पदों पर हो रहे उपचुनाव के लिए गुरुवार को मतदान होगा। सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। आराजी लाइन ब्लॉक के दरेखूं और चिरईगांव विकास खंड के सीवों की सीट पर होने वाले इस बाई इलेक्शन के लिए बुधवार को दोनों ब्लॉक मुख्यालयों से पोलिंग पार्टियां अपने-अपने बूथों पर पहुंच गईं। साथ ही मतदान कराने के लिए आवश्यक तैयारियों में जुट गये।

आराजी लाइन के दरेखूं वार्ड नंबर-163 के क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर वोटिंग के लिए गांव में स्थित लालबहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज के कक्ष संख्या-1 एवं 2 को पोलिंग बूथ बनाया गया है। दोनों बूथों पर क्रमशः 730 और में 769 वोटर हैं। जबकि चिरईगांव ब्लॉक के सीवों वार्ड नंबर-66 की रिक्त बीडीसी सीट के लिए गांव की प्राथमिक पाठशाला के कक्ष संख्या , 2 व 3 को मतदेयस्थल बनाया गया है। यहां क्रमशः 826, 646 और 295 मतदाता हैं। सीवों के लिए आरओ अपर उपजिलाधिकारी सदर ज्ञान प्रकाश, जोनल मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर जयदेव सीएस एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट चोलापुर के बीडीओ अशोक कुमार चौरसिया बनाए गये हैं।

इधर, दरेखूं के लिए आरओ के तौर पर एसीएम प्रथम सुरेंद्र बहादुर सिंह, जोनल मजिस्ट्रेट एसडीएम राजातालाब गिरीश कुमार द्विवेदी और सेक्टर मजिस्ट्रेट एनटी राजातालाब श्याम नारायण तिवारी को बनया गया है। चिरईगांव प्रतिनिधि के अनुसार सीवों के मतदेय स्थलों पर बुधवार को दोपहर बाद पोलिंग पार्टियां पहुंचीं।

एआरओ हवलदार यादव ने बताया कि मतदान समाप्त होने के बाद बैलेट बॉक्स कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच विकास खंड मुख्यालय के स्ट्रांगरूम में रखे जाएंगे।

रोहनिया प्रतिनिधि के मुताबिक दरेखूं सीट के लिए लालबहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज में बनाए गये बूथों पर पोलिंग पार्टियां पहुंचीं। यहां सायंकाल मोहनसराय चौकी प्रभारी शिवानंद सिसोदिया ने गांव का चक्रमण कर मतदान में शांतिपूर्ण ढंग से हिस्सा लेने की अपील की।



जनपद में बीडीसी के खाली पदों पर हो रहे उपचुनाव के लिए बुधवार को पोलिंग पार्टियां बूथ पर पहुंच गईं

**सूचना**

श्री गुलाब चन्द श्रीवास्तव पुत्र स्व0 [illegible] लाल नि0 D59/142 A-21 [illegible] नगर कालोनी, सिगरा वाराणसी, सम्पत्ति [illegible] वर्ग फीट आराजी-805, [illegible] तहसील व जिला चन्दौली का मालिक है जिसके [illegible] - [illegible] निवासी - [illegible], पो0- मुगलसराय, [illegible] तहसील व जिला-चन्दौली, वर्तमान पता- म. नं. 641, [illegible], पो0- मुगलसराय, [illegible] चन्दौली, [illegible]- श्रीमती [illegible] श्रीवास्तव पत्नी गुलाब चन्द्र श्रीवास्तव, नि. - [illegible], पो.- [illegible], प्र.- [illegible], तहसील व जिला- चन्दौली, वर्तमान पता - D59/142 A-21 [illegible] नगर कालोनी, सिगरा वाराणसी। इन्द्राज - बही नं. - 1, जिल्द नं. - 1575, पेज नं.-393/410, [illegible] नं.-1024, दिनांक 09.03.2006, उप निबन्धक चन्दौली, [illegible] शाखा सिगरा, वाराणसी उपरोक्त सम्पत्ति पर गृह ऋण जारी कर रही है जिस किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था को आपत्ति है तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे अधिवक्ता ए.पी.सिंह 9555976638 या मैनेजर 9415545539 से सम्पर्क करें अन्यथा समय सीमा बीतने के पश्चात कोई भी दावा स्वीकार न होगा।



# वाराणसी भास्कर




जनसंदेश टाइम्स की 11 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई

रोहित हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर

गुरुनानक स्कूल के पास, पंचकोसी चौराहा, बाईपास रोड, शिवपुर-वाराणसी

Mob.9453904966, 7398534006

उपलब्ध विभाग एवं सुविधाएं

अस्थि रोग

हड्डी एवं नस रोग, ज्वाइंट लिगामेण्ट एवं टेण्डन रिपेयर, दुर्घटनाओं में गम्भीर चोट, हड्डी फ्रैक्चर, नेलिंग प्लेटिंग प्रास्थेसिस, इण्टरलाकिंग (इन्टरनल एवं एक्सटरनल) फिक्सेसन मैनुअल तथा कुल्हा एवं घुटना को बदलना।

वेन्टीलेटर युक्त आई. सी. यू. एवं सी. आर्म. मशीन द्वारा हड्डी का आपरेशन

जनरल सर्जरी

हार्निया, हाइड्रोसील, बवासीर, भगंदर, एपेन्डिक्स, पित्त की थैली में सूजन व पथरी आँत में छेद, आँत फैलने, पेट के ट्यूमर आदि का आपरेशन।

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी (दूरबीन विधि से गाल ब्लेडर एवं अपेन्डिक्स का आपरेशन बिना चिरा के

जनरल मेडिसिन

साँस, दमा, टी.बी., फेफड़ों का संक्रमण व पानी भरना। उच्च/निम्न रक्त चाप एवं ब्लड सुगर एवं उदर सम्बन्धित रोगों का इलाज। नाक, कान, गला सम्बन्धित बिमारियों का परामर्श एवं चिकित्सा

स्त्री एवं प्रसूती रोग

बच्चेदानी का आपरेशन, ट्यूमर, ज्यादा खून आना एवं पानी जाना, माहवारी के रोग गर्भवती महिला का परीक्षण, नसबन्दी आपरेशन एवं गर्भधारण न होना बार-बार गर्भ का गिर जाना आदि अन्य बिमारियों का समुचित इलाज।

मुख एवं दन्त रोग विभाग

कास्मेटिक लेजर फिलिंग, दाँतों के नसों का इलाज, अल्ट्रासोनिक द्वारा दाँतों की सफाई, सी.डी.और आर.पी.डी. मुख के रोगों का इलाज, दाँतों की ब्लीचिंग

न्यूरो मेडिसीन एवं सर्जरी

मस्तिष्क ज्वर, मस्तिष्क टी.बी., मिर्गी का दौरा, लकवा, ब्रेन हैमरेज, सिरदर्द (माइग्रेन) दिमाग में गाँठ, हाइड्रोसिफेलस, हेड इन्जरी आदि का इलाज

यूरो सर्जरी

प्रोस्टेट, गुर्दे एवं पेशाब की थैली एवं पेशाब की नली की पथरी पेशाब के रास्ते में सिकुड़न व चोट आदि का आपरेशन

प्लास्टिक सर्जरी

आग व पानी से जलने, जलनेसे सिकुड़न, स्कीन ग्राफ्टिंग, जन्मजात कटे होंठ तालू व अन्य बिमारियों का आपरेशन ए.सी.बर्न यूनिट।

पैथालॉजी, मेडिकल, एक्स-रे एवं एम्बुलेन्स की सुविधा

डा. रोहित कुमार सिंह M.B.B.S., DNB (Ortho)

डा. अर्चना सिंह B.A.M.S., P.G.D. (Gynae) BHU स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

डा. शोभनाथ सिंह प्रबन्ध निदेशक

WE ARE OPEN 24 HOURS


# वैकल्पिक ऊर्जा की योजना में बैंक दें लोन

**कार्यशाला**

## सोलर एनर्जी में निवेश विषयक वर्कशॉप में सीडीओ हिमांशु नागपाल ने दिलाया ध्यान

**वाराणसी।** जनपद के मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने कहा है कि वर्तमान परिवेश में ऊर्जा दक्षता एक अत्यधिक आवश्यक मुद्दा है। इससे समय-समय पर केंद्र सरकार के साथ ही साथ राज्य सरकारें भी विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये उद्योगों समेत आम लोगों को जागरूक करती रहती हैं। ऊर्जा की खपत कम करने के लिये शासन कई प्रकार के स्कीम लागू करता है। उन स्कीमों का योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के लिए बैंक भी आगे आकर निर्धारित लोन प्रक्रिया में योगदान दें।मलदहिया क्षेत्र स्थित एक होटल में बुधवार को वैकल्पिक ऊर्जा या सौर ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश विषयक एक कार्यशाला में सीडीओ मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऊर्जा की खपत को घटाने के लिए नई-नई तकनीकें लागू करने के लिए इनवेस्टमेंट की जरूरत होती है। इसके लिये बैंकों से लोन की आवश्यकता दिया जाता है। लेकिन पर्याप्त जानकारी के अभाव में बैंक प्रायः ऋण देने में स्वयं असहाय महसूस करती हैं। श्री नागपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए पीएम के विजन को सफल बनाने का आह्वान किया। वर्कशॉप में यूपी नेडा के वरिष्ठ ऊर्जा सलाहकार आशीष रंजन श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में मौजूद बैंकों के अधिकारियों से आग्रह किया गया कि ऊर्जा दक्ष प्रोजेक्ट को लोन देने के लिए बैंक आगे आएं। ताकि उत्तर प्रदेश में केंद्र व राज्य सरकारों की ओर से किये जा रहे प्रयासों में तेजी आ सके। कार्यशाला में बीईई भारत सरकार के निदेशक सुनील खंडारे, यूपीनेडा वाराणसी के प्रभारी परियोजना अधिकारी प्रेम प्रकाश सिंह एवं सिडबी के रितेश कुमार आदि ने भी कई बिंदुओं की ओर ध्यान दिलाया। आयोजन में कई संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति भी रही।


जनसंदेश टाइम्स की 11वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं

अतिथि देवो भवः

काशी में पर्यटन, धर्म और संस्कृति के लिए समर्पित

स्वागतम काशी फाउण्डेशन



अभिषेक शर्मा


सदस्य जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद वाराणसी एवं संयोजक स्वागतम काशी फाउण्डेशन-वाराणसी (यू.पी.)



जनसंदेश टाइम्स की 11th वर्षगांठ पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

महिला सशक्तिकरण, दिव्यांग जनों के पुनर्वास, महिला एवं किशोरी स्वास्थ्य, महिलाओं के आजीविका के लिए हमेशा प्रयत्नशील




जन विकास समिति

मुर्दहा, वाराणसी

फादर

चंद्रन रैमंड्स



निदेशक जन विकास समिति मुर्दहा, वाराणसी



जनसंदेश टाइम्स की 11th ANNIVERSARY वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

यू0 पी0 बोर्ड का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय

VIKAS SHIKSHA SAMITI VARANASI ESTD. 2000

विकास इंटर कालेज

परमानन्दपुर, (नटिनियाँमाई), शिवपुर, वाराणसी

प्रवेश प्रारम्भ

विकास की माटी, विकास का दम। आओ मिलकर पढ़ें हम।।

यू0 पी0 बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परिक्षार्थीयों को हार्दिक शुभकामनाएं



Dr. A. K. Singh

Chairman
Vikas Educational Group
Vice President
Handball association UP
Executive Vice President
Varanasi Olympic Association
President
Hockey Association
President
Varanasi Rowing Association
Joint Secretary
Varanasi Wrestling Association



श्री आर. एन. सिंह

संस्थापक/पथ प्रदर्शक



फोन नं.: 0542-2290000, 7376565315

E-mail : vikasintercollege1190@gmail.com

Website : www.vssgroups.org

# वाराणसी में 500 बेड का बनेगा अस्पताल

**खुशखबरी**

### जापान की कम्पनी स्वास्थ्य में करेगी बड़ा निवेश

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट के जरिए होगा निवेश

**वाराणसी।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में वाराणसी में हेल्थकेयर के क्षेत्र में एक बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट) होने जा रहा है। दुनिया के करीब 70 देशों में अस्पतालों का चेन चलाने वाली जापान की निप्पन फार्मास्यूटिकल कंपनी लिमिटेड का वाराणसी के कबीरचौरा स्थित कबीर मठ मूलगादी ट्रस्ट के साथ करार हुआ है। संत कबीर सुपर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के नाम से शिवपुर में विश्वस्तर का अस्पताल खुलेगा। 500 बेड के इस अफोर्डबल अस्पताल में करीब 200 बेड पर निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा होगी।

### दो हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

कबीर मठ के महंत आचार्य संत विवेक दास ने बताया कि संत कबीर सुपर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल अफोर्डेबल अस्पतला होगा। यहाँ काफी सस्ते में इलाज होगा और मठ की ओर से गरीबों का निशुल्क इलाज किया जाएगा। यहां एयर एम्बुलेंस के जरिए पूर्वांचल के सुदूर क्षेत्रों में मरीजों को लाया जाएगा। इस हाईटेक अस्पताल के खुलने से सीधे तौर पर 2000 लोगों को रोजगार मिलेगा, जबकि अपरोक्ष रूप से भी हजारों लोगों के लिए व्यापार व रोजगार के अवसर सृजित होंगे। साथ ही आधुनिक और बेहतर इलाज मिलने से पूर्वांचल के लोगों को दिल्ली, मुंबई और अन्य महानगरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

### 5 एकड़ में 557.84 करोड़ से बनेगा अस्पताल

उत्तर प्रदेश कि योगी सरकार के प्रयासों से वाराणसी में जापान से स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ा निवेश होने जा रहा है। करीब 557.84 करोड़ के निवेश से संत कबीर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनेगा। प्रोजेक्ट को कोर्डिनेट कर रही एसेट प्रबंधन कंपनी प्लानर इंडिया ने बताया कि फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट के तहत शिवपुर में कबीर मठ मूलगादी ट्रस्ट के करीब 5 एकड़ जमीन पर 500 बेड का अस्पताल बनेगा। 10 मंजिल के अस्पताल में दुनिया की सबसे बेहतर सुविधा मिलेगी। अस्पताल में एयर एम्बुलेंस व हेलीपैड भी होगा। निप्पन स्वास्थ्य व फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में जापान की अग्रणी कंपनियों में से एक है। अस्पताल में 20 से अधिक विभाग होंगे जहां करीब हर तरह के रोगियों का इलाज होगा। निर्माण का शुरू होने के करीब दो साल बाद अस्पताल बन कर तैयार कर लेने का प्रस्ताव है।

### मानसिक चिकित्सालय में पैथॉलॉजिस्ट तैनात

**वाराणसी।** जिलाधिकारी के आदेश पर पांडेयपुर स्थित मानसिक चिकित्सालय में पैथालॉजिस्ट की तैनाती की गयी है। इस संदर्भ में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि मानसिक चिकित्सालय में पैथालॉजी जांच से सम्बन्धित समस्त पदों को शासन स्तर से सृजित होने की प्रत्याशा में जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार स्थानीय उपलब्धता के आधार पर एक पैथालॉजिस्ट व एक एलटी (संविदा) को कार्य करने हेतु तैनात कर दिया गया है। उक्त टीम द्वारा मरीजों का सैम्पल इकट्ठा करते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय में स्थापित लैब से जांच की कार्यवाही की जा रही है। चिकित्सालय के आईपीडी एवं ओपीडी में आने वाले मरीजों को चिकित्सालय में उपलब्ध औषधियां उपलब्ध करायी जाती हैं। यदि चिकित्सालय में कोई औषधि उपलब्ध नहीं है, तो चिकित्सालय परिसर में ही अवस्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र की दवायें लिखी जाती हैं। एक्सरे व सीटी स्कैन की सुविधा चिकित्सालय में उपलब्ध नहीं है। जिसके लिए मरीजों को परिसर के बगल में ही अवस्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय में जांच हेतु संदर्भित किया जाता है।

# डॉ. सैगल ने बांग्लादेश में दिया व्याख्यान

जनसंदेश न्यूज

**सम्मेलन**

### एच.टी.ओ प्लेट के बारे में लोगों को बताया


डॉ. अजीत सैगल

**वाराणसी।** बांग्लादेश ऑथोर्पेडिक सोसाइटी के 36वीं वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय ऑथोर्पेडिक सम्मेलन में अट्ठारह सौ से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय अस्थि रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। 30 से अधिक अंतरराष्ट्रीय संकायों ने अपने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। सम्मेलन में पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ अजीत सैगल ने भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत योजना के अंतर्गत अपने द्वारा इन्वेंट किए हुए स्वदेशी डॉक्टर सैगल' एच.टी.ओ. प्लेट का प्रदर्शन किया। यह प्लेट भारत सरकार द्वारा पेटेंट है। डॉ सैगल ने एच.टी.ओ प्लेट के बारे में लोगों को बताया कि यह ग्रेड 3 के आस्टियोआर्थराइटिस में घुटने के नीचे से हड्डी को काटकर एक ब्लॉक के जरिए इस प्लेट को फिक्स किया जाता है, जिससे पैर सीधा हो जाता है और घुटना बदलने से बच जाता है। इसे मीडियल ओपन वेज हाई टीबयल ओस्टियोटोमी कहते हैं। डॉक्टर सैगल से वहां पर उपस्थित कई अस्थि रोग विशेषज्ञों द्वारा इस प्लेट के बारे में प्रश्न पूछे गए व जिज्ञासा जाहिर की गई। जिसे डॉ सैगल ने सभी के प्रश्नों का उत्तर दे कर उनके जिज्ञासाओं को शांत किया। बांग्लादेश आथोर्पेडिक सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर मोहम्मद मोयन ने इस प्लेट को बहुत ही सराहा और बधाई दी। निटोर के निदेशक डॉ गनी मुल्लाह ने कहा कि यह प्लेट गरीब रोगियों के लिए वरदान साबित होगी।

**संक्षेप**

### सीडीओ के निर्देश के आड़े आ रहा धनाभाव!



चिरईगांव। करीब सवा महीना बीतने के बाद भी सीडीओ हिमांशु नागपाल के निर्देश की अनदेखी हो रही है। बीते 28 दिसंबर को स्थानीय चिरईगांव के निरीक्षण पर पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी ने गांव के हनुमान तालाब और आसपास फैली गंदगी को दो सप्ताह के भीतर हटाने और साफ-सफाई कराने को कहा था। लेकिन अबतक स्थिति जस की तस बनी हुई है। श्री नागपाल ने तालाब पर हुए अतिक्रमण को हटवाने और क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत करवाने के निर्देश भी दिये थे। गत 30 दिसंबर गांव में पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के सामने भी ग्रामीणों ने इन समस्याओं की ओर ध्यान दिलाया था। बुधवार तक न तो सीडीओ के संबंधित निर्देशों का पालन दिखा और न ही उप मुख्यमंत्री से लगायी गयी गुहार का कोई असर। पूछे जाने पर एडीओ पंचायत कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि यह तालाब बहुत गहरा है। उसमें पुलिया का सीवर गिर रहा है। इसकी साफ-सफाई में बजट की समस्या है। अतिक्रमण हटवाने की जिम्मेदारी राजस्व विभाग की है।

### उदय प्रताप कॉलज में स्पेशल कैंप शुरू



वाराणसी। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के तहत बुधवार को उदय प्रताप कॉलेज, में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। जिसका विषय प्राकृतिक आपदा चुनौती, समाधान एवं पूर्व प्रबंधन था। हाल ही में आए भूकंप से प्रेरित इस थीम पर स्वयं सेवक व स्वयंसेविकाओं को जागरूक किया गया। प्राकृतिक आपदाएं कभी भी आ सकती हैं और किसी के भी साथ ये घटना घटित हो सकती है। ऐसे समय में हम क्या करें और कैसे सुरक्षित रहें और अपने आस पास लोगों को कैसे सुरक्षित रखें। प्रथम दिवस पर प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने स्वयं सेवकों से अपना अनुभव सांझा किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, के समन्वयक प्रो. कृष्ण कुमार सिंह और प्रो. शशिकांत द्विवेदी ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुमार राय (प्रभारी), डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. संजीव कुमार सिंह, डॉ. सपना सिंह, डॉ. मयंक सिंह, डॉ. देव नारायण सिंह आदि उपस्थित रहे।

### काशी विद्यापीठ के एलएलएम एंट्रेंस में 198 छात्र बैठे



वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में एलएलएम की प्रवेश परीक्षा बुधवार को संपन्न हो गई। कुल 390 छात्रों में से परीक्षा में 198 छात्र बैठे और 192 छात्र अनुपस्थित रहे। जगतपुर कॉलेज में 79, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ 48 और यूपी कॉलेज में 65 छात्र अनुपस्थित भी रहे हैं। कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी स्वयं तीनों परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे और निरीक्षण किया।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का उद्घाटन



रोहनिया। नरसड़ा के पंचायत भवन पर बुधवार को राजकीय महाविद्यालय जक्खिनी के स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमाशंकर गुप्ता ने की। प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य लक्ष्य स्वयं सेवकों के व्यक्तित्व एवं चरित्र का निर्माण है। स्वयंसेवक सामुदायिक भावना से प्रेरित होकर श्रमदान, साफ सफाई, स्वच्छता, साक्षरता, बालिका शिक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम में बढ़कर प्रतिभाग करें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आनंद सिंह ने स्वयंसेवको को राष्ट्रीय सेवा योजना के संक्षिप्त इतिहास और उसके उद्देश्य से परिचित कराया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. कामना सिंह, डॉ. केके उजाला, अजय कुमार वर्मा, शशि प्रभा गौतम उपस्थित रही।

### विद्यालय परिसर में छात्र घायल

रोहनिया। महगांव स्थित कंपोजिट विद्यालय में बुधवार को कक्षा छह में पढ़ने वाला छात्र हिमांशु कनौजिया शौचालय का दरवाजा बंद होने के कारण चहारदीवारी लांघ कर खुले में शौच करने गया था। वापस आते समय वह चारदीवारी लांघ कर ही आ रहा था। दिवार पर उसका पैर फिसला तो वह विद्यालय की गेट पर लगे नुकिले लोहे पर गिर पड़ा। नुकीला लोहे से बच्चे को गले में चोट लग गयी। जिसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जक्खिनी में प्राथमिक इलाज करके उसे मंडलीय अस्पताल भेज दिया गया।

### केस दर्ज होने पर 'आप' पदाधिकारियों में रोष

वाराणसी। बीते मंगलवार को आम आदमी पार्टी की ओर से गुरुधाम स्थित प्रधानमंत्री के जनसंपर्क कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन के बाद संगठन के कई कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किये जाने पर पार्टी पदाधिकारियों ने नाराजगी जतायी। 'आप' काशी प्रांत अध्यक्ष पवन तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता मुकेश सिंह, जिलाध्यक्ष रमाशंकर पटेल, महानगर अध्यक्ष अखिलेश पांडेय और जिला मीडिया प्रभारी घनश्याम पांडेय ने संयुक्त बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें उन्होंने कहा है कि संगठन के कार्यकर्ताओं के खिलाफ धारा 188 के तहत केस दर्ज करना दर्शाता है कि शासन-प्रशासन किसी भी कीमत पर विरोध को बर्दाशत करने की स्थिति में नहीं है। भ्रष्टाचार के खिलाफ जनहित की आवाज उठाने वाली आम आदमी पार्टी पर मुकदमा करना निंदाजनक है।

### धर्मेंद्र और दीपक वीडीए के अंबेसडर नामित

वाराणसी। जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन को देखते हुए विकास प्राधिकरण (वीडीए) की ओर से बुधवार को नगर के सौंदर्यीकरण के लिए समाजसेवी धर्मेंद्र त्रिपाठी और दीपक अस्थाना वीडीए का अंबेसडर नामित किया गया। नामित किए गए अंबेसडर नगर के सौंदर्यीकरण के लिए क्षेत्र में सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से गृह स्वामियों, आवासियों व व्यापारियों आदि को अपने घरों, दुकानों और आस-पास के क्षेत्रों को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए अभिप्रेरित करेगें।

### गोविंद बजाज अध्यक्ष एवं जगदीश राठी मंत्री बने

**वाराणसी।** माहेश्वरी परिषद वाराणसी के वर्ष 2023 का चुनाव बुधवार को स्थानीय महमूरगंज स्थित माहेश्वरी भवन में चुनाव अधिकारी गौरीशंकर नेवर की देखरेख में संपन्न हुआ। परिषद के पूर्व प्रचार मंत्री व कार्यसमिति सदस्य गौरव राठी के अनुसार सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर गोविंद बजाज, मंत्री पद पर जगदीश राठी, कोषाध्यक्ष पद पर सुशील दमानी उपाध्यक्ष राजेश गट्टानी, संगठन मंत्री रवि सारडा, संयुक्त मंत्री राकेश दरक, भंडार मंत्री मनीष सोमानी, प्रचार मंत्री रितेश खटोड़ एवं औषधालय मंत्री कृष्ण कुमार काबरा को चुना गया।

# 250 रुपए में खुलवाएं बेटी का सुकन्या समृद्धि खाता

**योजना**

### बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए डाक विभाग की विशेष पहल

### सुकन्या समृद्धि योजना के लिए आज से विशेष अभियान

> आजादी का अमृत काल में बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए 10 साल तक की हर बालिका का सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाना इस अभियान का उद्देश है। मात्र 250 से खुलने वाला सुकन्या समृद्धि योजना सिर्फ निवेश का ही एक माध्यम नहीं है, बल्कि यह बालिकाओं के उज्ज्वल व समृद्ध भविष्य से भी जुड़ा हुआ है। इसमें जमा धनराशि पूर्णतया बालिकाओं के लिए ही होगी, जो उनकी शिक्षा, कैरियर एवं विवाह में उपयोगी होगी। यह योजना बालिकाओं के सशक्तिकरण के द्वारा भविष्य में नारी सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देगी।
>
> - कृष्ण कुमार यादव, पोस्टमास्टर जनरल, वाराणसी परिक्षेत्र

**वाराणसी।** डाक विभाग 9 और 10 फरवरी को बेटियों के सुकन्या समृद्धि योजना खाते खुलवाने का अभियान चलाएगा। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि इस अवसर को यादगार बनाने के लिए 'अमृतपेक्स प्लस' के तहत बालिकाओं के सशक्तिकरण के क्रम में 9 और 10 फरवरी को सुकन्या समृद्धि खाता खोलने का अभियान चलाया जायेगा। आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के मद्देनजर देश भर में 7.5 लाख बालिकाओं के खाते डाकघरों में खोले जायेंगे। पूरे उत्तर प्रदेश में लगभग 90 हजार और वाराणसी परिक्षेत्र में 9 हजार बेटियों का खाता खोलने का लक्ष्य दिया गया है। लोग नजदीकी डाकघरों में जाकर अपने बेटियों का सुकन्या खाता खुलवा सकते हैं, वहीं डाक विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर शिविरों का भी आयोजन किया जायेगा। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि 10 साल तक की बालिकाओं का मात्र 250 से डाकघर में खुलने वाला सुकन्या समृद्धि योजना सिर्फ निवेश का ही एक माध्यम नहीं है, बल्कि यह बालिकाओं के उज्ज्वल व समृद्ध भविष्य से भी जुड़ा हुआ है। इसमें ब्याज दर 7.6 प्रतिशत है। खाता खोलने की तिथि से 15 साल तक ही राशि जमा होती है। बालिका के 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने अथवा 10वीं कक्षा पास कर लेने के उपरांत जमा राशि का 50 प्रतिशत निकाला जा सकता है। खाते की परिपक्वता अवधि खाता खोलने की तारीख से 21 वर्ष है, तथापि बालिका द्वारा 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के बाद विवाह के समय बंद किया जा सकता है। इसमें जमा धनराशि पूर्णतया बालिकाओं के लिए ही होगी, जो उनकी शिक्षा, कैरियर एवं विवाह में उपयोगी होगी। बेटी के जन्म पर उसके नाम मासिक 1000 रुपए से सुकन्या समृद्धि खाता खोलने पर 15 साल तक मात्र 1 लाख 80 हजार रुपए जमा करने होंगे। 21 वर्ष की आयु में खाता परिपक्व होने पर बेटी को 5 लाख 10 हजार रुपए मिलेंगे यानी 3 लाख 30 हजार रुपए ब्याज के रूप में प्राप्त होंगे। वाराणसी मंडल के प्रवर डाकघर अधीक्षक राजन ने बताया कि खाता खुलवाने के लिए बालिका का जन्म प्रमाण पत्र, अभिभावक के पते और पहचान का प्रमाण पत्र और अभिभावक की दो फोटो की आवश्यकता होती है। इस खाते में एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम राशि 1.50 लाख तक का निवेश किया जा सकता है और जमा धनराशि व अर्जित ब्याज पर आयकर छूट भी है।

### 24 घंटे जन औषधि केंद्र संचालित

वाराणसी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि जिला महिला चिकित्सालय में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का उद्घाटन गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया गया था अब मरीजों की सुविधा को देखते हुए इस औषधि केन्द्र की सेवा 24 घंटे संचालित होगी। बताया कि प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के संचालक से इसे 24 घण्टे संचालित करने हेतु वार्ता की गयी, जिस पर संचालक द्वारा एक सप्ताह का समय मांगते हुए जनऔषधि केन्द्र को 24 घण्टे संचालित किये जाने की सहमति दी गयी।

# डॉक्टरों व कर्मचारियों के वेतन रोकने का आदेश


निरीक्षण में डाक्टरों व हेल्थ कर्मियों से बात करते सीएमओ

**निरीक्षण**

### सीएमओ द्वारा डीडीयू चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान गैरहाजिर मिले थे चिकित्सक व कर्मी

**वाराणसी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप चौधरी ने बुधवार को पं. दीनदयाल चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई चिकित्सक व चिकित्साकर्मी गैरहाजिर मिले। उन्होंने सभी के वेतन रोकने का आदेश दिया। बुधवार की सुबह पं.दीनदयाल उपाध्याय राजकीय अस्पताल पहुंचे सीएमओ डॉ.संदीप चौधरी ने सबसे पहले वहां चिकित्सकों के उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया। सीएमओ ने वार्डो का भी निरीक्षण किया और भर्ती रोगियों के बारे में अधीक्षक से जानकारी लेते हुए बेहतर सुविधा देने हेतु निर्देशित किया। कर्मचारियों के ड्रेस कोड पर भी उन्होंने सख्ती दिखाते हुए कहा कि सभी चिकित्साधिकारी एवं कर्मचारी अपनी ड्यूटी के समय निर्धारित ड्रेस कोड में अपने कक्ष में बैठ कर कार्य सम्पादित करे। चिकित्सालय में समस्त कर्मियों की उपस्थिति समयानुसार सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। चिकित्सालय में सभी ड्यूटियां ड्यूटी रोस्टर के अनुसार सम्पादित की जाय तथा उनका डिस्प्ले भी किया जाय। मरीजों एवं उनके परिजनो हेतु शुद्ध पेय जल की व्यवस्था करने तथा मरीजों के लिये स्ट्रेचर एवं व्हीलचेयर की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाय।

### ये चिकित्सक रहे अनुपस्थित

डॉ. राजेश कुमार सिंह ईएमओ, डॉ. अर्चना सिंह डॉ. राजेश्वरी सिंह, डॉ. ज्योति ठाकुर, डॉ. जान्हवी सिंह, डॉ. प्रितेश जायसवाल, मुनीर अहमद चीफ फार्मासिस्ट, प्रकाश सिंह, एआरटी सेंटर की अनिता गोंड काउंसलर,अर्चना उपाध्याय काउंसलर सुष्मिता तिवारी काउंसलर, अजीत कुमार कश्यप डाटा प्रबंधक, मयंक चौबे स्टाफ नर्स आईसीटी सेंटर के नौशाद अली एलटी, डॉ. सुनील कुमार सिंह, कार्यालय से वकील अहमद इले. कम जन. आपरेटर सत्येन्द्र कुमार सिंह एलएलए. विभांशु सिंह एसएलए राजेन्द्र कुमार एसएलए अजय कुमार सिंह फार्मासिस्ट, प्रदीप तिवारी ( सम्बद्ध ) फार्मासिस्ट, ब्लड बैंक के डॉ. विजेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. मुकेश पाठक ई०एमओ, डॉ. नरेन्द्र मौर्या ईएमओ कंचन लता सिंह रवि कुमार पाण्डेय, देवेन्द्र नाथ यादव वरिष्ट लैब टेक्नीशियन, निरंजन कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन, मनोज राय एलटी नाको, अजय कुमार सिंह फार्मासिस्ट, मनोज कुमार उपाध्याय डार्करूम सहायक तथा अंतिमा देवी डार्करूम सहायक अनुपस्थित रहे। देवर्षि राय वैन्टीलेटर ऑपरेटर अच्छे श्रीवास्तव तथा डॉ. नाजिता अख्तर अनुपस्थित पाये गये। ट्रामा सेन्टर से प्रवीन पाण्डेय अनुपस्थित पाये गये। टेलीमेडिसिन के डॉ. एकता गुप्ता, डॉ. दीपिका चतुर्वेदी पैथालॉजिस्ट तथा डॉ. आभा पाण्डेय, डॉ. निहारिका मौर्या दन्त शल्यक अनुपस्थित रही।

## छात्रसंघ चुनाव के लिए छात्र जाएंगे लखनऊ

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ में बुधवार को छात्रों का एक प्रतिनिधि मंडल छात्रसंघ चुनाव कराये जाने के संबंध में कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी से मिला। कुलपति ने छात्रों की मांग पर उनको बताया कि छात्रसंघ चुनाव के संबंध में प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, लखनऊ से शिक्षकों एवं छात्रों का एक प्रतिनिधि मंडल वार्ता करने के लिए लखनऊ जायेगा। उक्त प्रतिनिधि मंडल में कुल पांच सदस्य होगें। छात्रों ने विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस एवं युवा महोत्सव ₹उमग-2023₹ को दृष्टिगत रखते हुए लखनऊ जाकर वार्ता करने पर अपनी सहमति के साथ युवा महोत्सव एवं विश्वविद्यालय स्थापना दिवस समारोह में अपनी सक्रिय सहभागिता के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। छात्रों के प्रतिनिधि मंडल में विवेक कुमार सिंह, अखिलेश यादव, साहिल यादव, अभिषेक मौर्यो, करन प्रजापति, रितिक सिंह, आकाश सोनकर, शशांक प्रजापति, ओम जीत सिंह, रिशु, केशव और कनिष्क आदि मौजूद रहे।

# बचाव के लिए एनडीआरएफ की टीम तुर्की रवाना



**बाबतपुर।** लालबहादुर शास्त्री अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे से राष्ट्रीय आपदा बचाव दल एनडीआरएफ की 51 सदस्यीय दल बुधवार को तुर्की के लिए रवाना हुआ। इस विशेष दल का नेतृत्व डिप्टी कमांडेंट अभिषेक कुमार राय कर रहे हैं। तुर्की में आये महाविनाशकारी भूकंप से हुए जान माल की हानि को देखते हुए राहत व बचाव कार्य हेतु वारणसी के एनडीआरएफ 11वी बटालियन से 51 सदस्यीय दल चौकाघाट स्थित कैम्प कार्यालय से सुबह हवाई अड्डे पर पहुंची। यहां से वायुसेना के विशेष विमान से 10 :30 बजे राहत व बचाव कार्य के लिए उड़ान भरा। आपदा काल में राहत व बचाव कार्य मे पूरी तरह से दक्ष वाराणसी की यह 51 सदस्यीय दल प्रशिक्षित डॉग स्क्वायड और आधुनिक खोज एवं अत्याधुनिक बचाव उपकरणों से लैस है यह दल हर विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए तटस्थता पूर्वक राहत व बचाव कार्य करने में दक्ष है। दल का नेतृत्व कर रहे अभिषेक कुमार राय ने बताया कि 11वी एनडीआरएफ वाराणसी की यह टीम आपदा काल मे राहत व बचाव कार्य के लिए अत्याधुनिक उपकरणों के साथ हवाई अड्डे से रवाना किया गया।

## दूसरे दिन भी ठप रहा खाद्यान्न वितरण

चौबेपुर। कोटेदार अपनी मांगों को लेकर तीन दिनी हड़ताल पर हैं। उनके इस आंदोलन के दूसरे दिन बुधवार को भी सस्ते गल्ले की दुकानों से राशन वितरण कार्य ठप रहा। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने बताया कि केंद्र सरकार से मांगों को लेकर पूरे देश के कोटेदार गुरुवार तक हड़ताल पर रहेंगे। कोटेदारों का बकाया, 300 रुपये प्रति कुं. की दर से कमीशन या 30 हजार रुपये मानदेय, एक किलो प्रति कुं. छीजन सहित अन्य मांगों को लेकर यह हड़ताल नौ फरवरी चलेगा।

## आंगनबाड़ी वर्कर को शोकॉज

काशी विद्यापीठ। सीडीपीओ स्वाति पाठक ने बुधवार को स्थानीय क्षेत्र के गोविंदपुर गांव स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। मौके पर सिर्फ चार बच्चे ही उपस्थित थे और आंगनवाड़ी वर्कर निर्वाचन से संबद्ध कार्य कर रही थीं। मुआयने के दौरान लाभार्थी पंजिका अधूरी पायी गयी। इस पर सीडीपीओ ने आंगनवाड़ी वर्कर को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

# रोजगार के पीछे न भागें युवा, स्टार्ट-अप की सोंचे : चंदन पांडेय




**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग के प्लेसमेंट सेल कर ओर से बुधवार को उद्यमिता दक्षता को बढ़ावा देने के उदेश्य से हम होंगे कामयाब कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रिशुभ एजुटेक प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक युवा उद्यमी चंदन पांडेय ने कहा कि नौजवानों को अब नौकरी की तलाश में शहर दर शहर भटकने की आवश्यकता नहीं है। हमें समय की आवश्यकता के हिसाब से खुद को तैयार करने की आवश्यकता है। फर्स्ट एजुकेशन केयर की निदेशिका प्रीति पांडेय ने कहा कि युवा खुद को भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करें, उसके लिए आवश्यक है कि वह व्यवहारिक ज्ञान के साथ-साथ स्वयं के कौशल विकास की ओर ज्यादा ध्यान केंद्रित करें।

अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों से पूरी दक्षता के साथ उद्यमिता की दिशा में बढ़ने की अपील की। विषय स्थापना डॉ. उदयभान सिंह ने किया। संचालन डॉ. आहूति सिंह व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सिद्धार्थ सिंह ने दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. मयंक कुमार सिंह, डॉ. पारूल जैन, डॉ. शालिनी आदि उपस्थित रहे।

### मानवाधिकार जानना सबके लिए आवश्यक : डॉ. लेनिन



**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत मानवाधिकार पर सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मानवाधिकार पर आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम में प्रख्यात मानवाधिकार विशेषज्ञ डॉ. लेनिन रघुवंशी ने कहा कि मानवाधिकार सिर्फ कहने सुनने तक सीमित नहीं रहता है, वह समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए समान रूप से निश्चित किया गया है। समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए भी वही मानवाधिकार है जो विश्व के बड़े-बड़े महानगरों में निवास करने वाले लोगों के लिए है। जीवन जीना एक कला है इसे सहजता से जीने के लिए मानवाधिकार का ज्ञान होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कश्मीर हो या पूर्वोत्तर राज्य, इन क्षेत्रों से मानवाधिकार उल्लंघन की काफी खबरे मिलती रहती है, परंतु आज-कल इसमें काफी कमी आई है। इससे पूर्व अतिथि का स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका सिंह ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। संचालन डॉ. राकेश कुमार मीणा ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. स्वाति सुचरिता नंदा, डॉ. प्रतिमा गुप्ता, गौरव मिश्रा, पीयूष पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# छात्रों ने महाविद्यालय प्रशासन का फूंका शव

**विरोध**

### छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित करने को लेकर आक्रोशित छात्रों ने किया आंदोलन, जमकर की नारेबाजी



**वाराणसी।** मैदिागिन स्थित श्री हरिश्चंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रशासन और छात्रों के बीच तनाव बढ़ता ही चला जा रहा है। छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित करने को लेकर लामबंद हुए छात्रों ने आंदोलन के तीसरे दिन बुधवार को महाविद्यालय परिसर के समीप महाविद्यालय प्रशासन की शव यात्रा निकाली और उसे गेट के सामने फूंककर विरोध जताया। छात्रों के आंदोलन में शामिल पूर्व छात्र नेताओं व छात्रसंघ पदाधिकारियों ने महाविद्यालय प्रशासन के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि महाविद्यालय प्रशासन जब तक हमारी मांगों को नहीं मानेगा, तब तक दिनों दिन हमारे आंदोलन का स्वरूप और भी बड़ा होता जाएगा। आने वाले दिनों में व्यापक आंदोलनों की चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित की जाए नहीं तो आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। प्रदर्शन में अंकित पांडेय, सर्वेश तिवारी, शिवम पटेल, आनंद मौर्या, राहुल सिंह, रवि गुप्ता, मोनू कुमार, उत्कर्ष तिवारी, अमन विश्वकर्मा, विवेक कुमार, गौरव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## अतिथि व्याख्याता के लिए साक्षात्कार 12,13 व 15 को

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी ने बुधवार को बताया कि संशोधित सूचना के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2022-23 अध्ययन-अध्यापन की सुविधा को देखते हुए अतिथि व्याख्याताओं का पैनल तैयार करने के लिये साक्षात्कार (वॉक इन इंटरव्यू) 12,13 व 15 फरवरी को कुलपति कार्यालय में किया जायेगा। बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए निर्धारित तिथि व समय को अपने आवेदन पत्र, संपूर्ण शैक्षणिक विवरण सहित (चार प्रतियों) के साथ उपस्थित होंगे। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना सं: 04-DYCKGA-2023
उप मुख्य इंजीनियर(गोरखपुर क्षेत्र) पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर ... की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है :-
[illegible]
कुल योग - 4,06,14,781.66
1. ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 03.03.2023 को 11.00 बजे। [illegible]
[illegible] www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। [illegible]
उप मुख्य इंजीनियर/गोरखपुर
[illegible]

# नंदलाल आत्महत्या कांड: तीन मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कार्रवाई**

## एसपी ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी, शेष की तलाश जारी

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** असलहा व्यापारी नंदलाल गुप्ता आत्महत्या मामले के मुख्य आरोपी देवनारायण सिंह उर्फ पून सिंह, अजय सिंह सिंघाल और आलोक सिंह को बलिया सदर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ विभिन्न मामलों में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। कोतवाली में इसकी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक राजकरन नैयर ने बताया कि शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

जल्द ही वे लोग भी गिरफ्त में होंगे। उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली पर वादिनी मुकदमा द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि उनके पति स्व. नन्दलाल गुप्ता को कुछ लोगों के जबरदस्ती प्रताड़ित करने व फर्जी तरीके से आवासीय भूमि का रजिस्ट्री करा लेने के कारण मानसिक दबाव व तनाव के चलते अपनी ही पिस्टल से आत्महत्या कर लिए है। इस सूचना पर तत्काल कोतवाली पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अब तक कुल 3 अभियुक्तों गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। एसपी राज करन नय्यर ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की थीं, जो बंगाल, झारखंड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ सहित अन्य जगहों पर दबिश दे रही थीं। घटना के बाद सभी नामजद आरोपी फरार हो गए थे। सभी के परिवार भी भूमिगत थे। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रशासन ने 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया था अन्यथा बुलडोजर चलाने की चेतावनी दी थी। बुधवार को 3 अभियुक्तगणों देव नारायण सिंह पुत्र स्व. बैजनाथ सिंह निवासी भृगु आश्रम राजपूत नेउरी थाना कोतवाली जनपद बलिया, अजय सिंह पुत्र स्व. नैपाल सिंह निवासी भृगु आश्रम सतनी सराय थाना कोतवाली और आलोक सिंह पुत्र योगेन्द्र सिंह निवासी मिड्ढी थाना कोतवाली को सिधाघर घाट पुल रसड़ा के पास एक फार्च्यूनर वाहन से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए मा. न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।


नंदलाल कांड के आरोपियों को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत करते एसपी।


मृतक नंदलाल के परिजनों से वार्ता करते परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह।


बैठक करते व्यापारी।

### पीड़ित परिवार से मिले परिवहन मंत्री

गन व्यवसायी नंदलाल सुसाइड प्रकरण में जहां पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी पर टीम को कप्तान ने बधाई दी है वहीं दूसरी ओर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह बुधवार को करीब एक बजे मृतक व्यापारी के घर पहुंचे। परिजनों से मिलने के बाद उन्होंने बताया कि जो भी मांगें परिवार की तरफ से है, उसे पूरा किया जाएगा। सरकार पूरी तरह से पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। इस अवसर पर प्रदीप सिंह, वशिष्ठ दत्त पांडेय, नकुल चैबे, जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, पियूष चैबे, राहुल गुप्ता, घनश्याम दास जौहरी आदि मौजूद रहे।

### व्यापारियों ने स्थगित की बंदी, दिया एक सप्ताह का समय

**बलिया।** संयुक्त व्यापार मंडल के तत्वावधान में अग्रवाल धर्मशाला में बैठक हुई। इसमें शासन-प्रशासन द्वारा की गयी कार्यों की समीक्षा की गयी। व्यापारियों ने शासन-प्रशासन को एक सप्ताह का समय दिया और नौ फरवरी को होने वाले बंदी को स्थगित कर दिया है। व्यापारियो ने बताया कि 11 फरवरी को सभी मंडियों में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद गांधी ने कहा कि सरकार व प्रशासन द्वारा की गयी कार्यवाई की गंभीरता से देखते हुए नौ फरवरी को बंदी को स्थगित किया जाता है और एक सप्ताह का समय दिया जाता है। इस अवसर पर प्रदीप वर्मा एडवोकेट, सुनील सराफ, सुनील जायसवाल, मंजय सिंह, रितेश रौनियार, श्यामजी, अशोक, जितेंद्र कुमार वर्मा, विजय कुमार वर्मा, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अरविंद गांधी और संचालन राहुल गुप्ता ने किया।

## संक्षेप

### संतोष ने बढ़ाया विद्यालय सहित जिले का मान



**बलिया।** सेंट जेवियर्स शैक्षणिक संस्थान के प्रबंध निदेशक डा. अभिनव नाथ तिवारी ने कहा कि प्रतिभा किसी पराश्रय की मोहताज नहीं होती। वे छात्र संतोष कुमार पात्रा द्वारा जेईई परीक्षा मेन्स में 99.22 (एनटीए स्कोर) के साथ सफल होने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से किया गया परिश्रम का फल भी अच्छा होता है। विद्यार्थियों के अंदर अगर कुछ सकारात्मक करने का हौसला है तो कुदरत सम्पूर्ण मदद करती है। प्रधानाचार्या शुभ्रा अपूर्वा ने कहा कि हमें अपने इस विद्यार्थी ने अपने विद्यालय के साथ साथ जनपद का भी नाम रौशन किया है। विद्यालय के चेयरमैन एसबीएन तिवारी ने सामूहिक तौर पर सभी को अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की है।

### ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बैरिया (बलिया)।** दोकटी थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव के सामने बुधवार को तेज रफ्तार ई-रिक्शा से बाइक की टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल से वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया है। बता दे कि राजू यादव 26 वर्ष पुत्र पारस यादव दलन छपरा पकड़ीतर बुधवार को अपनी पत्नी व छोटे बच्चे को बाइक पर लेकर इलाज कराने के लिए सोनबरसा अस्पताल जा रहा था। इसी बीच भगवानपुर गांव के पास सामने से तेज रफ्तार से आ रही ई-रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें राजू यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायल को तत्काल सीएचसी सोनबरसा पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद वहां से चिकित्सकों ने वाराणसी के लिये रेफर कर दिया।

# अखिलेश के आगमन को लेकर प्रशासन सतर्क

**बलिया।** गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता सुसाइड प्रकरण का मामला अब और तुल पकड़ता जा रहा है। अब विभिन्न राजनीतिक दलों की निगाह बलिया पर टिकी हुई है। क्योंकि यहां सूदखोरों के खिलाफ व्यापारी विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग और आम जनमानस आक्रोश में है। उसको देखते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता के परिवार से मिलने आ रहे है। इसको लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने कहा कि हमारे नेता शोक संवेदना व्यक्त करने के लिये आ रहे है।

वैसे प्रशासन और शासन से हमारी जो मांगे है उसको लेकर हम लोग प्रशासन के निर्णय का इंतजार कर रहे है। अखिलेश यादव के आगमन को लेकर टीडी कालेज में हेलीपेड बनाया जा रहा है। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग आदि किये जा रहे है। पूर्वांचल की राजनीति में बलिया एक खास मायने रखता है। क्योंकि यहां एक से एक वीर पुरूषों ने बलिया का नाम रोशन किया है। अखिलेश यादव एक मार्च 2022 को अलावलपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करने आये थे। उसके बाद अखिलेश यादव फिर एक साल में दूसरी बार बलिया आ रहे है। वैसे वो कुल एक घंटे 10 मिनट रहेंगे। इस दौरान सबसे पहले टीडी कालेज में बने हेलीपैड पर उतरेंगे। उसके बाद मृतक नंदलाल के परिजनों से मिलेंगे। उसके बाद गड़वार रोड स्थित मनन दुबे के आवास पर जाकर परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त करेंगे। उसके बाद बलिया से वह हेलीकाप्टर से रवाना हो जाएंगे।


अखिलेश यादव के आगमन को लेकर हेलीपैड का निरीक्षण करते सपा के वरिष्ठ नेता।

### 15 फरवरी को आयोजित आंदोलन स्थगित

**बलिया।** केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की हल्ला बोल आंदोलन के तैयारियों के बीच केन्द्रीय नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जे0एस0 शिंदे के मेल द्वारा आये निर्देश पर 15 फरवरी को होने वाला आंदोलन स्थगित कर दिया गया। तैयारी बैठक में अनिल, प्रमोद, राजेश हीरू, बीरू, राजेश्वर हसन शहनवाज, विनोद, मनोज श्रीवास्तव, संजय, सत्यप्रकाश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता आनन्द सिंह एवं संचालन बब्बन यादव ने किया।

### आज आएंगे पूर्व सीएम अखिलेश यादव, तैयारियां पूरी

**बलिया।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 9 फरवरी को जनपद आगमन के मद्देनजर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक हुई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन की समस्त तैयारियों पर गहनता से विचार विमर्श किया गया और पार्टी के समस्त वरिष्ठ एवं जिम्मेदार लोगों को अलग-अलग स्थानों पर जहां पूर्व मुख्यमंत्री को जाना है, की जिम्मेदारी सौंप दी गयी हैं। प्रोटोकाल के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव स्व. नन्दलाल गुप्ता का आवास एवं स्व. मनन दूबे का आवास पर जाएंगे और परिजनों से मिलकर सांत्वना देंगे। साथ ही सपा के नेताओं ने टीडी कालेज में हेलीपैड स्थल और कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान पूर्व मंत्री रामगोविंद चौधरी, अंबिका चौधरी, नारद राय, संग्राम सिंह यादव, सनातन पाण्डेय, जयप्रकाश अंचल, राजमंगल यादव, सुशील पाण्डेय कान्हजी, संजय उपाध्याय, जमाल आलम, रोहित चैबे आदि उपस्थित रहे।

### सूदखोरों की कुंडली खंगालने में जुटी पुलिस

**बैरिया (बलिया)।** बलिया के व्यापारी नन्दलाल गुप्ता द्वारा आत्महत्या करने के बाद प्रशासन हरकत मे आ गया है। ऐसे मे बैरिया क्षेत्र के सूदखोर पुलिस के रडार पर है। बलिया में सूदखोरों से परेशान होकर व्यापारी द्वारा आत्महत्या कर लेने की घटना के बाद पूरा प्रशासनिक अमला सक्रिय है। इसी क्रम में रानीगंज बाजार, बैरिया, लालगंज, रेवती थाना क्षेत्र के दलछपरा, नारायणगढ़, दुर्जनपुर सहित आसपास के बाजारों में ब्याज पर पैसा चलाने वालों की सूची बनाई जा रही है। हांलाकि कही से भी सूदखोरों द्वारा किसी को प्रताड़ित करने की सूचना नही है। बावजूद इसके एहतियात के तौर पर ऐसे लोगों को खोज खोज कर चिन्हित करने की कार्रवाई चल रही है। फलस्वरूप सूदखोर बाजारों में नजर नही आ रहे है। इस बाबत पूछने पर एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि एहतियात के तौर पर हम लोग सावधान है। हलाकि हमारे क्षेत्र में सूदखोरों की सक्रियता की कोई सूचना नही है। वहीं उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि सूद का धंधा नाजायज है। सूदखोरों की जांच कर सूची बनाने का निर्देश सम्बंधित थानों को दिया जा चुका है। हांलाकि अब तक के जांच में कही सूदखोरी का मामला प्रकाश में नही आया है। अगर कोई प्रताड़ित है। तो हमें बताएं त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# राज्यपाल के नाम से खरीदी गयी जमीन पर अवैध कब्जा

**बैरिया (बलिया)।** आखिर राज्यपाल के नाम खरीदी गयी जमीन की रक्षा कौन करेगा? तमाम सरकारी जमीनो पर भूमाफियाओं की वक्र दृष्टी है। जो जनहित मे उचित नही है। हम बात कर रहे है बैरिया तहसील क्षेत्र के अधिकांश गांवों,कस्बों में सरकारी जमीन पर बड़े पैमाने पर अवैध कब्जा किया गया है।

उस अवैध कब्जा को हटाने के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा अब तक कोई करवाई नहीं किए जाने से सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। बता दें कि लालगंज के पास कटान पीड़ितों को बसाने के लिए राज्यपाल के नाम से दशकों पूर्व खरीदी गई लगभग पांच एकड़ जमीन पर लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। कुछ पर निर्माण हो चुका है तो कुछ पर निर्माण की प्रक्रिया जारी है। जमीन करोड़ों रुपए की है, उस जमीन पर कुछ लोगों ने अपना नाम भी दर्ज करा लिया था, लेकिन तत्कालीन उपजिलाधिकारी अशोक चैधरी ने अवैध नामांतरण को खारिज करते हुए उस पर पुनः राज्यपाल का नाम दर्ज करा दिया।

लालगंज की घटना एक बानगी है इसी तरह अनेक गांव में सरकारी तालाबों पर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा बरकरार है। इंटक के जिलाध्यक्ष विनोद सिंह ने लालगंज की जमीन को खाली कराने के लिए तहसील प्रशासन को तत्कालीन जिलाधिकारी भवानी सिंह खंगारोत, विक्रम सिंह से आदेश भी कराया था किंतु बैरिया तहसील में पहुंचते-पहुंचते जिलाधिकारी के आदेश बेअसर हो गया है। इस तरह के कई आदेश तहसील कर्मियों द्वारा अपने कुर्सी के नीचे दबा दिया गया है। तिवारी के गांव में अवैध कब्जा हटाने के लिए रतन तिवारी को उच्च न्यायालय जाना पड़ा था। और उच्च न्यायालय के आदेश के बाद ही अतिक्रमण हटाया गया था। अन्य गांवों के लोग अवैध कब्जा चारों के खिलाफ आवाज बुलंद नहीं कर पा रहे हैं,जिसके चलते सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा बदस्तूर जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फरमान का भी यहां असर नहीं दिखता। जिसमें अवैध कब्जे पर उन्होंने बुलडोजर चलाने का आदेश जारी कर रखा है।

**चिंतनीय**

### बैरिया में जिलाधिकारी का आदेश बेअसर, बनायी जा रही सूची

इस संबंध में उपजिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र ने बताया कि बैरिया तहसील क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा होने नही दिया जायेगा। अवैध कब्जा की कई शिकायतें मिली है। इसकी सूची बनाई जा रही है, कानूनी प्रक्रिया के तहत सभी सरकारी संपत्ति को अवैध कब्जा से मुक्त कराया जाएगा।






# बलिया के विकास का मार्ग होगा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे: परिवहन मंत्री

**पहल**

## जमीन के बैनामा के लिए लगाए गए कैम्प का किया उद्घाटन

जनसंदेश न्यूज



**बलिया।** ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए कराए जा रहे बैनामा कार्य में किसानों की सुविधा के लिए बेलहरी ब्लॉक के मुड़ाडीह व बेलहरी में विशेष कैंप का आयोजन हुआ।

कैंप का उद्घाटन परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने फीता काटकर किया। मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि किसानों की सुविधा का ख्याल सरकार ने हमेशा रखा है। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए रजिस्ट्री आसानी से हो सके, किसान को कोई दिक्कत न हो, इसी उद्देश्य से यह कैम्प लगाया गया। इस एक्सप्रेस वे का लाभ किसानों को तो होगा ही, इसके किनारे उद्योग धंधे, अस्पताल सरकारी स्कूल आदि भी खुल सकेंगे। लोगों को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य की अच्छी सुविधा मिलेगी। जनपद में जाम की समस्या से भी निजात मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रीनफील्ड का 80 प्रतिशत हिस्सा बलिया से होकर जाता है, लिहाजा बलिया का चहुँमुखी विकास स्वाभाविक है। इसके बन जाने से तमाम उद्योगपति बलिया में इन्वेस्ट करेंगे, जिससे यहां के लोगों को लाभ होगा। बताया कि बलिया में कई बाईपास भी बनेंगे। उन्होंने जिलाधिकारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि बैनामा कार्य की लगातार मॉनिटरिंग कर अच्छी प्रगति बनाई हुई हैं। बहुत कम समय में कटहल नाले को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही हैं। बलिया की सब्जियां देश-विदेश तक भेजे जाने की पहल शुरू है। ऐसे में आवागमन सुगम होने से यह व्यापार और अच्छा होगा।

### खुशहाली का द्वार होगा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे जिलाधिकारी

जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने कहा कि पहले पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और अब इस ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के बाद हर बड़े बाजार की दूरी कम हो जाएगी और बलिया का हर क्षेत्र में विकास तेजी से होगा। यानि यह एक्सप्रेस-वे खुशहाली का एक्सप्रेस-वे होगा। बताया कि इसके लिए 60 प्रतिशत से अधिक भूमि क्रय की जा चुकी है। शेष भूमि जल्दी ही क्रय कर ली जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम सदर प्रशांत नायक, तहसीलदार निखिल शुक्ला, नायब तहसीलदार सहित रजिस्ट्री कार्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

# विदाई समारोह में छात्राओं ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

जनसंदेश न्यूज



राधाकृष्ण एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं।

**बलिया।** राधाकृष्ण एकेडमी में कक्षा बारहवीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ विद्यालय के मुख्य प्रबंध निदेशक आदित्य मिश्र द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। स्वागत गीत के साथ छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत की। कक्षा ग्यारहवीं के छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियों से सब को भावविभोर कर दिया। शिक्षक विवेक सिंह, मनीष पाण्डेय ने कहा कि व्यक्ति परिश्रम से किसी भी मुकाम को हासिल कर सकता है। विद्यालय के शिक्षक अमित गुप्ता एवं अखंड प्रताप सिंह ने भी छात्रों के साथ बिताए समय को याद किया। संस्था के सीएमडी आदित्य मिश्र ने 12 वीं की छात्रा साक्षी सिंह और सुलक्षना पाल को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने मिश्रित गीतों के द्वारा दोस्तों के साथ बिताए समय को स्मरण किया। चेयरपर्सन अनिता मिश्रा ने हेड गर्ल जिया सिंह को और डायरेक्टर अद्वित मिश्र ने हेड ब्वाय सौरभ पाण्डेय को स्मृतिचिन्ह दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उप प्रधानाचार्या अर्चना पाण्डेय ने शिवम गिरी और आदित्य गुप्ता को पुरस्कार प्रदान किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नेहा सिंह ने भी प्रियांशु, ब्रिशु को पुरस्कृत किया। कोऑर्डिनेटर रोहित श्रीवास्तव, शालिनी पाठक, अनीता मिश्रा, अद्वित मिश्र, प्रधानाचार्या नेहा सिंह, उप प्रधानाचार्य जीवेश पाण्डेय, चंद्रप्रकाश मिश्र आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से सेवानिवृत्त होमगार्ड की मौत



**कोपागंज, मऊ।** बुधवार को एक पागल के चलते सेवानिवृत्त होमगार्ड की मौत ट्रैक्टर के चपेट में आने से हो गई। बताया जाता है बुधवार को सुबह करीब 8 बजे कोपागंज थाना क्षेत्र के सेंदुराई गांव निवासी सुभाष राम पुत्र शिव धार अपनी बाइक लेकर मऊ जा रहे थे जैसे ही वह बापू मेडिकल कॉलेज के पास हाईवे पर पहुंचे वहां पर खड़े एक पागल ने पत्थर चला दिया है जिसके चलते होमगार्ड घायल होकर बाइक सड़क पर गिर पड़े इसी दौरान पीछे से आ रही ट्रैक्टर होमगार्ड की जान ले ली उधर घटना के बाद मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया जबकि घटना को अंजाम देने के बाद ट्रैक्टर चालक और पागल दोनों फरार हो गए बताया जाता है कि रिटायर्ड होमगार्ड अभी 2 वर्ष पहले रिटायर हुए थे और जिला सिक्योरिटी का काम करते थे होमगार्ड के मौत की खबर जैसे ही परिजनों को हुई घटनास्थल पर निकल पड़े।

### योजना का लाभ पाने के लिए जल्द करें आवेदन

**मऊ।** कृषि उपनिदेशक एसपी श्रीवास्तव ने बताया कि कृषि उत्पाद में स्थाई एवं नियमित वृद्धि, कृषकों की आय में वृद्धि, कृषकों के आर्थिक एवं सामाजिक स्तर मे उन्नयन तथा शासन द्वारा किसानों के हितार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी एवं उसका लाभ किसानों तक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना (एग्री जंक्शन) के अर्न्तगत जनपद के आठ विकास खण्डों में एक-एक वन स्टाप शाप खोले जाने है। जनपद के इच्छुक लाभार्थी, जो कृषि स्नातक हैं और जिनकी आयु 40 वर्ष से अधिक न हो (अनुसूचित जाति/ जनजाति/महिलाओं को 05 वर्ष की छूट) योजना हेतु आवेदन कर सकता है। पात्र अभ्यर्थियों में जिनकी जन्मतिथि पहले है, उन्हें पहले वरीयता दी जायेगी। प्राप्त आवेदनों में विकास खण्डवार वरीयता सूची आधार के आधार पर चयन समिति द्वारा की जायेगी। कृषि स्नातक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 23 फरवरी 2023 को सायं 05 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि योजना से लाभान्वित करते हुए स्वावलम्बन बनाया जा सके।

### 10 को एनपीसीआई व ई केवाईसी के लिए लगाया जाएगा कैंप

**दोहरीघाट, मऊ।** राजकीय कृषि बीज भंडार दोहरीघाट पर 10 फरवरी को एनपीसीआई ईकेवाईसी कैंप लगाया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए राजकीय कृषि बीज भंडार दोहरीघाट के इंचार्ज रामकेश यादव ने बताया कि किसान सम्मान निधि बहुत से किसानों का केवाईसी पूर्ण नही होने के कारण सम्मान निधि उनके खाते में नहीं आ पा रही है इसको लेकर पिछले महीने भी कैंप लगाया गया था जिसमें दोहरीघाट ब्लॉक के संबंधित ग्राम सभाओं में सूचना के द्वारा लोगों को सूचित किया गया था वहीं कुछ छूटे हुए लोगों को पुन कैंप लगाकर ईकेवाईसी पूर्ण कराया जाएगा किसके लिए बैंक से संबंधित कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे तथा सभी प्रक्रिया मौके पर पूण की जाएगी।

### शिव महापुराण यज्ञ की निकली कलश यात्रा




**मझौंवा।** ग्राम पंचायत दिघार पचरुखिया गांव में ख्याति लब्ध सन्त सद्गुरु नाथ जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित शिव महापुराण यज्ञ का शुभारंभ बुधवार को दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हाथ में कलश लेकर बमबम भोले जय शिव के नारे लगाते हुए गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण किया। क्षेत्र के हुकुमछपरा गंगापुर गंगा घाट पर जाकर विभिन्न वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गंगा पूजन करते हुए कलश में जल भराव हुआ। विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंडप प्रवेश व मंडपपुजन कराया। इस मौके पर मुख्य जजमान संजय मिश्रा, मदन मिश्रा, पुचुल मिश्रा, वीरवहादुर चैधरी, विजय चैधरी, पूर्व प्रधान अशोक सिंह, अनिल चैधरी, पिंटू मिश्र, डबलु सिंह, बबलू मिश्रा, तारकेश्वर चैधरी, शिशु सिंह, दीनदयाल मिश्रा, सुशील कुमार मिश्रा, अमित मिश्र, राकेश चैधरी, ननकु चैधरी, रतन सिंह, बरमेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

### नेशनल एथलेटिक्स चैपियनशिप के लिये टीम रवाना



**बलिया।** इंटर डिस्ट्रिक्ट नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप पटना के लिए जिला एथेलेटिक्स एसोसिएशन बलिया की टीम रवाना हो गयी। यह प्रतियोगिता पटना में 10 फरवरी से 12 फरवरी तक आयोजित है। अंडर-16 की टीम में अभिषेक कुमार सिंह, अवनीश यादव, अटल पांडे, शौर्य सिंह शामिल है। वहीं अंडर-14 की टीम में पायल सिंह, रोहित कुमार बिंद, आशुतोष कुमार राजभर, अंकित कुमार है। कोच कुन्दन गुप्ता और टीम मैनेजर गोविन्द राय है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए बलिया स्टेशन पर ई. अरूण कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव, धीरेन्द्र कुमार शुक्ला, डॉ अरविन्द कुमार शुक्ला, पंकज कुमार सिंह, खुर्शीद, जमाल अख्तर, अजीत कुमार सिंह, बिरेश दुबे एवं अभिभावकों ने खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर विदा किया।

### नागाजी विद्यालय में पठन-पाठन का लिया जायजा



**बलिया।** नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माल्देपुर बलिया में विद्या भारती गोरक्ष प्रांत के योजना अनुसार विद्यालय का शैक्षणिक कार्य का वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न हुआ। यह निरीक्षक तीन दिनों तक चला, जिसमें विद्यालय के पठन-पाठन कार्यप्रणाली, विद्यालय व्यवस्था आदि से संबंधित बिंदुओं पर निरीक्षण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह चैहान ने वंदना सभा में आये हुए सभी अतिथियों का परिचय कराया। शिशु शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत के मंत्री रामनाथ गुप्त ने विद्यालय के प्रार्थना सभा में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर विद्या भारती अपने सभी विद्यालय पर संचालन जल्द ही करने जा रही है, जिसमें सभी को क्रिएटिव होना, अपने आप को नयी पद्धति से जुड़ना बहुत जरुरी है। इस अवसर पर राजबिहारी, व्यास कुमार श्रीवास्तव, पंकज कुमार त्रिपाठी, विनय कुमार पाण्डेय, ओमप्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

### लंबी बीमारी के बाद स्वस्थ होकर लौटे भाजपा नेता का स्वागत



**बैरिया (बलिया)।** हृदय रोग से पीड़ित व लंबी बीमारी के बाद स्वस्थ होकर मुंबई से लौटे भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अमिताभ उपाध्याय का बुधवार को बैरिया पहुंचे। उन्हे भाजपा कार्यकताओं ने बैरिया डाक बंगला परिसर में समारोह पूर्वक अभिनंदन किया। पूर्ण मनोयोग से पार्टी को मजबूती प्रदान करने के अपेक्षा के साथ उनके दीघार्यु होने की कामना की। बता दें कि अमिताभ उपाध्याय भाजपा के जुझारु कार्यकर्ता है। वह हृदय रोग से पीड़ित थे। उनके हृदय का ऑपरेशन मुंबई के एक निजी चिकित्सालय में कराया गया था। जहां से गत दिवस स्वस्थ होकर वापस लौटे थे। बुधवार को स्थानीय भाजपा कार्यकताओं ने वरिष्ठ नेता मुक्तेश्वर सिंह के निर्देशन में गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया। अमिताभ उपाध्याय ने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि जब तक जीवन है। भाजपा के लिए संघर्ष करता रहूंगा। विजय बहादुर सिंह, सुधांशु तिवारी, अश्वनी ओझा, रत्नेश सिंह, विजय बहादुर सिंह, तारकेश्वर गोड़, दिलीप गुप्ता, मदन सिंह, शैलेश पासवान, हरि कंचन सिंह, अरविंद सिंह सेंगर, मिथिलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### फाइलेरिया जागरूकता अभियान का शुभारम्भ

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो0 कल्पलता पांडेय ने सर्वजन सेवा अभियान (एमडीए) फाइलेरिया से बचाव संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने सम्बोधित करते हुए फाइलेरिया से ग्रसित कुछ व्यक्तियों के उदाहरण देकर लक्षण और बचाव पर चर्चा किया और परिसर के राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया कि वह अपने गांव और समाज को जागरूक करें। कार्यक्रम में जिला मलेरिया चिकित्साधिकारी सुनील कुमार यादव ने फाइलेरिया के लक्षण तथा समय पर सही उपचार न होने से संबंधित व्यक्ति को विकलांगता के स्तर पर पहुंचा देता है। उन्होंने बताया कि इसका समय-समय पर सरकार द्वारा चलाए जा रहे सामूहिक दवा वितरण कार्यक्रम का लाभ उठाया जाए तो इसे जड़ से समाप्त किया जा सकता है। 10 फरवरी से आशा कार्यकत्री द्वारा फाइलेरिया की दवा घर-घर जाकर वितरित की जाएगी। यह दवा प्राथमिक चिकित्सा एवं मुख्य चिकित्सा केंद्र बलिया में मुफ्त वितरित की जाएगी। चिकित्सा अधिकारी ने यह भी कहा कि अगर किसी में लक्षण या शंका है कि उसे फाइलेरिया है तो वह मुक्त जांच और इलाज करा सकता है। इस अवसर पर निदेशक शैक्षणिक डॉ0 पुष्पा मिश्रा, डॉ0 प्रियंका सिंह, डॉ0 अजय चैबे, डॉ0 विनीत सिंह, डॉ0 विजय शंकर पांडेय, डॉ0 अभिषेक त्रिपाठी, डॉ0 प्रेमभूषण, डॉ0 संदीप यादव, डॉ0 अभिषेक मिश्रा, डॉ0 लाल विजय सिंह सहित परिसर के सभी प्राध्यापकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 स्मिता त्रिपाठी एवं स्वागत भाषण डॉ0 संध्या ने दिया।

# बेरोजगारों को कारोबार के लिए मिलेगी सब्सिडी



रेवती में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि को सम्मानित करते लोग।

**रेवती (बलिया)।** स्थानीय कामेश्वर चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यालय पर जिला उद्योग एवं उद्यमिता प्रोत्साहन केन्द्र बलिया की तरफ से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ नगर पंचायत रेवती के जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक राजकुमार पाण्डेय एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख पदूमदेव पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिला उद्योग केंद्र बलिया के सहायक प्रवन्धक हरिशंकर यादव ने कहा कि बेरोजगार युवाओं एवं युवतियों के लिए सुनहरा अवसर है, कारोबार के लिए उन्हें सब्सिडी मिलेगी। कहा कि जिले के 18 से 40 वर्ष तक के हाईस्कूल उत्तीर्ण युवक, युवतियां को कारोबार करने के लिए सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक बेरोजगार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत संबंधित वेब साइट पर आनलाईन आवेदन कर सकते हैं। जिसमें उनको विभाग द्वारा परियोजना लागत का 25 प्रतिशत सब्सिडी दी जायेगी। 18 वर्ष से ऊपर जूनियर हाईस्कूल उत्तीर्ण युवक, युवतियां प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत वेबसाईट पर आनलाईन आवेदन कर सकते हैं, जिसमें उनको विभाग द्वारा परियोजना लागत का 15 से 35 प्रतिशत सब्सिडी दी जायेगी। थाना रेवती के महिला सिपाही अमृता द्विवेदी ने 1090,112,एवं साईबर अपराध के बारे में लोगों को जागरूक किया। अभिज्ञान तिवारी ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अखिलेश यादव, जीवन ज्योति, सुधीर कुमार सिंह, राजेश तिवारी, डा राजेश्वर तिवारी, संजय तिवारी, शिवम, गजाधर चन्द्रशेखर, अमित पाण्डेय आदि मौजूद रहे। ट्रस्ट के सचिव संतोष तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

# बांसडीह और रसड़ा के लोगों को मिलेगा स्वच्छ जल

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** गर्मी के दिनों में पेयजल के लिए होने वाली किल्लत को देखते हुए नगर निकायों की ओर से तैयारी शुरू की कर दी गई है। इसके तहत नगर निकाय की ओर से पेयजल पाइपलाइन के विस्तार और अन्य कार्यों के लिए प्रस्ताव बना करके शासन को भेजा गया था।

नगर विकास विभाग ने विचार के बाद इसे स्वीकृति देना शुरू कर दिया है। नगर विकास विभाग ने नगर पंचायत बांसडीह और नगरपालिका रसड़ा में पेयजल परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। बांसडीह में 1.93 करोड़ और रसड़ा में 1.54 करोड़ की लागत से पाइप लाइन का विस्तार और अन्य कार्य कराए जाएंगे। स्वीकृति मिलने के बाद नगर निकाय की ओर से टेंडर आदि की कवायद शुरू कर दी गई है। नगर पालिका रसड़ा के लिए 1.54 करोड़ की परियोजना को स्वीकृति दी गई है। इससे वार्ड नंबर 5 और 8 में कई स्थानों पर पेयजल पाइप लाइन का विस्तार किया जाएगा। इन दोनों वार्डों में लगभग 16 स्थानों पर पाइप लाइन की लाइन के विस्तार का कार्य कराया जाएगा। कार्य शुरू कराने के लिए 38 लाख रुपये की पहली किस्त भी मिल गई है। पाइप लाइन के विस्तार से उक्त वार्डों के घरों में स्वच्छ पेयजल आसानी से पहुंचाया जा सकेगा। नगर पंचायत बांसडीह के लिए 1.93 करोड़ की परियोजना को स्वीकृति दी गई है।

इस धनराशि से वार्ड 1, 12, 14 और आठ में पेयजल पाइप लाइन का विस्तार किया जाएगा। इसके अलावा, नगर पंचायत में चार स्थानों पर वाटर कूलर भी लगाया जाएगा। कार्य शुरू कराने के लिए नगर पंचायत को 48 लाख की पहली किस्त भी दे दी गई है। शासन की ओर से प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद नगर निकाय की ओर से टेंडर आदि की कवायद शुरू कर दी गई है।

### वृहद मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**रतसर।** स्थानीय सीएचसी पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत वृहस्पतिवार को ह्यह्यवृहद मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य कार्यकताओं व लोगों को मानसिक रोग के लक्षणों और इससे बचाव के बारे में जानकारी दी जाएगी। बुधवार को सीएचसी अधीक्षक डा० राकिफ अख्तर ने हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करने के लिए गाड़ी को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि लोगों को मानसिक रोगों के प्रति अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है। आज हर घर में कोई ना कोई किसी ना किसी कारण से तनाव में है। तनाव में रहने से समस्याएं बढ़ती हैं। समस्या बहुत साधारण स्तर से शुरु होकर बाद में जटिल मानसिक रोग, पागलपन का रुप ले लेती है। ऐसी समस्याओं को प्राथमित स्तर पर काउंसलिग या योग के माध्यम से आसानी से दूर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शिविर में मरीजों व परिवार जनों की काउंसलिंग, मानसिक मंदित बच्चों, महिला एवं पुरुष को मानसिक परीक्षण करना तथा जन को सामान्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# दिल्ली में माटी सम्मान से नवाजे गये डॉ. संजय सिंह




**उपलब्धि**

## पूर्वांचल में चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए मिला सम्मान

**मऊ।** सामाजिक कार्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए शारदा नारायन हास्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डा. संजय सिंह को दिल्ली में माटी ट्रस्ट के द्वारा माटी सम्मान से नवाजा गया। बुधवार को इस अवसर पर शारदा नारायन हास्पिटल में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

जिसमें डा.संजय सिंह ने बताया कि ग्रामिण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति लोगो को जागरूक करने व उन्हे उचित चिकित्सा सेवाऐ उपलब्ध कराने के सम्बध में माटी ट्रस्ट द्वारा मुझे सम्मानित किया गया। इस सम्मान के माध्यम से और भी चिकित्सको को ग्रामिण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रतिलोगो को जागरूक करने के लिए प्रेरणा मिलेगी। उन्होने बतया कि दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट एव भारतीय क्रिकेट बोर्ड अधिकारी विनीत सरन एवं माटी ट्रस्ट के चेयरमैन राम बहादुर राय ट्रस्ट के सचिव आसिफ द्वारा सम्मान दिया गया। अन्त में डा0 संजय सिंह ने कहा कि एक चिकित्सक होने के नाते मेरा ये कत्तव्य है कि हम लोगो को स्वथ्य के प्रति जागरूक करे और ग्रामिण क्षेत्रो में चिकित्सा सेवा का विकाय करे जिसके लिए हम कटिबद्व है।

### निःशुल्क खाद्यान्न वितरण 15 फरवरी तक

**मऊ।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह जनवरी, 2022 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण माह 08 फरवरी से 15 फरवरी के मध्य निःशुल्क खाद्यान्न वितरण तथा अन्त्योदय राशनकार्डों हेतु अक्टूबर नवम्बर व दिसम्बर 2022 त्रैमास के सापेक्ष 03 किग्रा0 चीनी प्रति कार्ड रु० 18/- प्रति किग्रा० की दर से वितरण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। सूचित किया जाता है कि माह जनवरी, 2022 के सापेक्ष होने वाले राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत खाद्यान्न का वितरण अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेहूं व 21 किग्रा चावल (कुल 35 किग्रा०) प्रति कार्ड तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को उनके कार्ड से सम्बद्ध प्रत्येक यूनिट पर 02 किगा० गेहूं व 03 किग्रा चावल (कुल 05 किग्रा० प्रति यूनिट) निःशुल्क वितरण तथा अन्त्योदय राशनकार्डों हेतु अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर, 2022 त्रैमास के सापेक्ष 03 किग्रा0 चीनी प्रति कार्ड रू0 18/-प्रति किग्रा0 की दर से वितरण किया जायेगा।

# नगर पंचायत सड़क पर गड्ढा कर भूला, हादसों को दे रहा निमंत्रण

जनसंदेश न्यूज




**कोपागंज, मऊ।** नगर पचायत जिम्मेदारो द्वारा कसारा मोड़ तिराहे के पास के सडक बीच के कोपागंज नगर पंचायत के कर्मचारी द्वारा नाली जाम होने पर पानी निकालने के लिए गड्ढा तो खोद गए, लेकिन उसको बंद करना भूल गए। गड्ढा बीते 20 दिन से लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। परंतु कोपागंज नगर के जिम्मेदार अधिकारियों ने गड्ढे को बंद कराने के बजाए उस पर बेरिकेट लगा दिया है।

नगर पचायत कर्मचारियों द्वारा कसारा मोड़ के पास गड्ढा तो खोद गए, लेकिन उसको बंद करना भूल गए। गड्ढा बीते 20 दिन से लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। परंतु नगर पचायत के जिम्मेदार अधिकारियों ने गड्ढे को बंद कराने के बजाए उस पर बेरिकेट लगा दिया है। जो कभी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। बीच सड़क पर किये गए इस गड्ढे को बंद कराने के लिए स्थानीय लोग जिम्मेदारों को अवगत करा चुके हैं लेकिन अभी तक किसी ने भी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया है। गौरतलब है कि यह नगर का मुख्य मार्ग है जहां कसारा, लैरो, मझवारा, इंदारा, देईथान, मुंमास, फिरोजपुर रईसा, पिपरौता लैरो दोनवार शिव मंदिर के लिए रास्ता जाता है। इसके कारण इस तिराहे पर दिन-रात वाहनों का आवागनम होता रहता है। उक्त कोपागंज नगर पचायत कर्मचारियों द्वारा कसारा मोड़ के पास गड्ढा तो खोद गए, लेकिन उसको बंद करना भूल गए। गड्ढा बीते 20 दिन से लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इस गड्ढे को 20 दिन बीत गए है, लेकिन अभी तक इसे बंद नहीं कराया है। स्थानीय दुकानदार राहुल पकज, मनोज, बिरेंद्र गुप्ता नगरिया ने बताया कि इस गड्ढे को हुए लगभग 20 दिन हो गए है। आए दिन अनजान बाइक चालक गड्ढे में फंसकर दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। गड्ढे को बंद कराने के लिए हमने शिकायत भी की लेकिन अभी तक किसी ने हमारी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया है।

**जिम्मेदार नहीं दे रहे हैं ध्यान, कई लोग हुए शिकारः** तिराहे से एक किलोमीटर ही दूरी पर नगर पंचायत कार्यालय है। ब्लॉक व थाना भी यही है। जिसके कारण उक्त मार्ग से होकर दिनभर अधिकारियों के वाहन निकलते रहते है। अधिकारियों के दिनभर उक्त तिराहे से गुजरने के बाद भी किसी जिम्मेदार अधिकारी का इस गड्ढे की ओर ध्यान नहीं देना समझ से परे है।

# अमृत काल बजट संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**बोले अनिल राजभर**

## किसानों को समर्पित है बजट




**मऊ।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित अमृत काल बजट पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने अपने संबोधन में कहा यह वजह 2023-24 का बजट कृषि एवं किसान कल्याण से संबंधित बजट है। कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान सहित कृषि व कल्याण मंत्रालय का बजट सवा लाख करोड़ रुपया किया गया। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 60 हजार करोड़ रुपया का बजट प्रदान किया गया। कृषि के क्षेत्र में यह बजट किसानों को समर्पित है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए इसे जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए प्रधानमंत्री ने बेहतर पहल की है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष गोपेश्वर त्रिपाठी ने कहां भारत को श्री अन्न के लिए वैश्विक केंद्र बनाने के उद्देश्य से भारतीय मिलेट्स अनुसंधान संस्थान हैदराबाद को उत्कृष्टता के रूप में बढ़ावा दिया जाएगा। अपने स्वागत वक्तव्य में भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सचिंद्र सिंह ने कहा बजट आवंटन में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। रिकॉर्ड खाद्यान्न और बागवानी उसका उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया गया उत्पादन लागत का डेढ़ गुना एनएससी निर्धारित हुआ। राष्ट्रीय खाद्य तेल आयल पाम की शुरूआत की गई है। कृषि क्षेत्र के संस्थागत ऋण की व्यवस्था की गई है देश में जैविक खेती को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर चंद्र प्रकाश राय ने बजट की बारीकियों को किसानों के बीच विस्तार पूर्वक संवाद किया। संचालन आनंद प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर गोष्टी को प्रमुख रूप से भाजपा गोरखपुर क्षेत्र से क्षेत्रीय मंत्री बजरंगी बज्जू, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता, भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री सहजानंद राय, भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अंजनी कुमार सिंह, यादवेंद्र प्रताप सिंह मंटू ने संबोधित किया। धन्यवाद देते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री सुनील सिंह ने कहा प्रधानमंत्री के काम का आभार व्यक्त करते हैं उन्होंने ऐतिहासिक बजट पेश करते हुए किसानों के हित में साहसिक निर्णय लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भगत सिंह, यशपाल सिंह, भूमि विकास बैंक के रामनारायण सिंह, आशा नारायण लोक सभा विस्तार अंकुर पाल, आनंद कुमार सिंह, सन्तोष पांडेय, दीपक गोंड, आनंद राय, मनीष सिंह, रामू राजभर सहित जिले सैकड़ों किसान प्रमुख रूप से किसान मौजूद थे।

इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट कोई आम बजट नहीं बल्कि अमृत काल बजट है। जो गरीब, किसान, समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति, महिलाओं व देश कल्याण को समर्पित बजट है। यह बजट देश के आगामी 25 वर्षों की दशा व दिशा तय करेगा। जिस समय देश आजादी का शताब्दी वर्ष मना रहा होगा तब देश विश्व के विकसित देशों में शामिल हो चुका होगा। उपरोक्त बातें उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा। बुधवार को जिला पंचायत सभागार में इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधियों को अमृत काल बजट के तहत संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि बजट के महत्व को आम जनता में पहुंचाना सरकार की एक पवित्र मंशा है। उसी क्रम में हम आपके साथ हैं। उन्होंने सम्बोधन के शुरू में ही विपक्ष पर हमलावर होते हुए कहाकि इस बजट के खिलाफ बोलने के लिए विपक्ष के पास कुछ बचा नहीं है। लिहाजा विपक्ष तथ्यहीन बातें करके सदन से भाग रहा है। उन्होंने कहाकि यह पहला बजट है जब खुद मीडिया हाउस यह मानने को तैयार है कि इस बजट में कहीं से कोई राजनीति नहीं हुई है। जबकि देश के कई प्रदेशों में शीघ्र ही चुनाव होने वाले हैं। उसके बावजूद यह बजट लोक कल्याण को समर्पित माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्बल असहाय को समर्पित यह बजट जिसमें प्रधानमंत्री आवास में 66 प्रतिषत की वृद्धि, आदिवासियों के लिए समर्पित एकलव्य एकल विद्यालय के बजट में 13 प्रतिषत की वृद्धि, आधी आबादी के लिए स्वयं सहायता समूह व कृषि क्षेत्र में बजट की बढ़ोतरी यह साबित करती है कि 2025 तक सब को आवास उपलब्ध कराना सरकार का लक्ष्य है। गरीबों के सपनों को मूर्त रूप देने के लिए काम कर रही मोदी सरकार में जन भावनाओं का पूरा ख्याल रखा गया। विपक्ष द्वारा अदानी प्रकरण का मुद्दा उठाए जाने के सवाल पर श्री राजभर ने कहा कि विपक्ष तथ्यहीन व निराधार राजनीति कर रहा है। उनके पास कोई मुद्दा नहीं रह गया। लिहाजा पिछले कई वर्षों से प्रत्येक वर्ष बजट सत्र व अन्य सत्रों के दौरान कोई एक शिगूफा छोड़ कर सदन से भागने का काम किया जाता है।

# सरकारी योजना से भ्रष्टाचार पर गिरेगी गाज : केशव मौर्या

**बैठक**

**रायफल क्लब सभागार में उप मुख्यमंत्री ने की समीक्षा बैठक**

**जनसंदेश न्यूज**



रायफल क्लब सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या।

**गाजीपुर।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने बुधवार को विकास कार्यो की समीक्षा बैठक रायफल क्लब सभागार में किया। बैठक में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने जनपद मे हो रहे विकास कार्यो की विस्तृत रूपरेखा को उप मुख्यमंत्री को अवगत कराया। बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने भारत सरकार एवं उप्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न विकास परक योजनाओ की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्रत्येक पात्र व्यक्तियो को योजनाओ का लाभ दिये जाने निर्देश दिया। सरकार की मंशा है कि कानून व्यवस्था चुस्त दुरूस्थ रहे।

किसी भी मामले में शिथिलता न बरती जाये, अपराधियों, गुण्डा, माफियाओ पर कड़ी कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि राजस्व ग्रामो में चक मार्गो को चिन्हित कर अतिक्रमण को हटाया जाये यदि फसले लगी है तो फसलो के कटने का समय देकर उसे कटने के उपरान्त सही कराकर चलने योग्य बनाया जाये। उन्होंने जनपद में अमृत सरोवर की जानकारी लेने पर बताया गया कि जनपद में 285 अमृत सरोवर चिन्हित किये गये है जिसमें 277 पूर्ण। उन्होंने अमृत सरोवर के अन्दर एवं बाहर की भूमि पर हुए कब्जे को हटवाकर वृक्षारोपण कराने का निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त गॉवो में अभियान चलाकर सरकारी भूमि ,चारागाहो की भूमि को कब्जा मुक्त कराया जायं। उन्होंने निराश्रित पशुओं के सम्बन्ध में कहा कि कोई भी व्यक्ति पशुओं को रात के अन्धेरे में रास्ते/सड़को पर न छोड़े बल्कि उसे अपने निकटतम गो-आश्रय स्थलों में सुपुर्द कर दे। उन्होने जल जीवन मिशन (हर घर नल) के तहत कराये जा रहे कार्यो की जानकारी ली तथा सम्बन्धित अधिकारी को 01 मीटर नीचे तक पाईप लाईन डालने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त सड़को पर खोदे गये गढ्ढे को सही कराते हुए आवागमन हेतु चलने योग्य बनाया जाये। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान जनपद में विद्युत आपूर्ति की जानकारी ली तथा फर्जी बिलो पर विशेष ध्यान देते हुए कार्यवाही का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास एंव मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत पात्रो को ही आवास योजना से आच्छादित कर लाभ दिया जाये इसके किसी प्रकार के भ्रष्टाचार की शिकायत प्राप्त न हो। उन्होंने जनपद में धान क्रय केन्द्रो की जानकारी ली जिसमें बताया कि 90 प्रतिशत क्रय किया जा चुका है तथा किसानो को क्रय केन्द्र पर किसी प्रकार की समस्या नही है जिस पर उन्होने प्रशंन्ता व्यक्त की। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में अन्योदय एव पात्र गृहस्थी कार्ड धारको कों राशन वितरण मे किसी प्रकार की धांधली संज्ञान में नही आना चाहिए किसी प्रकार की शिकायत पर तत्काल कार्यवाही किया जाये। बैठक में विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल , अध्यक्ष जिला पंचायत सपना सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा भानुप्रताप सिंह, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वि.रा, अरूण कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी/परियोजना निदेशक राजेश यादव, डी एफओ, एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# युवा शक्ति के हाथों में राष्ट्र निर्माण की तस्वीर



जमानियां हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पद ग्रहण के दौरान प्राचार्य शरद कुमार व अन्य।

**जमानियां।** स्थानीय हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को एक नया अध्याय जुड़ गया है। प्राचार्य प्रो.शरद कुमार की अधिवर्षिता की आयु के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सर्वविद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा आराधना आचार्य गोवर्धन पांडेय द्वारा कराया गया। महाविद्यालय प्रबंध समिति के उपप्रबंधक रविंदर नाथ यादव की गरिमामयी उपस्थिति में महाविद्यालय के हिंदी विभाग प्रो.अखिलेश कुमार शर्मा 'शास्त्री' ने प्राचार्य पदभार ग्रहण किया। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने प्रोफेसर शरद कुमार के यशस्वी कार्यकाल के लिए उन्हें बधाई दिया। पद ग्रहण करने के पश्चात प्राचार्य प्रो.अखिलेश कुमार शर्मा 'शास्त्री' ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय को प्रबंध समिति का भरपूर सहयोग प्राप्त है।आज हमारे यहां दर्जन भर नए प्राध्यापकों ने कार्यभार संभाला है और नए पुराने सभी शिक्षकों के सहयोग से महाविद्यालय को जिले और प्रदेश में एक अलग पहचान दिलाने का कार्य किया किया जायेगा।उन्होंने आगे कहा कि किसी भी शिक्षण संस्था की रीढ़ वहां की युवा पीढी.होती है।

युवा शक्ति से ही यह निर्धारित होता है कि हमारा समाज,हमारा राष्ट्र किस दिशा की ओर जायेगा। उन्होंने सभी शिक्षकों एंव शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का आह्वान किया कि यह महाविद्यालय हमारे परिवार की भांति है।हम यहाँ अपने कर्तव्यों का जितनी ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हैं उसी प्रकार का समाज बनाते हैं। पदभार ग्रहण कार्यक्रम में प्रो.विमला देवी, प्रो.मदन गोपाल सिंहा, प्रो.अरुण कुमार, डॉ संजय कुमार सिंह, डा. राकेश कुमार सिंह, राम लखन यादव, डॉ उर्वशी दत्ता, डॉ महेंद्र कुमार, डॉ अंगद प्रसाद तिवारी, डॉ लालचंद पाल, बिपिन कुमार, डॉ अमित कुमार मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रबंध समिति के उपप्रबंधक रविन्द्र नाथ यादव तथा संचालन हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक तिवारी ने किया।

# दबंग ने लकड़ी काट रहे मजदूर को मारपीट कर किया अधमरा

**दबंगई**

**पुलिस को तहरीर देने के बाद दबंग पर नहीं हुई कार्रवाई**

**जनसंदेश न्यूज**

**करंडा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कटरियां गांव में दबंग ने लकड़ी काट रहे मजदूर को बुरी तहर मारपीट कर अधमरा कर दिया।

जब पीड़ित परिवार पुलिस से शिकायत करने पहुंचा तब दबंग ने पीड़ित परिवार को डरा धमका कर घर वापस भेज दिया। लेकिन जब पीड़ित परिवार हिम्मत जुटाकर पुलिस को तहरीर दिया।

लेकिन पुलिस दबंग की करतूत को छुपाते हुए कार्रवाई पर आश्वासन देकर पीड़ित परिवार को भेज दिया। क्षेत्र के कटरियां निवासी देवप्रकाश तिवारी और विनय तिवारी में खेत के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। विनय तिवारी के खेत में एक सूखा बैर का पेड़ था। गांव का ही रामपति प्रजापति नामक एक मजदूर अपनी बेटी की शादी के लिए तिवारी बंधुओं से पूछकर पेड़ की लकड़ी काटकर घर ले जा रहा था। बुधवार को अचानक देवप्रकाश लकड़ी ढो रहे रामपति को पकड़कर अपने बगीचे में ले जाकर बुरी तरह से मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। थोड़ी देर बाद उसके परिजनों को जब जानकारी हुई।

घायल रामपति को उठाकर घर ले गये। पुनः पीड़ित के घर जाकर दबंग देवप्रकाश ने मामले की पुलिस में शिकायत न करने की धमकी दी। दबंग के डर से सहमा पीड़ित गरीब परिवार घटना के कई दिनों बाद मामले की लिखित शिकायत करंडा थाने पर दिया।

लेकिन अभी तक उस मामले में कोई कार्यवायी नहीं हुई।

# 'आज' आएंगे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव

**कार्यक्रम**

**पूर्व पंचायती राज मंत्री कैलाश यादव की प्रतिमा का होगा अनावरण**

**जिलाध्यक्ष रामधारी यादव ने इस कार्यक्रम में भारी भीड़ जुटने की संभावना जताई**

**जनसंदेश न्यूज**



सकरा लुटावन महाविद्यालय में पूर्व सीएम अखिलेश यादव के आगमन को लेकर तैयारी का जायजा लेते जंगीपुर विधायक डा.विरेंद्र यादव।

**गाजीपुर।** जिले के कद्दावर सपा नेता रहें पंचायती राज मंत्री कैलाश यादव की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मुख्य अतिथि की भूमिका में रहेंगे। सकरा स्थित लुटावन महाविद्यालय में गुरूवार को उनके आगमन की तैयारी को लेकर सपा कार्यकर्ता पूरी ताकत झोक दिए है।

कार्यक्रम स्थल पर विधायक डॉ वीरेंद्र यादव और जिलाध्यक्ष रामधारी यादव के साथ तमाम पार्टी के नेता और कार्यकर्ता कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिए है। विधायक डॉ वीरेंद्र यादव सभी सपा नेताओं से भारी भीड़ लाने और भीड़ को नियंत्रित करने की अपील की है। वहीं महिला सभा जिलाध्यक्ष आशा यादव के नेतृत्व में तमाम महिला कार्यकर्ता भी कार्यक्रम की तैयारी में जुटी रही। जिलाध्यक्ष रामधारी यादव ने इस कार्यक्रम में भारी भीड़ जुटने की संभावना जताते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा ।

कार्यक्रम स्थल पर बुधवार को पूरे दिन बड़े नेताओं के आना जाना लगा रहा। इस दौरान मुख्य रूप से सहकारी बैंक पुर्व अध्यक्ष रामधारी यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, राजेंद्र यादव, रामाधार यादव, कन्हैयालाल विश्वकर्मा,रामवचन यादव, दिनेश यादव,अभिनव, महेश,विभा, रीना , पूजा,कंचन, रीता, राकेश,मटरु पहलवान आदि नेता उपस्थित रहें।

**2024 लोकसभा चुनाव में होगा परिवर्तन**

जिलाध्यक्ष रामधारी यादव ने कहा कि गाजीपुर क्रान्तिकारियों की धरती रही है। इस जनपद ने हमेशा परिवर्तन का आगाज किया है। 2024 लोकसभा चुनाव के पुर्व जनपद में अखिलेश की सभा फिर परिवर्तन का आगाज लिखने का काम करेगी । उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में बड़ी भीड़ के साथ समाजवादी आंदोलन के पुर्वांचल के सभी बड़े नेता भी शामिल होंगे।

# अभिभावकों के सहयोग से होगा शिक्षित भारत का निर्माण

**जनसंदेश न्यूज**

**आयोजन**

**आगामी 2026 तक ब्लॉक के स्कूलों को पूरी तरह से निपुण बनाने का लक्ष्य निर्धारित**

**इसमें किसी तरह की हीला-हवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी**

**सुहवल।** ब्लॉक क्षेत्र के रमवल प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को शिक्षकों एवं छात्रों ने विद्यालय को मिशन निपुण के तहत उसके लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक साथ शपथ लिया। विद्यालय, ब्लॉक एवं जिले को पूरी तरह से निपुण बनाने में सहयोग करने का निर्णय लिया।

इस दौरान अध्यापकों व छात्रों को सम्बोधित करते हुए प्रधानाध्यापक सत्यप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार बेसिक शिक्षा विभाग विद्यालयों को निपुण बनाने में जुटा है।

उन्होंने आह्वान किया कि आगामी 2026 तक ब्लॉक के स्कूलों को पूरी तरह से निपुण बनाने का लक्ष्य निर्धारित है,इसको लेकर सभी लोग पूरे मनोयोग से जुट जाए,इसमें किसी तरह की हीला-हवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने अध्यापकों का आह्वान किया कि शिक्षा के इस मंदिर में पूरी निष्ठा लगन और ईमानदारी के साथ निपुण बनाना है।

इसके लिए विद्यालय परिवार अभिभावकों का सहयोग नितांत आवश्यक है, ताकि सशक्त एवं शिक्षित भारत का निर्माण हो सके।इस अवसर पर कृष्णानन्द ,राजर्षि, खालिद, आशीष कुमार, अशोक कुमार ,शीला देवी आदि मौजूद रहे।

# पैतृक गांव आया सीआरपीएफ जवान का पार्थिव शरीर

**शोक**

**झारखंड चाईबासा में ड्यूटी के दौरान हुए थे बीमार**

दाहसंस्कार मेदनीपुर स्थित श्मशान घाट पर पूरे सम्मान के साथ किया गया।

**सुहवल।** सीआरपीएफ में हवलदार के पद पर 197 बटालियन में तैनात रमेश यादव का पार्थिव शरीर बुधवार की सुबह झारखंड के चाईबासा से सड़क मार्ग से होते हुए सीआरपीएफ के वाहन में पैतृक आवास बडौरा पहुंचते ही कोहराम मच गया। जवान का अंतिम मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र रजनीकांत के देते ही सबकी आखें नम हो गई।



मदेनीपुर श्मशान घाट पर सीआरपीएफ जवान रमेया यादव को सशस्त्र सलामी देते जवान

साथ आए जवानों ने सशस्त्र सलामी के साथ ही हवा में फायरिंग कर जवान को अंतिम विदाई दी। इसके अलावा सीआरपीएफ के 95 बटालियन के सहायक कमांडेंट राकेश रंजन राय,इंस्पेक्टर प्रवीन्द्र प्रसाद, सहित अन्य जवानों व थाने के पुलिस सहित गणमान्य लोगों ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मालूम हो कि बीते दो दिनों पूर्व सीआरपीएफ के हवलदार रमेश यादव अपने ड्यूटी पर तैनात थे,इसी दौरान उनके सीने में तेज दर्द होने लगा। जिसके बाद व गश खाकर जमीन पर गिर पड़े।आनन-फानन में उनके अन्य साथियों ने तत्काल कमांड अस्पताल ले गये। जहाँ उनका इलाज के दौरान मृत्यू हो गई थी। इसकी सूचना गाँव पर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया था। जवान का पार्थिव शरीर गाँव पहुंचते ही पत्नी चित्ररेखा सहित अन्य परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल था। जवान का पार्थिव शरीर गाँव पहुंचने की सूचना पर क्षेत्रीय लोगों की उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लग गया। उनकी अंतिम यात्रा गाँव से मेदिनीपुर स्थित श्मशान घाट पर पहुंची। इस अवसर पर पूर्व प्रधान दीपक सिंह, गौतम यादव,बडौरा प्रधान शशिकांत यादव,नथुनी यादव, प्रभारी निरीक्षक तारावती यादव,उपनिरीक्षक रामबाबू,उपनिरीक्षक राकेश दूबे आदि सैकडों लोग मौजूद रहे।

# नाबालिक को भगाने वाले युवक गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**

**सैदपुर।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नाबालिक को बहला-फुसलाकर भगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही के निर्देश के क्रम में कोतवाली सैदपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर नाबालिग अपहता को सकुशल बरामद करते हुए उक्त अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त नियाज सिद्धकी पुत्र एजाज सिद्धकी निवासी भीतरी मोहल्ला महतवाना थाना सैदपुर (21) को गिरफ्तार किया है।अन्य आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही संबंधित थाने द्वारा की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रा.नि शिवप्रताप वर्मा,निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार दुबे, सुनील पाल,हे.का यशवन्त सिंह, बच्चेलाल, प्रिया भारती रहीं।

# ट्रक पर चार लाख की लदी मिर्च सड़ी, व्यापारियों में खलबली

## किसानों ने चालक और खलासी को बनाया बंधक

**जनसंदेश न्यूज**

**नुकसान**

**क्षेत्र की सब्जी मंडी में एक ट्रक पर ग्यारह टन लोड मिर्च विगत सात दिनों से खड़ी**

**भांवरकोल।** किसानों ने चालक और खलासी को बंधक बनाते हुए वाहन को कब्जे में ले लिया है। उन्होंने माग किया है कि ट्रक मालिक उनके नुकसान फसल की भरपाई करें। थानाध्यक्ष ने भी किसानों के भारी नुकसान को देखते ही मालिक बुलाने के लिए दबाव बनाए है। दरअसल, क्षेत्र की सब्जी मंडी में एक ट्रक पर ग्यारह टन लोड मिर्च विगत सात दिनों से खड़ी है।

मिर्च की अनुमानित लागत करीब चार लाख है। जो अब सड़ने लगा है। किसान और व्यापारी चितिंत हो गए है। खरीदकर्ता अमरीष कुशवाहा ने बताया कि बीते 28 जनवरी को? आढ़तियों ने ग्यारह टन मिर्चा एक ट्रक में लादकर लुधियाना सब्जी मंडी भेजवाया था,लेकिन चार दिनों बाद भी जब वह मिर्चा लदा ट्रक वहां नही पहुंचा। तो इन्हें बेचैनी हुई और तब इन लोगों ने ट्रक उपलब्ध कराने वाले टांसपोर्ट कंपनी को पकड़ा।

कंपनी ने ट्रक की खोजबीन करवाया तो वह रामपुर में पकड़ा गया। कंपनी के कर्मचारियों ने चालक रघुबीर व खलासी मनदीप सहित उक्त ट्रक को पाताल गंगा सब्जी मंडी में लाकर व्यापारियों को सौंप दिया।इस बीच ट्रक माालिक जो कि हरियाणा का है। उसने अपने एक आदमी भेजकर ट्रक को व्यापाारियों के चंगुल से गाड़ी मुक्त कराने के लिए भेजा।

आये व्यक्ति ने व्यापारियों से बातचीत की जिसके अनुसार गाड़ी मालिक को चार लाख संबंधित व्यापारियों को देना था, लेकिन आज तक मालिक ने पैसा नहीं भेजा। जिसके चलते व्यापारियों ने चालक व खलासी सहित गाड़ी को अपने पास बंधक बनाये हुए हैं।

थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुमार राय ने चालक व खलासी को सलाह दिया कि वे जाकर अपने मालिक को ले आयें पर ये दोनों जाने के लिए तैयार नहीं है।

इनका कहना है कि वे गाड़ी छोड़ कर नहीं जायेंगे । जब मालिक आयेंगे तभी गाड़ी के साथ ही जायेंगे। इधर किसान वाहन में मिर्चा सड़ जाने से इसकी भरपाई की संबंधित व्यापारी से मांग कर रहें है।

# निराश्रित पशुओं पर लगाम लगाने में अधिकारी विफल

## डीएम के निर्देश को नपा,खंड विकास के जिम्मेदार दिखा रहे आईना

**लापरवाही**

**स्थानीय नगर तथा विकासखंड अंतर्गत निराश्रित पशु दर-दर भटक रहे**

**जनसंदेश न्यूज**

**मुहम्मदाबाद।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने अधिकारियों को चेताया है कि अगर कहीं पर निराश्रित घुमते दिखाई देते है। तब अधिकारी तत्काल पशु पालक एवं एफआईआर या पशुओं के झुंड को गो आश्रय केंद्र भेजवाने का कार्य करें। लेकिन मुहम्मदाबाद क्षेत्र में निराश्रित पशुओं का झुंड सड़कों पर घूमते दिखाई दे रहे है। लेकिन पशुओं को नगरपालिका एवं खंड विकास के जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाने में फेल साबित हो रहे है।

जिससे आएं दिन पशुओं के चपेट में आने से राहगीर चोटिल हो जा रहे है। बुधवार को मुहम्मदाबाद कोतवाली के यूसुफपुर मार्ग पर निराश्रित पशु का झुंड अधिकारियों का पोल खोलने के लिए काफी था। स्थानीय नगर तथा विकासखंड अंतर्गत निराश्रित पशु दर-दर भटक रहे हैं।



यूसुफपुर सड़क के पास निराश्रित पशुओं का झुंड।

इनके रहने के लिए कोई भी स्थान उपलब्ध नहीं है। कहीं स्थान बनाया गया भी है तो वह कर्मचारी नहीं है। दूसरी ओर निराश्रित पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था नहीं है।

विकासखंड अंतर्गत ग्राम मलिकपुरा में कूड़े के ढेर के पास निराश्रित पशुओं को देखा जा सकता है। ये प्लास्टिक तक खा रहे हैं। यह उनके लिए जानलेवा हो जा सकता है। दूसरी तरफ कोतवाली मुहम्मदाबाद के बाहर शाम ढलते ही सैकड़ों निराश्रित पशु इकट्ठा हो जा रहे हैं।

रात भर ये निराश्रित पशु कोतवाली के बाहर पेड़ के नीचे बिताते हैं। दिन का सूर्य उगते ही ये नगर में घूम-घूम कर कूड़े के ढ़ेर से अपना चारा ढूंढ कर खाते हैं। शासन द्वारा निराश्रित पशुओं के लिए आश्रय स्थल मात्र शोपीस बनकर रह गया है। केवल गौशाला बनाना ही पर्याप्त नहीं है ,बल्कि प्रशासन को इन पशुओं के लिए उचित व्यवस्था भी करनी चाहिए।

हाल ही में करीमुद्दीनपुर में गोवंश की घटना इसका सबसे बड़ा सच है। जहां आठ गाय कहां गई इसका उत्तर देने वाला कोई नहीं है। इस प्रकार निराश्रित गोवंश की समस्या से राहत मिलना मुश्किल है। नगरपालिका ईओ विरेंद्र राव से मोबाइल से संपर्क साधने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे वार्ता नहीं हो सकी।

# दस को होगा ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का आयोजन

**गाजीपुर।** प्रवीण कुमार मौर्य उपायुक्त उद्योग ने बताया कि सम्बन्धित निवेशको से जिलाधिकारी द्वारा अनुरोध किया गया कि 10-12 फरवरी को राज्य स्तर पर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है, जिसके क्रम में जनपद स्तर पर भी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन होगा। तत्परान्त रवीन्द्र जायसवाल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) / प्रभारी मंत्री जनपद-गाजीपुर द्वारा निवेशकों को राज्य सरकार एवं भारत सरकार की नीतियों के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बताया गया एवं अनुदेश दिया गया कि नीतियों को वेबसाइट से प्राप्त करके अथवा विभाग में सम्पर्क करके जानकारी प्राप्त करके लाभ प्राप्त करें। किसी भी प्रकार की एनओसी के लिए निवेश मित्र वेबसाइट पर जाकर स्वयं आवेदन करके प्राप्त करें। किसी भी विभाग में दौड़ने की कोई आवश्यकता नहीं है। निवेशको से उनकी जिज्ञासा की जानकारी चाही गयी तथा जो भी निवेशक अपने जिज्ञासा को प्रकट किया गया उनकी जिज्ञासा से सम्बन्धित जानकारी दी गयी।


















## जनसंपादकीय

# अपने स्वप्नों को जीवित रखने के संकल्प



जब मैं अपने पीछे देखता हूं तो पाता हूं कि तमाम विद्यार्थी, अध्यापक, मजदूर, वकील और एक्टिविस्ट अभी भी कैद की यातना भुगत रहे हैं। ऐसे हालात देख मैं यह कैसे कह सकता हूं कि जेल से छूट कर मैं खुश हूं, 3 फरवरी 23 को जेल से छूट कर बाहर निकलने पर जफर पनाही ने एक संदेश में कहा।

62 वर्षीय विश्वप्रसिद्ध फिल्मकार जफर पनाही ईरान में शांतिपूर्ण ढंग से अभिव्यक्ति की आजादी और लोकतान्त्रिक अधिकारों के लिए अनुकरणीय संघर्ष करने वाले लोगों की फेहरिस्त में अग्रणी हैं जिन्हें छः साल की कैद (बरसों तक अपने घर में नजरबन्द और बाद में जेल में डाल दिए गए) की सजा सुनाई गई है। बीस सालों तक फिल्म निर्माण,निर्देशन,लेखन न करने का फरमान भी सुनाया गया है साथ ही किसी भी तरह का इंटरव्यू देने और विदेश यात्रा करने से रोक दिया गया है। कुछ साल पहले दुनिया के एक बेहद प्रतिष्ठित फिल्म समारोह के जूरी का सदस्य बनने पर उनकी अनुपस्थिति पर एक कुर्सी खाली छोड़ कर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया गया था। उनकी सभी फिल्में विभिन्न समारोहों में प्रशंसित और पुरस्कृत हुई हैं पर अपने देश में आधिकारिक तौर पर प्रतिबंधित हैं।

फिल्म बनाने से बीस सालों तक दूर रहने की सजा सुनाये जाने के बाद जफर पनाही की प्रतिक्रिया (2012 में) : फिल्मकार की दुनिया वास्तविकता और स्वप्नों के बीच के अंतर संबंधों से निर्मित होती है। वह आस पास दिखती सच्चाइयों को फिल्म निर्माण के लिए प्रेरणा के तौर पर ग्रहण करता है, फिर अपनी कल्पना शक्ति से इनमें रंग भरता है और उम्मीदों और स्वप्नों को अच्छी तरह से मिला कर फिल्म को जन्म देता है।

सच्चाई ये है कि मुझे पिछले पांच सालों से फिल्म निर्माण से वंचित रखा गया है और अब तो आधिकारिक तौर पर आने वाले अगले बीस सालों तक मुझे फिल्मों को भूल जाने का फरमान जारी किया गया है।पर मुझे मालूम है कि अपनी कल्पना में मैं अपने स्वप्नों को फिल्म की शक्ल देता रहूँगा.सामाजिक रूप में चैतन्य फिल्मकार होने के नाते मैं अपने आस पास के लोगों के दैनिक जीवन और उनकी चिंताओं को फिल्म की विधा में चित्रित नहीं कर पाऊंगा पर मैं ऐसे स्वप्नों को अपने से परे क्यों धकेलूं कि आने वाले बीस सालों में आज के दौर की तमाम समस्याएं सुलझ जायेंगी। और इसके बाद यदि मुझे फिर से फिल्म बनाने का अवसर मिला तो अपने देश में व्याप्त अमन और तरक्की के बारे में फिल्म बनाऊंगा।

सच्चाई ये है कि उन्होंने मुझे बीस सालों के लिए सोचने और लिखने से मना कर दिया पर इन बीस सालों में वे मुझे स्वप्न देखने से कैसे रोक सकते हैं--- इन बीस सालों में ऐसी पाबंदियाँ और धमकियाँ काल के गर्त में समा जायेंगी और इनकी जगह आजादी और मुक्त चिंतन की बयार बहने लगेगी।

उन्होंने मुझे अगले बीस सालों तक दुनिया की ओर नजर उठा कर देखने की मनाही कर दी है।मुझे पूरी उम्मीद है कि जब मैं इसके बाद खुली हवा में साँस लूँगा तो ऐसी दुनिया में विचरण कर सकूँगा जहाँ भौगोलिक,जातीय और वैचारिक आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा और लोगबाग अपने विश्वासों और मान्यताओं को संरक्षित रखते हुए मिलजुल कर अमन और आजादी से जीवन बसर कर रहे होंगे।

उन्होंने मुझे बीस सालों तक चुप रहने की सजा सुनाई है.फिर भी अपने स्वप्नों में मैं उस समय तक शोर मचाता ही रहूँगा जब तक कि निजी तौर पर एक दूसरे को और उनके नजरियों को धीरज और सम्मान से सुना नहीं जाता।

अंततः मेरे फैसले की सच्चाई यही है कि मुझे छह साल जेल में बिताने पड़ेंगे.अगले छह साल तो मैं इस उम्मीद में जियूँगा ही कि मेरे सपने वास्तविकता के धरातल पर खरे उतरेंगे। मेरे अरमान हैं कि दुनिया के हर कोने में बसने वाले फिल्मकार ऐसी महान फिल्म रचना करेंगे कि जब मैं सजा पूरी होने के बाद बाहर निकलूं तो मैं उस दुनिया में साँस और प्रेरणा लूँ जिसके बनाने के स्वप्न उन्होंने अपनी फिल्मों में देखे थे। अब से लेकर आगामी बीस सालों तक मुझे जुबान न खोलने का फरमान सुनाया गया है...मुझे न देखने का फरमान सुनाया गया है...मुझे न सोचने का फरमान सुनाया गया है...फिल्में न बनाने का फरमान तो सुनाया ही गया है.

बंदिश और मुझे बंदी करने वाले हुक्मरानों की सच्चाई से मेरा सामना हो रहा है।(साथी फिल्मकारों को मुखातिब हो कर) अपने स्वप्नों को जीवित रखने के संकल्प के साथ मैं आपकी फिल्मों में इनके फलीभूत होने की कामना करता हूँ--- इनमें वो सब मंजर दिखाई दे जिसको देखने से मुझे वंचित कर दिया गया है।

**(तस्वीर में जेल से छूटने पर जफर पनाही अपनी पत्नी के साथ – फोटो bbc.com से साभार, प्रस्तुति यादवेंद्र )**

## नवगीत: कनक- चप्पल

वक्त पर कुछ/झाड़ को चंदन करेंगे
कनक- चप्पल तुम पहन लो
अधिकतर चरण- वंदन करेंगे!
चरण-रज को उठा कर/ माथ लेंगे/स्वर्ग के मुख तक तुम्हारा/साथ लेंगे,
अधिकतर पत्थर बनेंगे/फिर सलीके से/यही सिर- भंजन करेंगे!
नकली शराफत, हँसी नकली/ खोल मोटा/खेत तक जाने के पहले हो रहा
खाली है लोटा,/लिये कुश की नुकीली धार/फिर अभिनंदन करेंगे!
कहीं दरबार में झुकते हुए सिर/पगड़ी गिराते हैं/कहीं पर नींद का कब्जा, कहीं
सपने पिराते हैं,/कभी जो मुक्ति करती काम, वही/अब बंधन करेंगे!
बड़ी हैं कामनाएँ तो कमर/झुकती ही जानी है/नहीं आँखों में पानी तो कहाँ
होता ये पानी है! /ये विक्टिम कार्ड खेलेंगे/करुण क्रंदन करेंगे!
भरोसा शब्द तक गायब/रचे रिश्ता कोई कैसे/खनकती पांव की पायल
उछलती - लूटती पैसे,/हमें जो लूटते रहते/वही जन-धन
करेंगे!
कहीं पर चीख सोई है कहीं/आँसू हैं गालों पर/यहाँ मछली
को आता है बहुत ही
प्यार जालों पर,/उन्हें है जिद हमारे
गांव को लंदन करेंगे!



**- सुधांशु उपाध्याय**

# एक बड़े और जुझारू कवि थे विष्णु खरे

### स्मरण



**प्रकाश मनु**

कोई चालीस बरस पुरानी यादें हैं...और मैं अंदर ही अंदर अकुला रहा हूँ। ऐसा कैसे हो सकता है? विष्णु खरे जैसा हर अन्याय के आगे डट जाने वाला, हर अनीति और कपट नीति से अकेला लड़ जाने वाला और जबरदस्त चुनौतियाँ देने वाला हिम्मती और दुर्जेय योद्धा कवि इस तरह जा कैसे सकता है? कभी कल्पना में ही नहीं आता था कि कभी विष्णु खरे न होंगे। लगता था, जैसे विष्णु खरे थे, विष्णु खरे हैं और विष्णु खरे हमेशा रहेंगे। पर कोई चार बरस पहले अचानक हुए मस्तिष्काघात के बाद मृत्यु से एक लंबी लड़ाई लड़ते हुए, अपने ढंग का यह निराला दुर्धर्ष कवि हमें छोड़ गया। विष्णु खरे कवि होने के साथ-साथ बड़े ही मौलिक किस्म के चिंतक, सुविख्यात अनुवादक और आलोचक भी थे। एक बड़े संपादक भी। पर सच तो यह है कि उनके इन सभी रूपों पर उनके कुछ-कुछ खुरदरे और जुझारू कवि-व्यक्तित्व की छाया थी। मानो ये सभी उनके विलक्षण कवि-व्यक्तित्व के ही अनुषांगिक रूप हों। याद है कि सन् 1975 में, जब कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में मैं शोध कर रहा था, तब अपने एक अनन्य मित्र ब्रजेश भाई से लेकर उनका पहला कविता-संग्रह पढ़ा था। अशोक वाजपेयी के द्वारा संपादित 'पहचान' सीरीज की कुल सोलह पृष्ठों की एक छोटी सी पुस्तिका, 'विष्णु खरे की कविताएँ'। और वे कविताएँ पढ़ते हुए मैं अंदर-बाहर से बदल गया था। ताज्जुब हुआ था कि अरे, कविताएँ इतनी खुली, इतनी बेबाक और मर्मभेदी भी हो सकती हैं, जो आपको भीतर तक थरथरा दें...और आपको नए सिरे से सोचने ही नहीं, नए सिरे से जीने की भी चुनौती दें।

ऐसी कविताएँ मैंने पहले कभी पढ़ी न थीं। कविताएँ ऐसी हो भी सकती हैं, सच पूछिए तो मैंने कभी इससे पहले कल्पना ही न की थी। वह मेरा, एक अर्थ में, पुनर्जन्म था। एक लेखक, एक कवि, एक साहित्यिक और एक मनुष्य के रूप में पुनर्जन्म। विष्णु खरे को पढ़ने के बाद मैं वह नहीं रहा था, जो पहले था।

मेरे कथागुरु और लोक साहित्य के मर्मज्ञ देवेंद्र सत्यार्थी कहा करते थे कि कोई आलोचक यह तो बता सकता है कि अच्छी कहानी क्या होती है। पर अच्छी कहानी क्या हो सकती है, इसे तो कोई कहानीकार ही जानता है और अपनी कहानियों में उसे संभव कर दिखाता है। इसी तर्ज पर कहें तो कोई आलोचक यह तो बता सकता है कि अच्छी कविता क्या होती है, पर अच्छी कविता क्या हो सकती है, इसे तो कोई निराला, कोई मुक्तिबोध, कोई रघुवीर सहाय या विष्णु खरे सरीखा बड़े विजन वाला बड़ा और शक्तिशाली कवि ही बता सकता है और स्वयं वैसी कविताएँ लिखकर उसे साबित करता है। इस तरह देखें तो निराला ने जो कविताएँ लिखीं, वे हिंदी कविता में एक नया और चकित करने वाला प्रारंभ थीं और उससे पहले हिंदी कविता में कभी कल्पना तक न की गई थी कि कविता यह भी हो सकती है। मुक्त छंद होते हुए भी इतनी तेजस्विनी, विराट। विष्णु खरे भी इसी अर्थ में अतुलनीय थे। एक विलक्षण कवि, जिन्होंने कविता को गद्य के इतना निकट लाकर भी इतना पुरअसर और जीवंत बना दिया कि कविता मानो विष्णु खरे के निकट आकर फिर से पुनर्नवा होती है। याद आता है, नवें दशक में जब मैं हिंदुस्तान टाइम्स की पत्रिका 'नंदन' में आया, तो नवभारत टाइम्स में विष्णु जी से मिलने गया। और जब मैंने 'पहचान' सीरीज की उनकी कविताओं और मन पर पड़े प्रभाव की चर्चा की, तो वे किंचित अवाक और विस्मित से हुए थे। बहुत देर तक बात चली, कोई डेढ़-दो घंटे। ऐसी तन्मयतापूर्ण बातचीत, जिसमें आपको समय का कुछ होश नहीं रहता। और फिर उन्होंने बड़ी सहृदयता से एस.पी. सिंह समेत अपने कई संपादकीय सहकर्मियों से मुझे मिलवाया था।

वह एक विरल और हमेशा याद रहने वाली आत्मीय मुलाकात थी। मैं उन्हें सत्यार्थी जी पर एक संस्मरणात्मक लेख देकर आया था, जिसे उन्होंने नवभारत टाइम्स में बड़े प्रमुख रूप में छापा था। फिर ऐसी ही तीन-चार और खुली, अंतरंग मुलाकातें, जिनकी सुवास अब भी मन में है। बाद में विष्णु खरे नवभारत टाइम्स के कार्यकारी संपादक नियुक्त हुए और उन्होंने अखबार को अपने व्यक्तित्व के अनुरूप साहसी कलेवर और एक नई चमक दी।

कुछ समय बाद विद्यानिवास मिश्र नवभारत टाइम्स के संपादक नियुक्त हुए, तो बहुत कुछ एक साथ बदला। पता चला, विष्णु खरे नवभारत टाइम्स के जयपुर संस्करण के स्थानीय संपादक होकर, वहाँ चले गए हैं। फिर कुछ दिनों बाद पता चला कि परिस्थितियाँ इतनी जटिल होती गईं कि अपने वैचारिक मतभेदों के चलते विष्णु जी को नवभारत टाइम्स छोड़कर बाहर आना पड़ा। हा, हंत...! मेरे मुँह से निकला। एक कराह की तरह।

उन्हीं दिनों पत्रकारिता की दुनिया पर लिखा गया मेरा उपन्यास 'यह जो दिल्ली है' खासा चर्चित हुआ था, जिसका नायक सत्यकाम तमाम उम्र लड़ाइयाँ ही लड़ता रहा। इससे, उससे और किस-किस से नहीं। वह टूट भले ही गया हो, पर झुका नहीं। विष्णु जी के बारे में पढ़ा, सुना तो लगा, वे भी तो एक सत्यकाम ही हैं। मैं उन्हें 'यह जो दिल्ली है' उपन्यास भेंट करने पहुँचा और उनसे देर तक मैं पत्रकारिता जगत की उन विस्थितियों की कथा सुनता रहा, जो विष्णु खरे सरीखे बड़े लेखक, कवि, चिंतक और संपादक को भी बर्दाश्त नहीं कर पाती।

विष्णु जी ने उपन्यास पढ़ा और फिर उनका फोन आया कि पत्रकारिता जगत की तकलीफों और अंदरूनी हालात पर लिखा गया ऐसा कोई दूसरा उपन्यास उन्होंने पढ़ा नहीं है। बल्कि उन्होंने बड़ी कशिश के साथ कहा कि, 'प्रकाश जी, आपके उपन्यास ने मेरे भीतर यह इच्छा जगा दी है कि मैं भी पत्रकारिता जगत के अपने अनुभवों को उपन्यास की शक्ल में सामने लाऊँ।...वह कब हो पाता है, कह नहीं सकता!'

उसी दिन विष्णु खरे से एक लंबी और खुली बातचीत का खयाल मन में आया, जिसमें उनके जीवन के संघर्षों और उनकी विकट चुनौतियों से भरी रचना-यात्रा दोनों को एक साथ रखकर मैं बात करना चाहता था। विष्णु जी से मैंने कहा, तो उन्होंने सहज स्वीकृति दे दी। उन्होंने कविता संग्रह 'खुद अपनी आँख से' तथा आलोचनात्मक लेखों की पुस्तक 'आलोचना की पहली किताब' समेत अपनी कुछ पुस्तकें मुझे भेंट कीं। 'यह चाकू समय' (अत्तिला योझेफ) और 'हम सपने देखते हैं' (मिक्लोश राद्नोती) सरीखे अनुवाद भी। मेरे लिए ये पुस्तकें किसी दुर्लभ उपहार से कम न थीं, और विष्णु जी को फिर से और नए सिरे से जानने की उत्सुकता मन में जाग गई थी।

फिर उनसे एक लंबा इंटरव्यू, जो सुबह नौ बजे से शाम को साढ़े सात बजे तक अविरल चलता रहा। एक खुला इंटरव्यू, जिसमें कोई बने-बनाए सवाल नहीं थे। एकदम खुली बातचीत, जिसमें उनके जीवन के तमाम उतार-चढ़ाव थे, अंतहीन लड़ाइयाँ थीं, उनकी कविता, उनकी आलोचना, उनकी पत्रकारिता...उनके तमाम मूड्स, उनकी चिंताएँ, भीतरी व्याकुलता और आगे भी बहुत कुछ कर गुजरने का संकल्प—सब कुछ समाता चला जा रहा था।

शाम को करीब चार बजे विष्णु जी विष्णु जी जिस तख्त पर बैठे मेरे सवालों के जवाब दे रहे थे, उस पर सीधे लेट गए। मैंने कहा, 'विष्णु जी, आप थक गए हैं। मैं बातचीत यहीं रोक देता हूँ।' इस पर उनका क्षीण सा स्वर—'आपके सवाल खत्म हो गए...?' मैंने कहा—'नहीं विष्णु जी, सवाल तो अभी हैं।'

'तो फिर पूछिए...!'—वही क्षीण सी आवाज।

कोई साढ़े सात बजे तक चला इंटरव्यू...और फिर कोई महीने, डेढ़ महीने में वह लिखा गया। भाई ज्ञानरंजन जी ने 'पहल' में उसे अविकल रूप में छापा, तो मेरे पास उन पर आने वाली चिट्ठियों और प्रतिक्रियाओं का अंबार लग गया। वही हालत विष्णु जी की थी। कई नामचीन साहित्यकारों ने पत्र लिखकर या फिर फोन पर मुझे बधाई दी।

फिर तो मुलाकातें, मुलाकातें और निरंतर मुलाकातें। हर मुलाकात एक नई, अद्भुत और यादगार मुलाकात।...जब-जब उनसे मिलकर आता, मैं घर आकर चुपके से उसके बारे में लिख डालता। ये सब मेरे लिए बेशकीमती दस्तावेज थे। उनकी कविताओं पर भी लंबा लेख लिखा गया। उनके द्वारा अनूदित बृहत फिनी राष्ट्रकाव्य 'कालेवाला' पर भी। इन सबको समाहित करती हुई वाणी प्रकाशन से मेरी पुस्तक आई—'एक दुर्जेय मेधा : विष्णु खरे'।...एक बृहत् पुस्तक, जिस पर खूब सराहना मुझे मिली। हाँ, किताब पढ़कर परेशान होने वाले लोग भी कम न थे। इसलिए कि विष्णु जी अपनी बात बेबाकी से कहते थे, और इस पुस्तक में उनसे लिए गए चार इंटरव्यू शामिल थे।

फिर विष्णु जी दिल्ली से चले गए तो भीतर बहुत कुछ टूटता सा लगा। पर मुंबई से भी वे बराबर खबर लेते। फिर विष्णु जी हिंदी अकादेमी के उपाध्यक्ष बनकर दिल्ली आए, तब भी फोन—निरंतर फोन उनके आते रहे। आखिरी फोन 11 सितंबर को रात दस बजे आया—'कैसे हैं प्रकाश जी?'...मैंने उन्हें बताया कि त्रिवेणी सभागार वाली काव्य-गोष्ठी में मैं गया था। मेरे जीवन का बड़ा अद्भुत...बड़ा आश्चर्यजनक अनुभव था वह। पूरा त्रिवेणी सभागार भरा हुआ था। उसमें ज्यादातर नौजवान पीढ़ी के लोग थे, और वे इतनी तल्लीनता से कविताएँ सुन और सराह रहे थे कि मैं सचमुच अचरज में पड़ गया कि वे कौन लोग हैं, जो कहते हैं कि आज की कविता संप्रेषित नहीं होती! मैंने तीस या चालीस लोगों की गोष्ठी में तो देखा है कि कोई कविता पढ़ रहा है और सब उसी लय में बह रहे हैं। एक वातावरण सा निर्मित हो रहा है।...पर इतने बड़े सभागार में कविता का ऐसा कार्यक्रम...! मेरे जीवन का यह एक विरल और यादगार अनुभव है।

इस पर विष्णु जी प्रसन्न होकर बोले—'हाँ प्रकाश जी, एकदम पिन ड्रॉप साइलेंस था।...'

फिर विष्णु खरे द्वारा 'इंद्रप्रस्थ भारती' के कहानी विशेषांक की चर्चा चली। मैंने कहा, 'विष्णु जी, इसमें कछ कहानियाँ तो जबरदस्त हैं। फिर एक ताजगी, एक नयापन तो है ही इसमें। जल्दी ही मैं इस विशेषांक पर एक लंबा पत्र लिखूँगा आपको।...' उन्होंने उत्साहित स्वर में कहा, 'हाँ लिखिएगा प्रकाश जी।'

बस, यही आखिरी संवाद...और फिर सारे तार झनझनाकर टूट गए...!

रात करीब दस बजे उनका फोन आया था, जो शायद सवा दस बजे तक चला। और फिर उसी रात कुछ ही घंटों बाद दुख की वह काली घटा छा गई, जो धीरे-धीरे उन्हें अपने भीतर समेटती गई।...विष्णु जी को मस्तिष्काघात!।उन्हें चाहने वाले बहुत थे। पूरे हिंदी जगत को शोकमग्न करके विष्णु खरे चले गए।

हालाँकि विष्णु खरे अपने पूरे जोम पर थे, जब गए। कविता और साहित्य के लिए दीवानगी, उनके रोम-राम में समाई हुई थी। समकालीन कवियों में विष्णु खरे की कविता का मिजाज सबसे जुदा था। मुक्तिबोध की तरह ही उनकी कविताओं की बिल्कुल अलग काट है। सच पूछिए तो विष्णु खरे की लगभग सारी कविताएँ कविता को नेगेट करके ही कविता बनती हैं...या कि कविता बनना चाहती हैं। वे कविताई के ढंग पर चलकर कविता नहीं होना चाहतीं। बल्कि उनकी जिद है—बड़ी सख्त और अपूर्व जिद कि वे कविता के अभी तक बने-बनाए रास्ते के एकदम उलट चलकर ही खुद को कविता साबित करेंगी। आप अंदाजा लगा सकते हैं—यह कितनी कठिन और खतरनाक जिद है?



शायद इसीलिए विष्णु खरे की कविताओं से जो आपको मिलता है, उसे कविताई का आनंद नहीं कह सकते, यह अकविताई का आनंद है। यह कितना पीड़ामिश्रित, कितना उदात्त है...और कविता के सामान्य आनंद से कितना ऊपर उठा हुआ आनंद है, हम केवल उसका अनुमान भर लगा सकते हैं या उसके थोड़े आस-पास ही जा सकते हैं। उसे ठीक-ठीक पाना बहुत मुश्किल है, क्योंकि वह तो केवल विष्णु खरे के हिस्से की ही चीज है।...यानी कि विष्णु खरे और उनकी कविताओं को सराहने के लिए भी आपको एक और विष्णु खरे होना पड़ता है।

विष्णु खरे की कविताएँ अपने स्वभाव में रूखी, खुरदरी और चटियल कविताएँ हैं। वे अपनी कविताओं को वैसा बनाते नहीं है, पर उनका जो कविता को जीने और देखने का नजरिया है, उसमें कविताएँ स्वभावतः इसी रूप में उनके निकट आती हैं। 'काल और अवधि के दरमियान' संग्रह में एक कविता है 'वाक्यपदीयम्', जिससे विष्णु जी की कविता लिखने की ख्वाहिश और लक्ष्य का बहुत कुछ पता चल जाता है। यों तो इसमें एक वाक्य—एक प्रभावशाली और उथल-पुथल कर देने वाला वाक्य लिखने की इच्छा का बयान है, जिसकी गूँजें-अनुगूँजें सारे ब्रह्मांड में भर जाएँ। पर गौर से देखें तो कैसी कविता वे बनाना चाहते हैं—या अपनी कविता के जरिए क्या काम वे करना चाहते हैं, इसकी भी पूरी झलक यहाँ मिल जाती है।

इसी तरह विष्णु जी ने प्रचुर अनुवाद कार्य किया है, और इस काम में उनकी दक्षता, कौशल और समर्पण चकित करने वाला है। उन्होंने विदेशी कविता से हिंदी तथा हिंदी से अंग्रेजी में सर्वाधिक अनुवाद कार्य किया है। केवल बीस वर्ष की अवस्था में विष्णु खरे द्वारा किया गया टी.एस. एलियट की कविताओं का अनुवाद 'मरुप्रदेश तथा अन्य कविताएँ' छप चुका था।

विष्णु जी के अनुवाद-कार्यों में फिनलैंड के राष्ट्रीय महाकाव्य 'कालेवाला' का अनुवाद बेहद महत्त्वपूर्ण है। महाभारत सरीखे इस बृहत महाकाव्य के केंद्र में वैनामोयनिन का बड़ा अद्भुत और करिश्माई चरित्र है। विष्णु खरे ने वर्षों के अथक श्रम से फिनलैंड के इस लोक महाकाव्य का हिंदी में काव्यानुवाद किया। मुझे याद पड़ता है, इस बारे में कोई दो दशक पहले दूरदर्शन के लिए उनसे बातचीत हुई थी। इसमें एक महाकाव्य के रूप में 'कालेवाला' के दुर्वह आकर्षण, खुलेपन, विस्तार और बहुत सारी विशेषताओं की चर्चा हुई, तो संदर्भवश भारतीय महाकाव्यों 'रामायण' और 'महाभारत' तथा लोककाव्य पर भी बड़ी रसपूर्ण बातचीत हुई, जो आज भी खासी मौजूँ है।

सच पूछिए तो विष्णु जी के पास इतना बड़ा दिल था—और ऐसा कबीरी ठाट वाला व्यक्तित्व उनका था कि वे सभी के थे। सभी के कुछ न कुछ थे।...और मेरे तो वे एक प्यारे और निराले दोस्त, गाइड और संरक्षक सब थे। अपने बाद वाली पीढ़ी को इतना प्यार करने और उन पर इस कदर भरोसा करने वाले लेखक कम, बहुत कम हैं। विष्णु खरे इस मामले में निराले थे। विलक्षण। उनके जाने से साहित्य की दुनिया में एक ऐसा अभागा सन्नाटा और खालीपन है, जो कभी भरा नहीं जा सकेगा। हालाँकि अपनी बेशुमार यादों, यादों और यादों के साथ विष्णु खरे आज भी हम सबकी स्मृतियों में हैं, और हमेशा बने रहेंगे!

**प्रकाश मनु, 545 सेक्टर-29, फरीदाबाद (हरियाणा), पिन-121008, मो. 09810602327, ईमेल – prakashmanu333@gmail**

# गांधी-गोडसे-एक युद्ध: गोडसे की कलंकमुक्ति का प्रोजेक्ट

### प्रसंगवश



**संजय कुंदन**

फिल्म ह्यगांधी गोडसे-एक युद्धह्व इतिहास को मनमाने तरीके से तोड़ने-मरोड़ने, उसके साथ खिलवाड़ करने और जनता के दिमाग में जहर भरने के अभियान का ही एक हिस्सा है। यह अभियान किन ताकतों द्वारा चलाया जा रहा है और इससे किसको फायदा मिलने वाला है, यह बताने की जरूरत नहीं है। मैं इसकी तुलना उस नाटक से नहीं कर रहा, जिस पर आधारित होने का यह दावा करती है। मैं सिर्फ.फिल्म पर बात कर रहा हूं।

फिल्म इस कल्पना पर आधारित है कि गोडसे के हमले में गांधी बच जाते हैं और स्वतंत्र भारत में उनके द्वारा सामाजिक स्तर पर पहलकदमी को कानून के विरुद्ध मानकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। गांधी के कहने पर उन्हें जेल में उसी कमरे में रखा जाता है, जिसमें नाथूराम गोडसे बंद है। गांधी चाहते हैं कि वह गोडसे से बहस करें और उसका हृदय परिवर्तन करने की कोशिश करें। दरअसल फिल्म का केंद्रीय तत्त्व यही है-गांधी-गोडसे की बहस। गांधी अपना पक्ष रखना चाहते हैं और गोडसे अपना। फिल्म यह मानकर चल रही है कि देश में दो मजबूत विचारधाराएं हैं। एक के प्रतिनिधि गांधी हैं और दूसरे के गोडसे। गांधी मजबूती से अहिंसा, सर्वधर्म समभाव, धर्मनिरपेक्षता के पक्ष में तर्क रखते हैं और गोडसे को निरुत्तर करते जाते हैं। गोडसे के मुस्लिम विरोधी या हिंदू राष्ट्र के पक्ष में दी गई दलीलों को वे काटते जाते हैं और ऐसा लगता है कि फिल्म गांधी के पक्ष में और एक समावेशी, धर्मनिरपेक्ष भारत की वकालत कर रही है। लेकिन वह बड़ी चालाकी से धीरे-धीरे अपने अजेंडे पर आती है। फिल्म में नेहरू, आंबेडकर और अन्य नेताओं को गांधी से परेशान दिखाया जाता है और बार-बार यह संकेत किया जाता है कि गांधी की हत्या की साज़िश चल रही है और एक अनाम शख्स बार-बार गांधी पर पिस्तौल तान रहा है, पर असफल हो रहा है।

फिल्म में गांधी अपने आश्रम में रह रही एक लड़की को उसके प्रेमी से मिलने नहीं देते। उसका प्रेमी जब आश्रम में रहने की बात करता है तो वह दोनों को भाई-बहन की तरह रहने के लिए कहते हैं। प्रेमी लड़की से दूर चला जाता है और लड़की परेशान रहती है। उसकी परेशानी गोडसे से देखी नहीं जाती और वह अचानक प्रेम के रक्षक के रूप में सामने आता है और गांधी को फटकारता है। गांधी उससे प्रभावित होते हैं और उन प्रेमियों का विवाह करवा देते हैं। फिर गांधी पर गोली चलती है और गोडसे उन्हें बचा लेता है। फिल्म का अंत एक प्रतीकात्मक दृश्य से होता है। गांधी और गोडसे जेल से बाहर आ रहे हैं और दोनों के समर्थक खड़े हैं। दोनों की संख्या बराबर है। गांधी और गोडसे अपने-अपने समर्थकों के साथ चले जाते हैं। बहस में देर तक गांधी बहुत मजबूत दिखाई देते हैं। लेकिन धीरे-धीरे बड़े शातिराना तरीके से फिल्म बताती है कि गांधी ने ही गोडसे को प्रभावित नहीं किया बल्कि गोडसे ने भी गांधी का व्यक्तित्व बदला। एक साधारण आदमी इसे इसी रूप में ग्रहण करेगा कि गोडसे एक सिद्धांतवादी रूमानी व्यक्ति था, जिसने नादानी में गांधी की हत्या कर दी। असल में तो गांधी का हत्यारा तो कोई और है। वह कौन है? क्या कांग्रेस? शायद इशारा यही है। फिल्म में यह संकेत है कि कुछ सामंती-सनातनी ताकतें गांधी को बर्दाश्त नहीं कर पा रही हैं। वह उनसे छुटकारा चाहती हैं। इतिहास गवाह है कि ऐसी ताकतों का प्रतिनिधित्व सावरकर जैसे लोग कर रहे थे, लेकिन फिल्म उनकी भूमिका पर मौन रहती है।

फिल्म के निर्देशक राजकुमार संतोषी ने एक साक्षात्कार में कहा है कि उन्होंने ईमानदारी से गांधी और गोडसे, दोनों का पक्ष रखने की कोशिश की है और वह फिल्म बनाने में तटस्थ रहे हैं। बकौल संतोषी लोगों को नाथूराम गोडसे के बारे में सही जानकारी नहीं दी गई है, उसका पक्ष सामने नहीं आने दिया गया है। क्या संतोषी जी को यह नहीं मालूम कि नाथूराम गोडसे का कोर्ट में दिया गया लंबा बयान सार्वजनिक हो चुका है। कई किताबों में यह आ चुका है। पहले भी उसका पक्ष लेते हुए नाटक लिखे जा चुके हैं। निर्देशक महोदय अपने को ईमानदार बताते हैं। अगर वह ईमानदार होते तो इतिहास के साथ इस तरह खिलवाड़ नहीं कर रहे होते। जाहिर है उनके कृत्य में नाटककार की भी सहमति और भागीदारी है। फिल्म में मनमाने तरीके से दृश्य बनाए गए हैं। उन सारे दृश्यों का मकसद गोडसे को ऊंचा उठाना और गांधी को गिराना है। ऐसे कितने ही उदाहरण दिए जा सकते हैं। जैसे गोडसे जेल में बैठकर अखबार निकाल रहा है। अखबार की सुर्खियां तक दिखा दी गई हैं। वे सारी नकली सुर्खियां हैं।

अगर इतिहास को लेकर यह फिल्म ईमानदार होती तो उन ताकतों की ओर भी इशारा जरूर करती, जिसने गोडसे को हत्या के लिए तैयार किया और मदद की। फिल्म में लगता है कि यह गोडसे का निजी फैसला था और गोडसे ने यह फैसला विभाजन की विभीषिका को देखकर और पाकिस्तान को 55 करोड़ दिए जाने की बात सामने आने पर किया। जबकि गांधी की हत्या की कोशिशें पहले से चल रही थीं। इसके पीछे की राजनीति और गोडसे के पीछे खड़ी ताकतों पर कोई बात नहीं होती। फिल्म में नेहरू, पटेल और आंबेडकर खलनायक की तरह लगते हैं। राजकुमार संतोषी और असगर वजाहत सचमुच ईमानदार होते तो गांधी का पक्ष पूरी तरह सामने लाते। मगर कई ऐसे मुद्दों पर गांधी को चुप करा दिया गया है जिस पर उनका स्टैंड पूरी दुनिया को मालूम है। वंदे मातरम् गाने का मुद्दा इसका एक उदाहरण है। एक काल्पनिक दृश्य के जरिए फिल्म में गोडसे का हृदय परिवर्तन दिखाया गया है। वह बापू को एक अनाम शख़्स के हमले से बचाता है। जिस गोडसे को अपने किए का कोई पछतावा ही नहीं था, उसे इस रूप में दिखाना आखिर क्या संकेत करता है? शायद यही कि देश के कुछ लोगों के जेहन में गोडसे की जो आपराधिक छवि बनी हुई है, वह पूरी तरह धुल जाए। असल में संघ और उससे जुड़ा एक बड़ा तबका गोडसे को गांधी की हत्या के कलंक से मुक्त करने का अभियान चलाता रहा है। गौरतलब है कि मुंबई के शोधकर्ता और अभिनव भारत के न्यासी डॉ. पंकज फडणीस ने अक्टूबर 2017 में महात्मा गांधी की हत्या की दोबारा जांच करवाए जाने की मांग करते हुए एक याचिका दायर की थी जिसमें दावा किया गया था कि बापू की हत्या एक रहस्यमय शख्स ने की है। उस शख्स ने 'चौथी गोली' चलाई थी, जो गांधी की मौत के लिए जिम्मेदार थी। इसकी जांच के लिए कोर्ट ने न्यायमित्र नियुक्त कर दिया और उसकी रपट के आधार पर याचिका निरस्त की गई और कहा कि गांधी को गोडसे ने ही मारा। इसकी दोबारा जांच की जरूरत नहीं है। इस फिल्म के जरिए गोडसे की कलंकमुक्ति के उसी अभियान को आगे बढ़ाया गया है।


फिल्म जैसे माध्यम में निष्कर्ष या क्लामेक्स या एंड नोट बड़ा मायने रखता है। फिल्म गांधी को महत्वपूर्ण बताते-बताते अचानक गोडसे पर खत्म होती है। गांधी गोडसे की बात मानकर अपना एक निर्णय बदलते हैं और गोडसे ही उनकी जान बचाता है, तो एक आम दर्शक के जेहन में हीरो बनकर गोडसे आता है, वही दर्ज होता है।

ठीक है कि जब इतिहास किसी कृति में ढलेगा तो उसमें कल्पना भी होगी। पर किस हद तक? दरअसल कल्पना भी इतिहास के सूत्रों के सहारे ही चलती है। इतिहास जो कहता है, कल्पना उसी सूत्र को लेकर आगे बढ़नी चाहिए। कल्पना इतनी अराजक नहीं हो सकती कि वह ऐतिहासिक तथ्यों को ही बदल दे। अगर कोई नयी चीज लाई जाती है, तो वह ठोस प्रमाणों की रोशनी में लायी जानी चाहिए। यह फिल्म इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने और उसके साथ घिनौने मजाक का उदाहरण है।

दरअसल यह फिल्म बड़ी चालाकी से संघ के भावी अजेंडे को आगे बढ़ाती है। चूंकि गांधी को नकाराना उसके लिए मुश्किल है, तो वह एक ऐसा ढांचा बनाना चाहता है जिसमें गांधी और गोडसे, दोनों के लिए गुंजाइश हो। गांधी आदर्शों में सीमित रहें और व्यवहार में गोडसे की लाइन चले। सरल शब्दों में कहें तो एक ऐसा हिंदू राष्ट्र बने जिसके राष्ट्रपिता गांधी बने रहें। गांधी की आलोचना से हमें कोई परहेज नहीं है। आलोचना हर बड़े व्यक्तित्व की होनी चाहिए। लेकिन सवाल है कि आप किस जमीन पर खड़े होकर आलोचना कर रहे हैं और उसका मकसद क्या है। जब आप गांधी की आलोचना गोडसे की जमीन पर खड़े होकर करेंगे तो आपकी राजनीति समझ में आती।

**(लेखक कवि, कथाकार और संपादक हैं, संपर्क 99102 57915)**

### व्यंग्य



## व्यंग्यकार होना भी एक मुसीबत

**यशवंत गोरे**

व्यंग्यकार कहलाना भी एक मुसीबत हो सकता है। यह तब मालूम पड़ता है जब बहुत दिन से कोई रचना पत्र -पत्रिका में कही नहीं छपती है । अगर छपते रहो तो भी मुसीबत है । जिन्हे लगातार छपने से जलन होती है ऐसे लोग बड़े खुश होते है । सोचते है नए -नए व्यंगकार को बहुत तव्वजो मिल रही है। लगता है संपादकों से कोई जुगाड़ जमा रखी है। व्यंगकार के कुछ शुभ चिंतक भी तो होते ही है , चिंता व्यक्त करने लगते है। कुछ अनहोनी तो नहीं हो गई। आखिर व्यंगकार भी तो एक इंसान है। बीमार पड़ सकता है , परिवार के साथ पर्यटन पर मजे करने भी जा सकता है। परिवार -रिश्तेदारों के सुख-दुःख में शामिल भी होना पड़ता है। किसी परिजन - प्रियजन के निधन से दुखी भी हो सकता है। अर्धांगिनी के साथ घर के काम में हाथ भी तो बाँटना पड़ता है। अगर मटर की कचोरी खानी है तो दो-दो किलों मटर लेकर उसे छीलकर भी तो देना पड़ेगा। मैथी के पराठे खाने है तो मैथी साफ करके भी तो देनी पड़ेगी। अचार , पापड़- बड़ी बनाने में भी मदद करना पड़ती है। बीमारी में व्यंग्य लिखने बैठो तो सुनना पड़ता है ' ऐसी भी क्या पड़ी है व्यंग्य लिखने की , पहले ठीक तो हो जाओं पूरी जिंदगी पड़ी है व्यंग्य लिखने की , लिखते रहना। ' परिजन के निधन पर दुखी मन से व्यंग्य तो नहीं लिखा जा सकता। यदि गम भुलाने के कुछ लिखने बैठो तो रिश्तेदारों के ताने सुनों , घर में सब दुखी हो रहे है और उन्हें व्यंग्य लिखने की सूझ रही है। लगातार व्यंग्य छपने से अब कॉलोनी वाले भी जानने लगे है कि हम भी एक व्यंग्यकार है। कॉलोनी के कोने वाले स्कूल में इस बार अमृत काल के गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनने का निमंत्रण भी मिल गया । स्कूल के बच्चे भी जानने लगे कि हम भी एक व्यंगकार है। बहुत दिनों से कालोनी के व्हाट्सअप ग्रुप के स्टेटस पर व्यंग नहीं दिखने से एक दिन पड़ोसन ने धर्मपत्नी से पूछ लिया ' भाभी जी घर में सब ठीक-ठाक तो चल रहा है , कोई टेंशन है क्या , भाई साब के व्यंग्य बहुत दिनों से पढ़ने में नहीं आ रहे है ? पड़ोसन भी व्हाट्सअप ग्रुप में जुड़ी होने से हमारा स्टैट्स रोज देखती थी।

शुभ चिंतकों के व्हाट्सएप पर मैसेज आने लगे .' क्या बात है आजकल व्यंग्य नहीं छप रहे है। सब ठीक-ठाक तो है ? कोई पूछ रहा था ' क्या अखबार वालों से पंगा ले लिया है ? क्या कोई किसी और की रचना कट-पेस्ट कर भेज दी थी ? इस बीच एक शादी समारोह में जाने का सुअवसर मिला।

कुछ लोग झुंड में खड़े थे , उनमें से एक सज्जन हमें जानते थे , देखते ही आपस में फुसफुसाने लगे हमारी तरफ इशारा करते हुवे बता रहे है 'देखो ये जो आ रहे है एक व्यंगकार है ' दूसरे सज्जन के बोल शादी के शोर में भी हमारे कान में सुनाई दिए , बोल रहे थे आजकल इनके जैसे बहुत सारे नए - नए व्यंगकार पैदा हो गए है। दो-चार अखबार और पत्रिकाएं पढ़ लेते है , कुछ इधर की कुछ उधर मिलाकर व्यंग्य लिख देते है। सोशल मिडिया से उठाकर कट- पेस्ट कर अखबारों को भेज देते है और अपने आप को व्यंगकार कहलवाने लगते है। यदि यह व्यंग्य रचना प्रकाशित होती है तो , शुभचिंतक तो जरूर प्रसन्न होंगे , परन्तु व्यंग्य नहीं छपने से जो लोग खुश हो रहे थे उन्हें जरूर तकलीफ होगी।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9425492928)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# ब्राह्मण सभा ने स्वामी प्रसाद मौर्या के पुतले को दी फांसी

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण सभा के तत्वावधान में प्रबुद्धजनों ने नगर के कलेक्ट्री चौराहा पर जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्ण दुबे की अध्यक्षता में एक बैठक कर स्वामी प्रसाद मौर्या द्वारा श्री रामचरित मानस पर की गई टिप्पणी का विरोध करते हुये उनके पुतले को फांसी दी।

महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पं. सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन ने कहा कि सनातन धर्मावलम्बियों के सबसे लोकप्रिय ग्रन्थ श्री रामचरित मानस के विरुद्ध स्वामी प्रसाद मौर्या की टिप्पणी निंदनीय है। इससे करोड़ो लोगों की भावनाएं आहत हुयी हैं। हमारा संगठन इसका पुरजोर विरोध करता है, इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। आर्यावर्त महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कथावाचक पं.गोविन्द शास्त्री ने कहा कि राजनेता केवल राजनीति करें, धर्मशास्त्रों पर टिप्पणी करना बंद करें। प्रदेश महामंत्री अशोक कुमार तिवारी ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और धर्म का अपमान करने के लिए स्वामी प्रसाद मौर्या के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करते हुये इन्हें जेल भेजने की मांग की। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव पं.संजय कुमार पाण्डेय, बंशीधर पाठक, रितेश पाण्डेय, विनोद उपाध्याय, सच्चिदानंद उपाध्याय, मंटू पाण्डेय, अनुराग तिवारी, आशीष पाण्डेय, पिंकू तिवारी, हरिप्रसाद मिश्रा, समर यादव, निखिल दुबे, पवन पाण्डेय आदि मौजूद रहे।


स्वामी प्रसाद मौर्य के पुतले को फांसी देते ब्राह्मण महासभा के लोग।

# परीक्षा देकर वापस जा रहे भाई-बहन पर हमला

जनसंदेश न्यूज

**दबंगई**

**पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने दिया घटना को अंजाम**

**लालगंज (आजमगढ़)।** मेहनाजपुर थाना क्षेत्र में स्थित कृपा डिग्री कॉलेज की छात्रा बीएड की परीक्षा देने बाइक से अपने भाई आदित्य पांडेय के साथ गई थी। छात्रा भाई के साथ बाइक से वापस जा रही थी कि जैसे ही मेहनाजपुर थाना क्षेत्र के इटैली बाजार पहुंचे इसी बीच पीछे से आए एक बाइक पर सवार दो युवकों ने छात्रा और उसके भाई पर लोहे की रॉड और चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में छात्रा नेहा पांडे और भाई को गंभीर चोट आई है। सूचना मिलते ही आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और एक आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्रा और उसके भाई को इलाज के लिए मेहनाजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने हमला किया है। पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों का काफी दिनों से विवाद चल रहा है। आरोपी सुलह समझौता करने के लिए दबाव बना रहे थे। बात न मानने पर हमला किया गया। छात्रा को गंभीर चोट आई है। छात्रा और भाई का इलाज चल रहा है। मामले में एक आरोपी रितेश यादव को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है और फरार आकाश यादव की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार शीघ्र ही इसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षेप

### विकास और रोजगार सृजन को मजबूत प्रोत्साहन प्रदान करेगा बजट



**आजमगढ़।** भाजपा जिलाध्यक्ष सदर ध्रुव सिंह के नेतृत्व में 2 फरवरी से 12 फरवरी तक केन्द्रीय बजट के महत्वपूर्ण विषयों एवं इसके दूरगामी सकारात्मक प्रभाव को जनजन तक, गोष्ठी, सम्मेलन और विद्यालयों में नो योर बजट की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को अग्रवाल धर्मशाला आसिफगंज में पूर्व नगर अध्यक्ष विनय प्रकाश गुप्ता के संयोजन में व्यापारियों के बीच गोष्ठी का आयोजन किया गया। होटल मानसरोवर मड़या में पूर्व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा राकेश सिंह के संयोजन में विभिन्न सामाजिक संगठनों के बीच में गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.भक्तवत्सल और जिला सहसंयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ.सुभाष सिंह मौजूद रहे। गंगा देवी बालिका इंटर कॉलेज खीरीडीहा में जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा श्रीकांत मौर्य के संयोजन में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा दिवाकर सिंह पूर्व जिला महामंत्री दिवाकर सिंह मौजूद रहे। अग्रवाल धर्मशाला में गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व नगर अध्यक्ष डा. दुर्गा प्रसाद अस्थाना ने कहा कि यह बजट नागरिकों के लिए बड़े अवसर उपलब्ध कराएगा। विकास और रोजगार सृजन को मजबूत प्रोत्साहन प्रदान करेगा। यह बजट व्यापक आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा। यह बजट मात्र 2023 -24 के विकास का एजेंडा नहीं है बल्कि देश के लिए अगले 25 से 50 वर्षों हेतु विकसित अर्थव्यवस्था की बुनियाद रखने वाला ब्लूप्रिंट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बजट के माध्यम से पुरानी टैक्स व्यवस्था को खत्म करते हुए मध्यम वर्ग के लोगों को ऐतिहासिक तोहफा दिया है।

### वेदांता ग्रुप में क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**आजमगढ़।** वेदांता ग्रुप के संस्थान वेदांता स्कूल आफ नर्सिंग एवं पैरामेडिकल साइंस में बुधवार को अमृत काल बजट संगोष्ठी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक ऋत्विक जायसवाल, प्रतियोगिता को संपन्न कराने में संस्था के डायरेक्टर आलोक जायसवाल, विशाल जायसवाल, स्कूल प्राचार्या, शिक्षिका एवं शिक्षक का मुख्य योगदान रहा। मुख्य अतिथि के रूप में अरविंद जायसवाल क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी गोरखपुर क्षेत्र एवं प्रवीण सिंह जिला संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.गौरव जायसवाल अनुसंधान वैज्ञानिक मौजूद रहे। प्रतियोगिता में लगभग 250 बच्चों ने प्रतिभागी के रूप में हिस्सा लिया तथा संगोष्ठी में 7 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लेकर बजट 2023-24 पर विस्तृत रूप से अपने पक्ष रखे। इस बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हर वर्ग का विशेष ध्यान रखा विशेषकर महिला रेलवे, लघु उद्योग, स्वास्थ्य शिक्षा एवं पर्यटन पर विशेष ध्यान दिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में माधवेंद्र सिंह, भैरव राय, राधेश्याम जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### महिला शिक्षकों ने मनाया स्थापना दिवस



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ को दो वर्ष पूरे होने पर जहां पूरे प्रदेश में महिला शिक्षक संगठनों द्वारा जगह-जगह अपने तरीके से स्थापना दिवस मनाया जा रहा है वहीं ब्लॉक अतरौलिया की महिला शिक्षक संघ की कार्यकारिणी द्वारा प्राथमिक विद्यालय भोराजपुर कला के बच्चों को मिष्ठान वितरण के साथ-साथ कॉपी पेंसिल रबड़ इत्यादि देकर स्थापना दिवस मनाया गया। महिला शिक्षक संघ की अध्यक्ष सीमा गौतम ने प्राथमिक विद्यालय भोराजपुर कला की प्रधानाध्यापिका ग्रीशा को सहयोग देने हेतु धन्यवाद दिया। साथ ही साथ संगठन को और मजबूत बनाने तथा महिला शिक्षिकाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ शपथ ली। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ ब्लाक अतरौलिया की उपाध्यक्ष शालिनी, पीयूष रत्ना, पूजा, रिमझिम, कोषाध्यक्ष कुसुम यादव, अनीता वर्मा, सोनू गौतम मौजूद थीं। कार्यक्रम विद्यालय के बच्चों के साथ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

### पुतला दहन मामले में 18 नामजद

**लालगंज (आजमगढ़)।** बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर मंगलवार को अधिवक्ताओं ने 6 सूत्रीय मांग के समर्थन में मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर उप जिलाधिकारी सुरेन्द्र नारायण त्रिपाठी को पत्रक दिया था। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक देवगांव, चैकी प्रभारी लालगंज मौके पर पहुंचे थे तब तक अधिवक्ता पुतला दहन कर चुके थे। तहसील बार एशोसिएशन के अध्यक्ष विजय प्रकाश पाण्डेय व दी बार एशोसिएशन के अध्यक्ष राजनाथ यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओ ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित मांग पत्र उपजिलाधिकारी को दे कर प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए 5 लाख तक मुफ्त चिकित्सा बीमा कराने तथा आयुष्मान योजना से जोड़ने, उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति लखनऊ में मृतक अधिवक्ताओं के लम्बित दावों का यथाशीघ्र भुगतान करने आदि की मांग की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का पुतला ले कर चक्रमण करके नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया गया था। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 18 नामजद और 150 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

### एम्बुलेंस की चपेट में आकर एक जख्मी

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बे के भारतीय स्टेट बैंक के समीप बुधवार को सड़क पार कर रहा साइकिल सवार एम्बुलेंस की चपेट में आकर जख्मी हो गया। घायलावस्था में एम्बुलेंस ने स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। रानीकीसराय थाना क्षेत्र के टड़वा गांव निवासी हीरालाल 55 वर्ष बाजार में आया हुआ था। स्टेट बैंक के पास बुधवार को दिन में तकरीबन चार बजे साइकिल से सड़क पार कर रहा था कि मरीज लेकर जा रही एम्बुलेंस की चपेट में आकर घायल हो गया। चालक ने एम्बुलेंस से ही स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया।

### बैठक 12 को

**आजमगढ़।** उपायुक्त उद्योग एसएस रावत ने बताया कि विशेष जिला स्तरीय उद्योग बन्धु, स्वः रोजगार बन्धु, एकल मेज व्यवस्था, औद्योगिक एवं व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक आगामी 12 फरवरी को सायं 5 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी है।

# फास्ट फूड कारीगर की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत

**ठेकमा (आजमगढ़)।** स्थानीय बाजार में फास्ट फूड बनाने वाले कारीगर की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

बरदह थाना क्षेत्र के ठेकमा बाजार में सूबेदार यादव की फास्ट फूड की दुकान है। उनके दुकान पर कारीगर के रूप में गौतम कुमार 25 वर्ष पुत्र शिव बचन निवासी नसीरुद्दीनपुर पोस्ट कुर्थी जाफरपुर थाना कोपागंज जनपद मऊ काम करता था। दुकान मालिक सूबेदार यादव का कहना है कि गौतम 2 दिन पहले अपने घर गया था और कल ही उनके दुकान पर सुबह 10 बजे आकर काम करना शुरू किया था। रात को 11 बजे उसके पेट में हल्की-हल्की गैस एवं दर्द होने लगी। बगल के मेडिकल हाल से गैस की दवा दिलाई गई। दवा खाकर गौतम सो गया और सुबह मृत अवस्था में पाया गया। सूचना पाकर थानाध्यक्ष संजय सिंह पुलिस चैकी प्रभारी ठेकमा भगत सिंह मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। परिवार वालों का कहना था कि रहस्यमई मौत हुई है। थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि मौत का कारण पीएम के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। गौतम परिवार का भरण पोषण करने वाला अकेले था। दो भाई विक्कू और प्रदीप अभी कक्षा 9 व 10 में पढ़ते हैं। दो बहनों की शादी हो गई है। अभी एक की शादी भी बाकी है। पिता शिव वचन अस्वस्थ रहते हैं और खेती बारी करते हैं। गौतम की मां और परिवार वालों का रो-रो कर के बुरा हाल है।

## रियल टाइम खतौनी में मेंहनगर प्रदेश में अव्वल

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** रियल टाइम खतौनी से हो रहे कार्य में स्थानीय तहसील प्रदेश में प्रथम स्थान पर रही। मंगलवार को संबंधित विभाग संग देर शाम साप्ताहिक बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी संत रंजन ने बताया कि राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश से वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा पता चला हैं कि रियल टाइम खतौनी में मेंहनगर को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। इसके लिए संबंधित लेखपाल व ऑपरेटर को बधाई दी। एसडीएम ने बताया कि पहले षटवार्षिक खतौनी में सक्षम अधिकारी या वरासत अथवा बैनामेदार छह वर्ष बाद खतौनी के मूल खाते में नाम दर्ज होता था जो तेरह कालम का होता था। कुछ नम्बरान के लिए लोगो को तहसील अथवा जिला मुख्यालय पर मुआयना के लिए भाग दौड़ करना पड़ता था। अब रियल टाइम खतौनी उन्नीस कॉलम की नकल खातेदार को मिलेगी। अब सक्षम अधिकारी, वरासत अथवा बैनामेदार का नाम रियल टाइम खतौनी के मूल खाते में नाम तत्काल दर्ज होगा। पहले नकल खाते से मिलती थी। अब खतौनी की नकल गाटा नंबर से उपलब्ध होगी। इस अवसर पर तहसीलदार राजू कुमार, नायब तहसीलदार मयंक मिश्रा व शैलेंद्र चंद्र सिंह सहित विभाग के लोग उपस्थित रहे।

# निजी अस्पताल को उपमुख्य चिकित्साधिकारी ने किया सीज

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की गयी शिकायत एवं मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर जांच के बाद निजी अस्पताल को उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सीज किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतरौलिया के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर शिवाजी सिंह ने बताया कि स्थानीय थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी वीरेंद्र मौर्या ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी आजमगढ़ सहित कई सक्षम अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर अतरौलिया में संचालित शिवशंकर यादव के हड्डी अस्पताल पर आरोप लगाया था कि उसके बच्चे के हाथ में फैक्चर था उक्त चिकित्सक द्वारा गलत इलाज करने के कारण प्रार्थी को काफी कठिनाई झेलनी पड़ी और अपने बच्चे का इलाज कराने में लाखों रुपया भुगतान करना पड़ा इसमें चिकित्सक की घोर लापरवाही थी। इस संदर्भ में मैंने 15 दिन पहले मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर अस्पताल के खिलाफ प्राप्त शिकायती पत्रों का मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया जिसकी रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेजी गई थी जिस के संदर्भ में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर योगेंद्र प्रसाद, अतरौलिया के वरिष्ठ चिकित्सक केसी जायसवाल के साथ शिवशंकर यादव के हड्डी अस्पताल को सीज किया गया। जिसपर डॉ त्रिपाठी का बोर्ड लगा था। इस दौरान अस्पताल में कोई मरीज भर्ती नहीं मिला सटर एवं दरवाजों पर ताला लगाकर अस्पताल को सील कर दिया गया है।


निजी अस्पताल को सील कराते अधिकारी।

# लोकतंत्र सेनानी की मौत, दी गयी सलामी

## राजकीय सम्मान के साथ हुआ दाह संस्कार

जनसंदेश न्यूज

**ठेकमा (आजमगढ़)।** ठेकमा ब्लाक के जमुआ गांव निवासी लोकतंत्र सेनानी 105 वर्षीय मेवालाल गोस्वामी की मंगलवार की शाम मौत हो गयी। उनका राजकीय सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार किया गया।

जनपद के वयोवृद्ध 105 वर्षीय लोकतंत्र सेनानी एवं स्वतंत्रता सेनानी भूदान बोर्ड के चेयरमैन और बिनोवा भावे आंदोलन के प्रमुख प्रणेता मेवा लाल गोस्वामी का मंगलवार की शाम उनके पैतृक आवास ग्राम सभा जमुआ थाना बरदह में देहावसान हो गया। वह गांधीवादी विचारक थे गांधी आश्रम दीवानी न्यायालय के बगल में स्थित गांधी भवन में रहा करते थे और शादगी पूर्वक अपना पूरा जीवन निर्वाह किया और अपने शरीर पर महात्मा गांधी की तरह से वस्त्रों को पूरी उम्र धारण किया इनकी मृत्यु हो जाने से पूरे क्षेत्र एवं जनपद की जनता में शोक की लहर व्याप्त हो गयी। उप जिलाधिकारी मार्टिनगंज विशाल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज मनोज कुमार रघुवंशी, थानाध्यक्ष संजय सिंह, पुलिस चैकी प्रभारी भगत सिंह के साथ अन्य पुलिसकर्मियों के द्वारा बुधवार की सुबह राजकीय सम्मान के साथ गॉड ऑफ सलामी दी गई। उनके दो पुत्र हैं अशोक कुमार गोस्वामी प्राथमिक विद्यालय भीरा में प्रधानाध्यापक है एवं अवनीश गोस्वामी दूसरे पुत्र लखनऊ में प्राइवेट नौकरी करते हैं इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीकांत राय, भाजपा नेता अनिल राय, संतोष चैबे भाजपा जिला मंत्री प्रमोद राय, ग्राम प्रधान बेचू मौर्य, सुनील सिंह शास्त्री, प्रबंधक सुनील राय, अमित राय, प्रमोद मौर्या प्रधानाध्यापक, दिवेश ओझा, भाजपा मंडल महामंत्री राकेश मिश्रा, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष माहिद अली, रविंद्र राय पूर्व प्रधान राजेंद्र पूर्व प्रधान सहित सैकड़ों लोगो ने श्रद्धांजलि अर्पित की।


लोकतंत्र सेनानी को गार्ड आफ आनर देते पुलिस कर्मी।

## राजस्व टीम ने हटवाया खलिहान की भूमि से अवैध कब्जा

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** विकास खंड कोयलसा के टहर किशुनदेवपुर गांव में गांव के एक दर्जन से अधिक लोगों द्वारा खलिहान की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया गया था। जब इसकी सूचना हल्का लेखपाल को हुई तो उनके द्वारा ग्राम सभा के खलिहान की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा के लिए मना किया गया। उक्त गांव के लालजी चैबे पुत्र रमाशंकर, डोडही पुत्र रमाशंकर द्वारा खलिहान की जमीन पर देर रात पिलर की ढलाई करके अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा था। जब हल्का लेखपाल ने मना किया तो हल्का लेखपाल के साथ लालजी चैबे और डोडही चैबे द्वारा दुर्व्यवहार किया गया। इसकी सूचना जब हल्का लेखपाल ने बूढ़नपुर तहसीलदार अभिषेक सिंह को दी तो उन्होंने तत्काल राजस्व टीम गठित कर मौके पर पहुंचकर खलिहान की जमीन को कब्जा मुक्त कराया। इस संबंध में तहसीलदार अभिषेक सिंह ने बताया कि ग्राम सभा के खलिहान की जमीन पर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा था जिसमें मुन्ना चैबे पुत्र योगेंद्र चैबे बाल गोविंद चैबे सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने खलिहान की जमीन पर रिहायशी मंडई गोबर के कंडे की पथाई का काम कर रहे थे। सभी लोगों को खलिहान से अवैध रूप से कब्जा हटवा दिया गया। इतना ही नहीं हल्का लेखपाल के साथ दुर्व्यवहार किए जाने वालों के खिलाफ कप्तानगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# धीमी वसूली पर डीएम ने जतायी नाराजगी

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर एवं करेत्तर राजस्व माह जनवरी 2023 की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी द्वारा कर राजस्व के अन्तर्गत भू-राजस्व, स्टाम्प एवं पंजीकरण, आबकारी, बिक्री वाणिज्य कर, वाहन कर, माल एवं यात्रीकर, विद्युत कर तथा शुल्क की समीक्षा की गयी। इसी के साथ ही करेत्तर राजस्व के अन्तर्गत वानिकी एवं वन्य जीव, भू-तत्व एवं धातुकर्म, लोक निर्माण विभाग (सड़क-पुल), नगर विकास विभाग, कृषि मण्डी समिति एवं बाट माप की समीक्षा की गयी।

समीक्षा के दौरान भू-राजस्व में क्रमिक लक्ष्य के सापेक्ष क्रमिक प्राप्ति का प्रतिशत 38.22 एवं वाहन कर, माल एवं यात्री कर में क्रमिक लक्ष्य के सापेक्ष क्रमिक प्राप्ति का प्रतिशत 68.08, इसी प्रकार करेत्तर राजस्व के अन्तर्गत भू तत्व एवं धातुकर्म (खनन विभाग) में क्रमिक लक्ष्य के सापेक्ष क्रमिक प्राप्ति का प्रतिशत 43.85 एवं लोक निर्माण विभाग मे क्रमिक लक्ष्य के सापेक्ष क्रमिक प्राप्ति का प्रतिशत 38.74 पाया गया। जिस पर जिलाधिकारी कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उक्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि माह फरवरी के अन्त तक क्रमिक लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली करना सुनिश्चित करें।

इसी के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा कर एवं करेत्तर राजस्व संग्रह की भी समीक्षा की गयी। जिसमें आबकारी विभाग के कुल 743 प्रकरण, परिवहन के 534, खनन के 223 एवं वाणिज्य कर के 168 प्रकरण कर अपवंचन के पकड़े गये। जिसमें संबंधित विभागों द्वारा उक्त प्रकरणों में एफआईआर की कार्यवाही नही की जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कर अपवंचन के जो भी प्रकरण पकड़े जायें, उसमें नियमानुसार एफआईआर की कार्यवाही कराते हुए वसूली करायें।


कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते डीएम विशाल भारद्वाज।

# साइकिल से नेपाल की यात्रा के लिए निकला यात्री पहुंचा निजामाबाद

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** जय जवान जय किसान का नारा लेकर आंध्र प्रदेश के अनंतपुर से प्रदीप कुमार साइकिल से नेपाल की यात्रा के लिए निकल पड़े हैं। यात्रा के 16वें दिन दोपहर 12 बजे निजामाबाद पहुंचे। साइकिल के आगे और पीछे तिरंगा झंडा लगाए प्रदीप देश प्रेम और एकता का संदेश भी दे रहे हैं।

प्रदीप कुमार का कहना है कि इस यात्रा का मकसद लोगों को कृषि के प्रति जागरूक करना है। लगातार कृषि के क्षेत्र में गिरावट आ रही है। ऐसे में लोगों को कृषि के प्रति जागरूक करने के लिए इस साइकिल यात्रा को निकाला है जिससे अधिक से अधिक लोग कृषि के प्रति जागरूक हो सकें और कृषि कार्यों में रुचि भी लें। प्रदीप कुमार का कहना है कि कृषि व्यवस्था में सुधार के साथ-साथ कृषि के प्रति लोगों में जागरूकता और अधिक बढ़ सकें इसी कारण यह साइकिल यात्रा निकाली गई है। 16 दिन से चल रही साइकिल यात्रा के माध्यम से अब तक 4500 किलोमीटर की यात्रा की जा चुकी है। बुधवार को 17वें दिन भी यह यात्रा जारी है। उन्होंने कहा कि नेपाल तक इसी तरह से साइकिल चला कर जाएंगे और नेपाल के भी लोगों को जागरूक करने के साथ ही फिर इसी साइकिल से ही वापस लौट कर आंध्र प्रदेश के अनंतपुर अपने घर को वापस लौट जाएंगे।

प्रदीप कुमार का कहना है कि निश्चित रूप से इस जय जवान जय किसान की यात्रा से लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और आने वाले समय में इसका फायदा भी किसानों और जागरूक लोगों को मिलेगा।


प्रदीप कुमार।

# जल्लाद और लकी की कुश्ती रही रोमांचक

## जम्मू-काश्मीर के पहलवान समीम ने प्रतियोगिता में मारी बाजी

जनसंदेश न्यूज

**माहुल (आजमगढ़)।** नगर पंचायत माहुल में चल रहे दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का समापन बुधवार को देर शाम हुआ। इस दौरान कई पहलवान अखाड़े पर उतरे और अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कुश्ती प्रतियोगिता में अंतिम समय पर गंगापुर राजस्थान का भारी-भरकम पहलवान जिसे देखने से ही लोग सहम जाते थे। जल्लाद सिंह कद के हिसाब से नाम भी रखा गया था अखाड़े पर जैसे ही उतरा कई हजार दर्शकों की भीड़ जल्लाद सिंह की कुश्ती देखने के लिए बेताब हो उठी कुश्ती देखने के लिए भीड़ इतनी उतावली हो गई कि कहीं भी सरसों रखने की जगह नहीं थी इस बीच जल्लाद सिंह गंगापुर राजस्थान, नेपाल काठमांडू का पहलवान लकी थापा की कुश्ती के लिए आयोजक समिति के द्वारा 11000 इनाम लगाया गया था जैसे ही अखाड़े पर जल्लाद सिंह और लकी थापा उतरे जल्लाद सिंह ने एक झटके में ही छोटे कद के पहलवान लकी थापा को पटकनी दे दी। जिसे लगभग 10 मिनट तक अखाड़े में ही चित बड़ा पहलवान लकी थापा रोने लगा जिस पर हजारों की संख्या में मौजूद दर्शकों के द्वार मांग की गई कि जल्लाद सिंह पहलवान और लकी थापा की दूसरी बार कुश्ती कराई जाय। दूसरी बार कुश्ती के लिए दर्शकों के द्वारा 21000 रुपए का इनाम घोषित कर दिया गया। और लगभग कुछ ही देर में 21000 की राशि भी दर्शकों ने जमा कर दी। दूसरी बार जल्लाद सिंह पहलवान और लकी थापा पहलवान की कुश्ती शुरू हुई 5 से 7 मिनट के अंदर ही जल्लाद सिंह पहलवान के द्वारा लकी थापा पहलवान को दूसरी बार भी अखाड़े में पटकनी दे दी गई। वही तीसरी बार जल्लाद सिंह के सामने मुकाबले के लिए ललकारता हुआ जम्मू कश्मीर का पहलवान शमीम पहुंचा दर्शकों ने भी तीसरी कुश्ती लिए पुनः मांग करने लगे जिस पर दर्शकों की मांग पर जल्लाद सिंह पहलवान और जम्मू कश्मीर का पहलवान समीम आपस में भिड़ गये।

तीसरी बार जल्लाद सिंह पहलवान गंगापुर राजस्थान को हार नसीब हुई और जम्मू कश्मीर का पहलवान शमीम विजयी हुआ। चैथी बार पुनः लकी थापा ने जल्लाद सिंह को मुकाबले के लिए चुनौती दे डाली जिस पर चैथी बार पुनः जल्लाद सिंह और लकी थापा पहलवान आपस में भिड़ गए लेकिन चैथी बार जल्लाद सिंह पहलवान लकी थापा से हार गया। दर्शकों के बीच कुश्ती का सबसे रोमांचकारी और दिलचस्प मुकाबला रहा।

अलग-अलग प्रांतों से आए पहलवान आपस में भिड़े रहे लगभग दर्जनों पहलवान आपस में भिड़े महिला पहलवानों ने भी अपना दमखम दिखाया हरियाणा की पहलवान हिमांशु कुमारी और बिहार प्रांत से आई पहलवान रुचि दोनों में जबरदस्त दंगल हुआ जिसमें हरियाणा की पहलवान हिमांशु कुमारी विजय हुई अंत में सभी पहलवानों को इनाम की राशि और कुछ नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर दंगल के आयोजक बैरिस्टर कुरैशी, ब्लॉक प्रमुख शकील अहमद, आशु जायसवाल, शौकत माहुली, लियाकत अली, शादाब खान, विक्रांत पाण्डेय, दिलीप सिंह बघेल, संदीप अग्रहरि, बृजेश मौर्य, सागर अग्रहरि, नूर मोहम्मद, गोपाल अग्रहरि आदि लोग उपस्थित रहे।


कुश्ती प्रतियोगिता में जोर आजमाईश करते पहवान।

# एक और मासूम मिला ब्लड कैंसर पीड़ित

**आजमगढ़।** बोगरियां क्षेत्र में पवन नाम का मासूम ब्लड कैंसर से पीड़ित था ही जिसके लिए समाज सेवियों द्वारा काफी प्रयास किया जा रहा है। इस क्षेत्र में एक और मासूम ब्लड कैंसर से पीड़ित हो गया। मासूम पवन के बाद आठ वर्षीय मासूम आदित्य भी ब्लड कैंसर से पीड़ित हो गया। आदित्य को बुखार आने पर जनपद के डा. एलजे यादव के यहां परिजन दिखाए। इसके बाद मासूम को फातिमा हास्पिटल मऊ में दिखाए आराम न मिलने पर परिजनों ने वाराणसी के प्राइवेट चिकित्सक को दिखाया जहां इसे डेंगू बुखार बताया गया। वाराणसी में ही परिजन दूसरे डा. अवनीश राय को दिखाया।

डाक्टर ने सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउण्ड कराया और जांच रिपोर्ट देखने के बाद ब्लड कैंसर की सम्भावना जतायी। डाक्टर ने लखनऊ में हायर सेंटर में दिखाने की सलाह दी। परिजन बालक को लेकर लखनऊ के केजीएमयू में भर्ती कराया। केजीएमयू के चिकित्सकों ने परिजनों को टाटा मेमोरियल कैंसर हास्पिटल मुम्बई में दिखाने की सलाह दी। आदित्य के पिता बृजराशन यादव बहुत गरीब हैं उसके पास मात्र 10 विस्वा जमीन है वह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनके पास आयुष्मान कार्ड भी नहीं है। बृजराशन को जबसे पता चला कि उनके बेटे को ब्लड कैंसर हो गया है मानो उनके पैर के नीचे की जमीन ही खिसक गयी।

अपने बेटे की हालत देख बेबश लाचार मजबूर पिता को कुछ सूझ ही नहीं रहा था। उन्होने अपने बेटे के इलाज के लिए समाज सेवी रामकुंवर से मुलाकात की। रामकुंवर ने उन्हे भरोसा दिलाया कि जिस तरह से गोलू का इलाज हुआ। पवन का इलाज चल रहा है उसी तरह से आदित्य का भी इलाज कराने लिए चंदा बसूला जायेगा जरुरत पड़ी तो भिक्षाटन भी किया जायेगा। आदित्य को बचाने के पूरा प्रयास किया जायेगा।

## संक्षेप

### वर्कशॉप का ताला तोड़कर दो लाख की चोरी

**मड़िहान।** स्थानीय थाना क्षेत्र के घोरावल मार्ग पर हरिहरा गांव स्थित वर्कशॉप का ताला तोड़कर मंगलवार की रात लगभग दो लाख का सामान चोरी हो गया। सुबह दुकान खोलने पहुंचे मालिक ने देखा तो हैरान हो गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मड़िहान थाना क्षेत्र के हरिहरा गांव निवासी रिंकू पुत्र कैलाश पटेल की वेल्डिंग मटेरियल की दुकान है। दुकान के सामने वर्कशाप है। वर्कशाप में लोहे का खिड़की दरवाजा आदि का काम होता है। शाम को दुकानदार वर्कशॉप बंद कर घर चले गए। रात में मौका पाकर चोर सटर का ताला तोड़कर रेडीमेड दरवाजा, खिड़की, जनरेटर आदि उपकरण चोरी कर ले गए। मालिक सुबह दुकान पर पहुँचे तो टूटा दरवाजा देख दंग रह गया। वर्कशाप में समान तीतर बितर पड़ा था। बताया गया कि पिकअप सवार चोर रात में ताला तोड़कर जनरेटर समेत अन्य सामान उठा ले गए। रिंकू पटेल कार्रवाई के लिए अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर शैलेश कुमार राय ने बताया कि सूचना मिली है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### आपत्तियों के निस्तारण के लिए एसडीएम ने की जांच

**लालगंज।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा के निर्देश पर चकबंदी अधिकारी क्षेत्र के धसड़ा गांव में पहुंचकर काश्तकारों के आपत्तियों का निस्तारण के लिए जांच किया। उन्होंने बैठक कर आपत्तिकर्ताओं से जानकारी लिए और ग्रामीणों ने अपनी समस्या से अवगत कराया। तहसील क्षेत्र के धसड़ा गांव में चकबंदी को लेकर विगत साढ़ा ग्रामीणों में असंतोष दिखाई दिया था। भारी संख्या में ग्रामीण तहसील पहुंचकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस उपजिलाधिकारी नवनीत सेहरा को ज्ञापन दिए थे, जिसमें आपत्तियों के निस्तारण की मांग की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने चकबंदी अधिकारी गिरीश कुमार चौबे को आदेश दिया गया था। जिसके बावत चकबंदी अधिकारी ने धसड़ा गांव में सामुदायिक भवन पर बैठक कर आपत्ति कर्ताओं से वार्ता किए और मामले की जांच की। उन्होंने मामले में मौका मुआयना करने का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर चकबंदी विभाग के लेखपाल रविन्द्र यादव, प्रधान शांति देवी समेत गांव के काश्तकार मौजूद रहे।

### बड़े बकायेदारों को भेजा जेल

**मीरजापुर।** उप जिलाधिकारी चुनार नीरज प्रसाद पटेल ने बड़े बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाकर दो बड़े बकायेदारों को जेल भेज दिया। हरिशंद्र पुत्र खदेरन निवासी गोबरदहां को बकाया धन राशि 504880 व दीनानाथ पुत्र रामनाथ निवासी बरगवां तहसील चुनार का बकाया धन राशि 549930 को अदा न करने पर जेल भेज दिया गया। एसडीएम ने कहा कि बकायेदार जल्द से जल्द अपने बकाए को जमा कर दें। आगे भी बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलता रहेगा।

### दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर, दो घायल

**कलवारी।** मड़िहान थाना क्षेत्र के कलवारी बाजार में बुधवार की शाम पेट्रोल टंकी के पास दो बाइक में हुई टक्कर में दो गंभीर रूप से घायल हो गए। रिंकू उम्र 24 वर्ष पुत्र लालचंद निवासी गोपलपुर व राजन उम्र 32 वर्ष पुत्र जनकपुर निवासी बीरपुर किसी काम से घोरावल गये हुए थे। घोरावल से लौटते समय कलवारी बाजार पेट्रोल पंप के पास बाइक चालक अनियंत्रित होकर दूसरे बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गये।

### ट्रैक्टर बाइक की भिड़ंत दो लोग घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग स्थित मवई कला गांव में बुधवार की सुबह ट्रैक्टर व बाइक में टक्कर मार दिया, जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गये। प्राथमिक उपचार के बाद एक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थाना क्षेत्र के भटवारी गांव निवासी मुंदर 22 वर्ष अपनी बाइक से माता उर्मिला 52 वर्ष रिश्तेदार के घर से वापस लेकर घर आ रहा था कि ट्रैक्टर चालक ने बाइक में टक्कर मार दिया, जिससे बाइक चालक व उसकी मां घायल हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पंहुची एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### पांच ग्राम हीरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** बुधवार को थाना कोतवाली कटरा पुलिस को कामयाबी प्राप्त हुई है। उपनिरीक्षक बुद्धिसागर यादव चौकी प्रभारी मुकेरी बाजार पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली कटरा क्षेत्र से आरोपी सुमित अग्रहरि पुत्र स्व कैलाश अग्रहरि निवासी मकरी खोह को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से पांच ग्राम अवैध हिरोईन बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली कटरा पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया।

### बस से हो रही थी गांजा की तस्करी

**मड़िहान।** स्थानीय बाजार में बुधवार की दोपहर वाहन चेकिंग के दौरान डगमागार बस से पांच लाख का गांजा बरामद किया गया। तस्करी के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय पुलिस व एसओजी की टीम थाने के सामने वाहन चेकिंग में जुटी थी। इस दौरान मीरजापुर से सोनभद्र की तरफ जा रही डगमागार बस को रोककर तलाशी ली गयी। पुलिस को देखकर सीट पर बैठे दो युवक भागने का प्रयास किया तो पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सीट के नीचे रखें बैग की तलाशी ली गई तो उसमें गांजा का बंडल मिला। पुलिस दोनो आरोपियों से पुछताछ कर रही है।

### राहुल कोल के निधन पर जताया शोक

**लालगंज।** स्थानीय ब्लाक सभागार में ग्राम प्रधान संघ के तत्वाधान में दिवंगत विधायक राहुल प्रकाश कोल के असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। लालगंज ब्लाक सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख जयंत कुमार सिंह ने दिवंगत विधायक राहुल प्रकाश के निधन को दुखद बताया और उनके द्वारा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कम उम्र में विधायक बने राहुल प्रकाश द्वारा क्षेत्र में किए गए विकास कार्य उनकी याद दिलाती रहेगी। सभा में उपस्थित ग्राम सभा प्रधान प्रधान व ब्लाक कर्मियों ने दिवंगत विधायक राहुल प्रकाश के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर एडीओ पंचायत अजय शंकर, ग्राम विकास अधिकारी श्यामधर तिवारी, संजीव कुमार पटेल, दिलीप यादव, सुनील चतुर्वेदी, कैलाशनाथ बिंद एवं ग्राम प्रधान शांति देवी, अमरेश दुबे, अरविंद यादव, राजकुमार पटेल, दिनेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### प्रतिमा स्थापना को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के विशेष माफी स्थित शिव मंदिर मे भगवान गणेश, भगवान विष्णु व नंदीश्वर महराज की प्रतिमा की स्थापना के लिए बुधवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया। गांव के महिला पुरुष व बच्चे पम्प कैनाल के पास स्थित गंगा का पूजन के बाद कलश यात्रा निकाला। बाजा गाजा से निकली यात्रा मे लोग जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। विद्वान ब्राह्मण आचार्य रामलखन उपाध्याय के नेतृत्व मे सहायक ब्राह्मण कान्हा तिवारी, रीतेश मिश्रा, राजेश उपाध्याय ने यजमान अवधेश उपाध्याय उर्फ राजू के हाथों कलश पूजन कराया। आचार्य रामलखन ने बताया नौ फरवरी गुरुवार को नगर भ्रमण परिक्रमा व दस फरवरी शुक्रवार को प्राण प्रतिष्ठा के साथ प्रतिमा स्थापना किया जायेगा। इस दौरान वंश नरायन यादव, चन्द्रीका प्रसाद, गोपाल यादव, बलवंत यादव, निधि उपाध्याय, नीलम उपाध्याय, नंदू पटेल आदि तमाम महिला पुरुष भक्त कलश यात्रा मे साथ चल रहे थे।

### किसानों को सिंचाई की दी जानकारी

**जमालपुर।** क्षेत्र के पिड़खिर गांव में आत्मा योजनांतर्गत प्रक्षेत्र विद्यालय के तहत कृषि विभाग द्वारा बुधवार को किसानों को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को रबी मौसम की गेहूं फसल के प्रदर्शन के बारे में जानकारी दी गयी। गेहूं की फसल में लगने वाले कीट, रोग, सिंचाई और उर्वरक के प्रबंधन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। एडीओ कृषि बुद्धि प्रकाश जाट ने किसानों को रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर फसलों में जैविक खाद का प्रयोग करने के लिए किसानों को प्रेरित किया। इस दौरान कृषि विभाग और तमाम किसान मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं को मेडल व पुरस्कार प्रदान कर किया सम्मानित

**चील्ह।** क्षेत्र के हरसिंहपुर गांव स्थित जयदीप पब्लिक स्कूल में बुधवार को केट व जेईई संस्था वाराणसी के द्वारा विगत दिनों आयोजित परीक्षा में सफल हुए छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। स्कूल में परीक्षा में सफल हुए मेधावी छात्रों को मेडल व पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य विजय लक्ष्मी ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वाराणसी के संस्था को आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कुलदीप शुक्ला, धीरेंद्र मणि त्रिपाठी, संतोष मणि त्रिपाठी, प्रमोद द्विवेदी व समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

### कैम्प लगाकर किसानों का खोला गया खाता

**जमालपुर।** क्षेत्र के सरकारी कृषि बीज गोदाम पर बुधवार को डाक विभाग द्वारा कैप लगाकर एनपीसीआई से लिंक एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट से 17 किसानों का खाता खोला गया। विकास खंड में 6546 किसानों का आधार एनपीसीआई से लिंक नही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी का लाभ लगातार पाने के लिए किसान बैंक में अपने आधार को एनपीसीआई से लिंक कराएं या इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में खाता खोलने के बाद ही किसान सम्मान निधि की 13 वीं किश्त भेजा जायेगा। कृषि बीज गोदाम पर किसानों का ईकेवाईसी एवं भूलेख अंकन भी कराया जा रहा है।

# फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या



मौके पर पहुंची पुलिस

**जनसंदेश न्यूज**

**जिगना।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुमतिया गांव में बुधवार की सुबह फांसी लगाकर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुमतिया गांव के गुलाब चंद सरोज का लड़का सत्यम उर्फ छोटू 18 वर्ष ने कमरे का दरवाजा बंद कर गले में दुपट्टा बांधकर फांसी पर लटक गया। सुबह आठ बजे की घटना बताई गई। छत तोड़कर परिजन कमरे में परिजन घुसे। गंभीर अवस्था में उसे नगर क्षेत्र स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी अरविंद पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारणों का पता चल जाएगा। युवक के मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। युवक बीए फाइनल का छात्र था। मांडा क्षेत्र स्थित फतेहबहादुर डिग्री कालेज में पढ़ता था।

### सीढ़ी से गिरी किशोरी की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के बेलवन गांव में बुधवार को शाम सीढ़ी से चढ़कर छत पर जाते समय पैर फिसलने से किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे परिजन ईलाज के लिए पड़री प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बेलवन गांव निवासी सूरजबली गौड़ की 17 वर्षीय पुत्री काजल किसी कार्य वश छत पर सीढ़ी से जा रही थी अचानक पैर फिसलने से आंगन में गिर गई। परिजन आनन फानन में ईलाज हेतु पड़री अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। लड़की के पिता सूरज बली गौड़ ने बताया कि घटना के समय हम पड़री बाजार अपनी पत्नी का दवा कराने आए थे। मृतक काजल स्वामी गोविंद श्रम बालिका इंटर कालेज की इण्टर की छात्रा बताई गई। घटना के बावत पूछने पर फफक फफक कर रोते हुए बताया कि सीढ़ी चढ़कर छत पर पानी लगा होने से पैर फिसलने से मेरी पुत्री की मौत हो गई।

## 17 नामजद 40 से 50 अज्ञात के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा

### बस चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों ने लगाया था जाम

**जनसंदेश न्यूज**



**चुनार।** बस चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में चक्का जाम, मर्चरी का ताला तोड़ने शव को सड़क पर बलवा आदि करने वालों के विरुद्ध चुनार पुलिस ने 17 नामजद व 40 से 50 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाई में जुट गई। बस चालक के परिजन व ग्रामीणों ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव को मर्चरी से निकाल सड़क पर रखकर घंटों जाम किया। काफी देर बाद पहुंचे कोतवाल के समझाने बुझाने पर जाम समाप्त हुआ। विजय कुमार राजभर (48) पुत्र लालता निवासी जगरनाथ कोलना स्थित एक विद्यालय में बस चालक था। रोज की भांति वह सोमवार को भी विद्यालय गया था। शाम को उसने घर फोन कर बताया कि प्रबंधक के परिवार में आज किसी की शादी है। हम अपने स्टाफ के लोगों के साथ वाराणसी अखरी बाईपास जा रहे हैं। रात में मृतक के बेटे छोटू को प्रदीप खलासी ने फोन किया कि तुम्हारे पिता की तबियत खराब हो गई है। हम लोग लेकर उन्हें घर आ रहे हैं सूचना पर परिजन भी जाने के लिए निकले ही थे कि गांव से कुछ दूरी पहले ही किसी वाहन से लेकर आए लोग मृतक को उतार कर चले गए। परिजन पास के ही निजी चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत बताया था।

# दलित युवक की पिटाई के बाद जमकर हंगामा

**जनसंदेश न्यूज**

**सीखड़।** बुधवार सुबह करीब नौ बजे कछवां थाना अंतर्गत हांसीपुर मोड़ के पास अंडा की दुकान लगाने वाले अंशु जायसवाल से सेमरा बगहां निवासी दलित समुदाय के लोग मामूली विवाद पर मारपीट कर रहे थे। उसी समय बगहां निवासी सतिश सिंह पुत्र विनोद सिंह अपने कुछ साथियों के साथ उधर से गुजर रहा था। मारपीट होता देख सतिश अपने साथियों संग मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव कर मामला शांत कराने की कोशिश करने लगा। उस समय दूसरे पक्ष के लोग वहां से चले गए। थोड़ी देर बाद जब सतिश खैरा बाजार के तरफ से अकेले अपने घर जा रहा था। तभी घात लगाए बैठे सेमरा गांव के आठ दस की संख्या में युवकों ने उस पर हमला कर दिया जिसमें सतिश बुरी तरह घायल हो गया। सतीश के परिजन जब खैरा चौकी पर मामले की तहरीर देने के लिए पहुंचे तब वहां से उनको चुनार कोतवाली का मामला बताकर वहां जाने को कहा गया, जिससे क्षुब्ध होकर गांव वालों ने चौकी पर हल्ला मचाना शुरू कर दिया। तब तक सूचना पाकर घायल युवक के परिवार की महिलाओं संग गांव की सैकड़ों महिलाएं खैरा चौकी पर पहुंचकर राज्यमार्ग संख्या 74 को जाम कर दिया। थोड़ी देर बाद कछवां थाना प्रभारी रामस्वरूप वर्मा के कहने पर कछवां थाना में मामला दर्ज किया गया। तब जाकर महिलाओं ने सड़क को खाली किया। पुलिस कछवां थाना प्रभारी के नेतृत्व में आरोपी युवकों के गिरफ्तारी के लिए गांव में पहुंचकर दबिश दे रही है।

# एसपी ने संतनगर थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा बुधवार को संतनगर थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम गार्द की सलामी ली गई। इस दौरान एसपी ने थाना कार्यालय, परिसर, बैरक व मेस आदि का भ्रमण कर परिसर में माल मुकदमाती वाहनों के रख-रखाव एवं परिसर की साफ-सफाई सहित अन्य बिन्दुओं पर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। कार्यालय भ्रमण के दौरान सीसीटीएनएस कक्ष, साइबर व महिला हेल्प डेस्क, जन-सुनवाई डेस्क आदि का निरीक्षण कर उपकरणों एवं अभिलेखों के सही रख-रखाव तथा आने वाले फरियादियों के साथ विनम्र व सद् व्यवहार कर उनकी समस्याओं को सुनकर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय निरीक्षण के दौरान विभिन्न रजिस्टरों एवं महत्वपूर्ण अभिलेखों का गहनता से अवलोकन करते हुए अभिलेखों के अद्यावधिक रखने एवं उचित रखरखाव के निर्देश दिए गये। संतनगर थाना के मालखाना एवं शस्त्र निरीक्षण के दौरान अभिलेखीय मिलान करते हुए उपस्थित पुलिसकर्मियों से शस्त्र खोलने-जोड़ने एवं प्रयोग परीक्षण कराकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। थाना कार्यालय, परिसर, मालखाना व शस्त्रागार सहित विभिन्न अभिलेखों का निरीक्षण करने के उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा सैनिक सम्मेलन कर उपस्थित पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये गये। पुलिसकर्मियों को आवंटित क्षेत्र सम्बन्धित बीट बुक को चेक कर किया गया तथा पुलिस कर्मियों से प्रश्नोत्तरी कर उनकी क्षेत्र तथा पुलिसिंग के सम्बन्ध में जानकारी की गयी। उक्त निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी लालगंज व थानाध्यक्ष संतनगर सहित पुलिस के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



थाना का निरीक्षण करते एसपी



रुट मार्च करते एसपी सिटी

### एसपी सिटी ने किया निरीक्षण

**चील्ह।** अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकांत प्रजापति ने चील्ह थाना का निरीक्षण कर थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिया। एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति बुधवार को चील्ह थाना का निरीक्षण किया। एसपी सिटी ने थाना के अभिलेखों एवं असलहा का निरीक्षण किया जो सही पाया गया। उन्होंने थाना परिसर में खड़ी वाहनों की जानकारी लिया तथा जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने मेस का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने आवासीय परिसर ,बैरक का निरीक्षण कर साफ सफाई का निर्देश दिया। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क के कंप्यूटर का प्रिंटर खराब होने की दशा में ठीक कराने तथा कार्यालय के सीसी कैमरा को ठीक करने का निर्देश दिया। थाना के समस्त पुलिस बल के साथ चील्ह बाजार एवं विकास खंड कोन मुख्यालय से होते हुए चील्ह चौराहा तक पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। इस मौके पर थाना प्रभारी समर बहादुर सरोज, पुलिस चौकी चेतगंज प्रभारी हरिकेश सिंह, टेढ़वा पुलिस चौकी प्रभारी चंद्रकांत त्रिपाठी, एसआई शकील खान एवं समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

## खून जांच के नाम पर खाते से निकाले रुपये

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के रतेह चौराहा पर क्लीनिक खोलकर लोगों का इलाज कर रहे झोलाछाप डाक्टर ने मरीजों से इलाज व खून जांच के नाम पर आधार कार्ड व अंगूठे का निशान लेकर उनके खाते से रुपए निकाल लिए मामले की जानकारी होने पर खाताधारकों के होश उड़ गए। झोलाछाप के चंगुल में फंसकर मकान मालिक सहित तीन मरीजों को अपने खाते से हजारों रूपए गंवाने पड़े। इस संबंध में रतेह चौराहा देवरी दक्षिण गांव निवासी राम कैलाश चौरसिया ने बुधवार को ड्रमंडगंज थाने में प्रार्थना पत्र देकर धोखाधड़ी कर खाते से रुपए निकालने वाले झोलाछाप के विरुद्ध कार्रवाई की मांग लगाई है। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र में बताया कि झोलाछाप द्वारा की गई इस धोखाधड़ी में क्षेत्र के खुटहा गांव निवासी एक बैंक मित्र का भी हाथ है जो इस गिरोह में शामिल है। जिसका मुखिया झोलाछाप डाक्टर है। जो क्षेत्र के मरीजों का इलाज के नाम पर अपने क्लीनिक पर आधार कार्ड और अंगूठा निशान लेकर लोगों से धोखाधड़ी कर खाते से रुपए निकाल लेता है। पीड़ित ने धोखाधड़ी कर खाते से रूपए निकालने वाले झोलाछाप के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।

# जिले में उद्योग व्यापार मंडल के रथ आगमन पर होगा सम्मान समारोह



जानकारी देते प्रांतीय मंत्री

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। इस मौके पर 13 मार्च से आरंभ होने वाली है। रथ यात्रा का आगमन जिले में 4 अप्रैल को होगा। रथ यात्रा के आगमन पर भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है। यह जानकारी संस्था के प्रांतीय मंत्री गोवर्धन त्रिपाठी ने कटरा बाजीराव में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि व्यापार हितों के लिए निरंतर संघर्ष करने वाली संस्था का 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में जिले के संघर्षरत व्यापारियों को सम्मानित किया जाएगा। श्री त्रिपाठी ने कहा कि व्यापार मंडल व्यापारी समुदाय के हितों के लिए निरंतर संघर्ष कर रहा है। विभिन्न मुद्दों पर एकजुट होकर संघर्ष करने का प्रतिफल भी व्यापारियों को मिला है। कहा कि मंडी में ढाई प्रतिशत टैक्स वसूला जाता था। जिसके लिए एकजुटता के साथ संघर्ष किया गया। जिसके चलते टैक्स घटाकर 1:5 प्रतिशत किया गया। कहा कि व्यापारी हितों पर कुठाराघात करने वालों के खिलाफ व्यापारियों का संघर्ष जारी रहेगा। बताया कि जिले में 4 अप्रैल को रथयात्रा आएगा। जिसका शुभारंभ 13 मार्च को कानपुर जिले से होगा और समापन 8 मई को लखनऊ में किया जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष पूनम चंद जैन, जिला अध्यक्ष श्यामसुंदर केसरी, रमेश त्रिपाठी, रामकुमार, शीतला प्रसाद उमर एवं विजय गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### एक्सईएन अनिल कुमार सिंह का हुआ तबादला

**मीरजापुर।** बिजली विभाग में कयामत लाने वाले अधिकारियों की नजरों में तेजतर्रार बनने वाले बिजली विभाग के एक्सईएन अनिल कुमार सिंह को गंगा किनारे से हटाकर अब मध्य शहर में भेज दिया है। मां विंध्यवासिनी की नगरी में कुंडली में दोष लगने के बाद एक्सईएन अनिल कुमार सिंह का तबादला मीरजापुर जिले से बस्ती जिले में कर दिया गया जहां पर उन्हें कार्यालय से संबद्ध किया गया है। अपने अंदाज से जिले में सुर्खियों में आने वाले एक एक्सईएन साहब का अचानक से तबादला हो जाने की खबर किसी को रास नहीं आई। धकाधक कनेक्शन काटना हो या फिर धकाधक वसूली करना हो एक्सईएन साहब फटाफट अंदाज में काम कर रहे थे, लेकिन अचानक से उनके इस कार्य पर किसी की ग्रहण लग गई जहां पर अब उनका तबादला बस्ती जिले में किया गया है।

# नेशनल खिलाड़ी का संघर्ष सुन डीएम ने लगाया गले

**सम्मान**

- नेशनल पावर लिफ्टर मजदूरी कर चला रही परिवार का खर्चा
- दो छोटे भाइयों के साथ खुद कर रही पढ़ाई

**जनसंदेश न्यूज**




खिलाड़ी को सम्मानित करती डीएम

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल चुनार तहसील क्षेत्र के गांगपुर निवासिनी 24 वर्षीय छात्रा रेणुका गौतम से मुलाकात कर भावुक हो गई। पहले पिता और फिर मां की सड़क हादसे में गत वर्ष मौत हो गई। फिर भी खेल के प्रति ललक के चलते वह वालीबाल, बेंच प्रेस के साथ ही पावर लिफ्टर है।

डीएम ने साइकिल और आर्थिक मदद कर बिटिया के हौसले को युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। पिता के आकस्मिक निधन के पश्चात दो छोटे छोटे भाइयों के साथ मजदूरी करते नेशनल खिलाड़ी विवश हैं। स्टेट लेवल की बालीबाल एवं डंडे पत्थर चकरी से 110 केजी में बेटलिफ्टिंग का अभ्यास कर पदक बटोर रही हैं। दो छोटे छोटे भाई जो क्रमशः 18 एवं 8 वर्ष के हैं। 18 वर्षीय विवेक गौतम इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रहा है। बहन का हाथ बँटाने के लिए मजदूरी करने जाता है। जबकि छोटा भाई 8 वीं में पढ़ रहा है। जिला क्षय रोग विभाग में कार्यरत डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव ने खिलाड़ी के लिए लोगों की मदद राशि संग्रहित किया। जिसे डीएम ने बालिका को सौंपकर उसके संघर्ष की कहानी सुनकर द्रवित हो गई। उन्होंने बालिका को हर प्रकार की मदद दिलाने का भरोसा दिया। युवा पीढ़ी के लिए, बालिका के संघर्ष और खेल की भावना को प्रेरणा दायक कहा। जिलाधिकारी ने बालिका को गले लगाकर कहा कि यह बच्ची हम सभी के लिए प्रेरणा स्वरूप है।

उन्होंने तत्काल संबंधित विभाग को निर्देश दिया कि बच्ची के माता का दुर्घटना में हुई मृत्यु के पश्चात दी जाने वाली समस्त सरकारी सुविधाओं का लाभ अविलंब उपलब्ध कराया जाए। बालिका से कहा कि आप किसी भी तरह की दिक्कत हो तो अवगत कराना।



# बकाया भुगतान को लेकर श्रमिक पहुंचे परियोजना गेट

**किया विरोध**

## 20 फरवरी तक मांगे पूरी करने के आश्वासन पर काम पर लौटे मजदूर

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** शक्तिनगर स्थित एनसीएल खड़िया परियोजना में सीएचपी का कार्य कर रही स्टार ओ एंड एम कंपनी में कार्यरत सैकड़ों मजदूर बुधवार सुबह दो माह का बकाये वेतन भुगतान, मेडिकल कार्ड , ईपीएफ, अर्ली लीव व समय पर भुगतान समेत विभिन्न मांगो को लेकर परियोजना महाप्रबंधक गेट पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कंपनी प्रबंधन पर मजदूरों की सुरक्षा से खिलवाड़ का आरोप लगाया। हलांकि प्रबंधन से वार्ता के बाद मजदूर काम पर वापस लौट गए।



बकाया भुगतान के लिए प्रदर्शन करते मजदूर

परियोजना में सीएचपी का कार्य कर रही स्टार ओ एंड एम कंपनी मे कार्यरत मजदूर बुधवार सुबह 9 बजे कार्य ठप कर खडिया परियोजना महाप्रबंधक गेट पर पहं च गये इस दौरान परियोजना के अधिकारियों मे हडकंप मच गया हालांकि मजदूरों को गेटपर ही रोक लिया गया। सुचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने लॉ एंड आर्डर बनाये रखा समाजवादी छात्रनेता मुकेश सिंह भी मजदूरों के समर्थन मे आ गये और परियोजना महाप्रबंधक से पांच मजदूरो के दल को वातार्लाप के लिए बुलाया गया इसके बाद महाप्रबंधक ने आश्वासन दिया की 2 से 3 दिनों के भीतर मजदूरों के बकाये वेतन का 60% भुगतान करा दिया जायेगा बाकी भुगतान 20 फरवरी एवं अन्य समस्याओं का निराकरण माह के अंत तक कराया जायेगा। महाप्रबंधक के आश्वासन के बाद श्रमिक काम पर लौट गये।

# गुजरात कमाने गए मजदूर का पहुंचा शव, परिजनों ने किया हंगामा

जनसंदेश न्यूज

**रोष**

## ठेकेदार के घर के बाहर परिजन पूरी रात रखे रहे शव, कार्रवाई की मांग



**दुद्धी।** अमवार चौकी क्षेत्र के बघाडू गांव में बीती रात गुजरात से एक मजदूर का शव एम्बुलेंस से पहुंचा, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। आक्रोशित परिजनों ने शव ठेकेदार के घर के बाहर रख कर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करने लगे।

उधर ठेकेदार के घर वाले माहौल की स्थिति भांपकर घर में ताला मारकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाया तब जाकर परिजन बुधवार की सुबह किसी वाहन की व्यवस्था कर शव को अग्रिम कार्रवाई के लिए अपने घर म्योरपुर थाना क्षेत्र के चागा ले गए।

बताया गया कि म्योरपुर थाना क्षेत्र के चागा निवासी 22 वर्षीय रामप्यारे पुत्र मानसिंह चौकी क्षेत्र के बघाडू गांव के निवासी एक ठेकेदार के साथ गुजरात पाइप लाइन में काम पर गया था कि सोमवार को उसके परिजनों की सूचना मिली कि युवक की अस्पताल में मौत हो गयी है और मंगलवार की देर शाम एम्बुलेंस के माध्यम से मृतक का शव उसके गांव पहुंचा। शव परिजन घर न उतारकर बघाडू निवासी ठेकेदार के घर ले जाकर उसके घर के बाहर रख हंगामा करने लगे। घर के बाहर बवाल होता देख ठेकेदार के परिजन वहां से फरा हो गये। मृतक के पिता ने बताया कि उनके पुत्र की कुछ दिन पूर्व ही मौत हो गई थी लेकिन सूचना कल मिली। मंगलवार को एंबुलेंस घर पर शव उतार कर फरार हो गया और कोई कागजात नहीं दिया। उधर ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज चंद्रशेखर सिंह ने मृतक के परिजनों को समझाया और कार्रवाई का भरोसा दिया। तब जाकर परिजन सुबह किसी वाहन से शव को अपने घर ले गए। चौकी इंचार्ज ने बताया कि युवक की वहां तबियत बिगड़ गयी थी और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। शव ठेकेदार का भाई यहां लाया है। तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी। मृतक तीन माह पूर्व काम करने गुजरात गया था। उधर पिता का आरोप है कि उसके पुत्र की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है और उसका पोस्टमार्टम कराये बगैर शव यहां लाया गया है।

# बाइकों की टक्कर में दो गम्भीर

जनसंदेश न्यूज

**बीजपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बीजपुर-रेनुकूट मार्ग पर ग्राम सभा इंजानी के दुर्गा मंदिर के पास बुधवार को दो बाइक सवार की आमने सामने भिड़ंत हो गयी। इस हादसे में दोनों के हाथ और पैर की हड्डी टूट गयी। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंच बचाव कार्य शुरू कर डायल 112 पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस शिवलाल गौतम 25 पुत्र रामकेश्वर निवासी नधिरा, पप्पू चरण 30 पुत्र विश्वनाथ केवट निवासी धरतीडांड़ को ग्रामीणों के सहयोग से एनटीपीसी धन्वन्तरि हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां दोनों की हालत गम्भीर बताई गई।

बताया जाता है कि एक बाइक सवार नधिरा से बीजपुर तो दूसरा बीजपुर से बकरिहवा की तरफ जा रहे था, तेज रफ्तार होने के कारण दोनों की आपस में भिड़ंत हो गयी। वहीं पुलिस बाइक कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गयी।

### ब्लॉक प्रमुख से विकास कार्य स्वीकृति कराने की मांग

**म्योरपुर।** स्थानीय विकासखंड के ग्राम पंचायत रासपहरी में बीते कई माह से कार्य स्वीकृति न मिलने से गांव के श्रमिकों के समक्ष बेरोजगारी व भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। प्रधान प्रतिनिधि राम दयाल प्रजापति ने बताया कि स्टीमेट बनवाकर टीएस करा दो माह से भी अधिक समय से स्वीकृति के लिए ब्लाक को प्रेषित किया जा चुका है, फिर भी स्वीकृति नही मिली। ब्लाक प्रमुख मान सिंह गोंड़ को बुधवार को ज्ञापन देकर स्वीकृति दिलाने की मांग की है। मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष प्रेमचंद यादव, दया शंकर, राजेन्द्र, एमडी यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### पं. कृष्णानंद त्रिपाठी के निधन से शोक

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज नगर के बयो बृद्ध पंडित डाक्टर कृष्णानंद त्रिपाठी 80 का देहावसान बुधवार को बीएचयू अस्पताल में उपचार के दौरान हो गया। उनके निधन की खबर लगते ही नगरवासियों मे शोक की लहर दौड़ पड़ी। वे चुर्क इंटर कॉलेज के संस्कृत के रिटायर्ड प्रवक्ता थे। देर शाम उनका अंतिम संस्कार मणिकर्णिका घाट वाराणसी में किया गया। उनके पुत्र ने शव को मुखाग्नि दिया। उधर उनके निधन की खबर लगते ही सदर विधायक भूपेश चौबे, धर्मवीर, अविनाश, कृष्णा समेत तमाम लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढाढस बधाया।

# बेरोजगारी के विरुद्ध एकजुट हुए युवा संगठन

**विरोध**

## राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार अधिकार अभियान का हुआ आगाज

जनसंदेश न्यूज

**म्योरपुर।** गांधी शांति प्रतिष्ठान नई दिल्ली में बीते मंगलवार को तमाम युवा संगठनों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार अधिकार अभियान संचालित करने का निर्णय हुआ है।

युवा संगठनों की मीटिंग में हुए निर्णयों के बाबत जारी प्रेस वक्तव्य में बताया गया कि युवा हल्ला बोल, युवा मंच, कर्नाटक विद्यार्थी संगठन, एआईडीवाईओ, देश की बात, युवा भारत आदि संगठनों से जुड़े उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, बिहार, झारखंड, राजस्थान समेत तमाम राज्यों के युवा प्रतिनिधि शामिल हुए। राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार अधिकार अभियान के संचालन के लिए नौ सदस्यीय कोआर्डिनेशन कमेटी गठित की गई। इसमें युवा हल्ला बोल के अनुपम संयोजक, युवा मंच के राजेश सचान और कर्नाटक विद्यार्थी संगठन के सरोवर को सह संयोजक चुना गया।



बेरोजगारी को लेकर विरोध जताते युवा

सोनभद्र से युवा मंच जिलाध्यक्ष रूबी सिंह गोंड व गुंजा गोंड ने मीटिंग में जनपद की आदिवासी छात्राओं के उच्च शिक्षा से वंचित होने का मुद्दा उठाया। बताया कि आदिवासी बाहुल्य व पिछड़ा जनपद होने की वजह से शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की समस्या बेहद गंभीर है। रोजगार की समस्या इतनी विकराल है कि बड़े पैमाने पर लड़कियां भी बेहद कम वेतनमान पर काम करने अन्य राज्यों में जा रही हैं।

युवा संगठनों द्वारा सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि आज बेरोजगारी की समस्या चिंताजनक स्तर पर है लेकिन सरकार इसके समाधान को लेकर कतई गंभीर नहीं है और विपक्षी दलों के पास भी इसके हल के लिए सुस्पष्ट विचार नहीं हैं।

जबकि सुप्रीम कोर्ट ने भी राज्य के नीति निर्देशक तत्व और अनुच्छेद 21 की व्याख्या में नागरिकों के गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार सुनिश्चित करने की बात की है।

बहुतायत आबादी बेरोजगार है जो कि लोगों के अपमानजनक/तिरस्कार पूर्ण जीवन का मुख्य स्त्रोत है। ऐसे में राज्य का यह दायित्व है कि नागरिकों के गरिमापूर्ण जीवन के लिए आजीविका सुनिश्चित करे।

मांग की गई कि रोजगार को मौलिक अधिकार बनाया जाए, जब तक रोजगार न मिले तब तक बेरोजगारी भत्ता दिया जाए।

राज्यों व केंद्र में सरकारी व सार्वजनिक क्षेत्र में रिक्त पड़े तकरीबन एक करोड़ पदों को पारदर्शिता के साथ समयबद्ध भरने की सरकार घोषणा करे।

# नाबालिग से दुष्कर्म मुकदमा दर्ज

जनसंदेश न्यूज

**दुद्धी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग किशोरी के साथ करीब एक वर्ष से शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण गांव के युवक द्वारा किया जा रहा था। जिससे युवती करीब पांच माह की गर्भवती हो गई। मामले का खुलासा तब हुआ जब युवती का मासिक चक्र रुक गया और शरीर फूलने लगा। उक्त मामले में पीड़ित के भाई द्वारा रामपरवेश कुशवाहा पुत्र शिव मेहता निवासी नौडीहा के विरूद्ध कोतवाली में तहरीर दी गई।



जिसे गम्भीरता से लेते हुए पुलिस आईपीसी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गयी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने दयाशंकर मिश्र दयालु का किया स्वागत



**चोपन।** बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ग्राम पंचायत घोरिया निवासी अन्तराष्ट्रीय कथा वाचक पं.दिलीप कृष्ण भारद्वाज के पितृशोक में श्रद्धांजलि सभा मे जाने से पूर्व चोपन बैरियर पर चोपन मंडल में प्रथम आगमन पर बैरियर गेट पर मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया जिसके उनका काफिला घोरिया पहुंचा जहाँ उन्होंने चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी इस दौरान रमेश मिश्रा, अमरेश पटेल, बृजेश पाण्डेय, संजीव चौबे, जुगैल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी, प्रदीप अग्रवाल, सत्य प्रकाश तिवारी, विकाश चौबे,आईटी विकास सिंह छोटकु, धर्मेंद्र जायसवाल ,चंद्रकांत सिंह, ब्रिजेश पाण्डेय इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# जनजातीय उत्सव में कलाकारों ने बिखेरा जलवा

जनसंदेश न्यूज

**बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद में जनजातीय उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय जनजातीय उत्सव के दूसरे दिन हजारों लोगों ने विभिन्न कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि निदेशक तकनीकी/प्रचालन, एनसीएल डॉ. अनिन्दया सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि अध्यक्षा उत्तरा महिला क्लब डॉ. नीलम सक्सेना ने दीप प्रज्जवलन कर परंपरागत तरीके से किया। इस दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

सशक्त जनजाति सशक्त भारत की मूल मान्यता को ध्यान में रखते हुए जनजातीय उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिससे स्वदेशी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन को बल प्रदान किया जा सके। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने जनजातीय गांव का भ्रमण किया, जिसमे जनजातीय समुदाय द्वारा ग्रामीण परिवेश में जीवंत प्रस्तुति का आयोजन भी किया गया। तत्पश्चात एनटीपीसी गीत भी गाया गया। जनजातीय उत्सव स्वदेशी संस्कृति के संरक्षण को बढ़ावा देने लिए किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में शैला नृत्य, झीझी नृत्य, पैका नृत्य, कक्सार नृत्य, आल्हा गायन, संथाली नृत्य, बीहू नृत्य, चकरी नृत्य आदि प्रस्तुत किया गया, जिसका दर्शकों ने आनंद लिया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख रिहंद ए के चट्टोपाध्याय, पंकज मेदिरत्ता, के गोपालाकृष्णा, राजीव कुमार सिन्हा, जाकिर खान, डॉ. मोनिषा कुलश्रेष्ठा, कृष्णा चट्टोपाध्याय एवं वर्तिका महिला मण्डल की अन्य पदाधिकारी महिलाएं एवं सदस्याएं, अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। संचालन कार्यपालक नैगम संचार ग्रीष्मा कुमारी ने किया।

### तीन दिवसीय सहजीवन शिविर का आयोजन

**चोपन।** वनवासी सेवा आश्रम में तीन दिवसीय सहजीवन शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। शिविर प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत वनवासी सेवा आश्रम केंद्र डहकूदण्डी में किशोर, किशोरियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान युवाओं में बदलाव, महिला पुरुष समानता, पंचायत राज्य एक्ट, ग्राम स्वराज, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं विकास के हुनर पर चर्चा की गई। इसके पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। मुख्य अतिथि साहित्यकार अजय शेखर ने कहा कि शिक्षा विकास की कुंजी है। बिना शिक्षा के किसी भी समुदाय का विकास संभव नहीं है, इसलिये शिक्षा के लिये बच्चों को प्रेरित किया जाना चाहिए। स्त्री पुरुष समाज में एक दूसरे के पूरक हैं, किसी एक के प्रति आकर्षक होने से दूसरे में विकृतियां आ जाती हैं, दोनो में समभाव का विचार नैतिकता में डालना होगा। विशिष्ट अतिथि मोहन शुक्ला ने कहा कि शिक्षा के साथ स्वास्थ और विकास का हुनर पाने से समाज का विकास होगा। बनवासी समुदाय के किशोर किशोरियों को इस तरह का प्रशिक्षण संस्थान की सराहनीय पहल है। मौके पर विमल भाई, प्रेमदयाल निषाद, रामजतन, अशोक, बेचन, मीरा आदि उपस्थित रहे। संचालन उमेश चौबे एवं नंद कुमार ने किया।

# हिण्डाल्को ने नगरवासियों को दी 16 शौचालयों की सौगात

जनसंदेश न्यूज

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को हमेशा से सामाजिक सरोकार के कार्यों को लेकर गंभीर रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को हिण्डाल्को सीएसआर के सौजन्य से नगर के चाचा कॉलोनी में एकसाथ 16 शौचालयों का शुभारंभ कर उसे नगरवासियों को सौंप दिया गया। गौरतलब है कि बीते कई वर्षो से नगर के चाचा कॉलोनी इलाके में रहवासियों को नित्य क्रिया हेतु शौचालय की व्यवस्था न होने के कारण बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। रहवासियों की समस्या को समझते हुए हिण्डाल्को के मुखिया एन. नागेश एवं मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह ने बीते दिनों शौचालय की सुविधा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की थी।

इसी क्रम में चाचा कॉलोनी स्थित भगवान अवधूत राम आश्रम के निकट हिण्डाल्को द्वारा निर्मित पुरुष हेतु 8 एवं महिलाओं हेतु भी 8 टॉयलेट्स का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। रहवासियों का कहना है कि अब उन्हें खुले में शौच के लिए नहीं जाना पड़ेगा।



फीता काटकर शौचालय का उद्घाटन करते सीओओ एन नागेश

इस अवसर पर नगरवासियों ने कंपनी प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सुरक्षा प्रमुख कर्नल से.नि. संदीप खन्ना, सीएसआर प्रमुख अविजीत कुमार, जनसंपर्क विभाग के प्रमुख यशवंत कुमार समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अमृत काल का बजट सभी वर्गो को सशक्त बनाने वाला

**आयोजन**

## बजट पर भाजपा ने किया संगोष्ठी का आयोजन, गिनाई गई खूबियां

**सोनभद्र।** राबट्र्सगंज नगर स्थित आरएस ग्रैण्ड होटल प्रांगण में अमृत काल के प्रथम बजट पर भाजपा ने बुधवार को संगोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी राज्यमंत्री स्टांप कर व पंजियन रविन्द्र जायसवाल, जिला प्रभारी अशोक चौरसिया, जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, सदर विधायक भूपेश चौबे, घोरावल विधायक अनिल कुमार मौर्य, दुद्धी विधायक रामदुलारे गोड़ ने गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि अमृत काल का पहला आम बजट लोक कल्याणकारी है, यह गांव, गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों शोषितों, वंचितों, दिव्यांगजनों, मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त व सक्षम बनाने वाला बजट है। ग्राम विकास, कृषि विकास, श्रमिक कल्याण इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर सहित पूरे देश के समग्र विकास को समर्पित प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा नागरिकों को सामाजिक न्याय, समानता और समान अवसर उपलब्ध कराने वाला बजट है। यह दुनिया में तेज गति से देश को विकास की राह दिखाने वाला और भारत को विश्वगुरु बनाने वाला है। अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। इससे पूर्व प्रभारी मंत्री ने पत्रकारों से बजट के बारे में चर्चा करते हुए इसे लोकहितकारी बताया। इस मौके पर पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा, अजीत रावत, रतन लाल गर्ग, छोटेलाल खरवार, केदार नाथ सिंह, सत्यनारायण पटेल, अमरेश पटेल, धर्मवीर तिवारी, अनूप तिवारी, कौशल शर्मा समेत मण्डल अध्यक्ष सहित मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व आम प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौंप बढ़ा किराया वापस लेने की उठायी मांग

**सोनभद्र।** रोडवेज के बढ़े किराये को तत्काल वापस लिए जाने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को शत्रुंजय मिश्रा की अगुवाई में मुख्यमंत्री को नामित ज्ञापन स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)को सौंपा। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने कहा महंगाई चरम पर है, बेरोजगारी की समस्या से युवा निराश है। किसानों के खेती के उपकरण, डीजल पेट्रोल महंगे है, ऐसे में सरकार रोडवेज बसों के किराये में बढ़ोतरी कर गरीबों का शोषण कर रही है। बढ़े किराये सरकार को तुरंत वापस करना चाहिए। बसों के किराया में 25 पैसे प्रति किमी की बेतहाशा वृद्धि के कारण छात्रों, स्वास्थ्य लाभ के लिए यात्रा कर रहे यात्रियों को अतिरिक्त भार पड़ेगा। प्रमोद पांडे ने कहा कि सरकार के ऐसे निर्णय से आमजन में आक्रोश है। रोडवेज की बसें अभी जर्जर हालत में हैं, उसे ठीक करने की जरूरत है। इस मौके पर दिनेश धर द्विवेदी, निगम मिश्रा, आरपी चौधरी, जितेंद्र पांडे, आशीष शुक्ला, सालिगराम, नामवर कुशवाहा, सत्येंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# मेडल देकर प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**डाला।** सोनभद्र ताइक्वांडो एसोसिएशन के रेणुकूट यूनिट के तत्वाधान में बिरला कार्बन प्रांगण के रिक्रिएशन हाल में द्वितीय प्रवीण कुमार सिंह मेमोरियल इंटर दोजेंग पूमसे ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अल्ट्राटेक सीमेंट परिसर के सोलह प्रतिभागियों को गोल्ड, सिल्वर व ब्रोच मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बिरला कार्बन रमेश पांडेय ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व स्व. प्रवीण कुमार सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करके किया। मुख्य अतिथि सीओ पिपरी प्रदीप सिंह चन्देल ने सभी खिलाड़ियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए इस कला को अनवरत जारी रखने हेतु प्रोत्साहित किया। सब जूनियर खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया। बिरला कार्बन के मानव संसाधन प्रमुख जय कोकाटे ने गोल्ड में यथार्थ खरवार, आर्यन यादव, जानवी कृष्णा, अतुल ठाकुर, शिखर गुप्ता, अंशुमान,



विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाते सीओ पिपरी

सिल्वर मेडल हनुराज सिंह शेखावत, अविका दूबे, रनविजय तोमर, दिव्यांस उपाध्याय समेत कुल 16 कैडेट खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया। प्रशिक्षक संतोष कुमार यादव ने बताया कि प्रतियोगिता की टीम चैंपियनशिप मेजबान रेणुकूट के नाम रही, खिलाड़ियों ने कुल 246 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना कब्जा जमाया। दूसरे स्थान पर डाला की टीम 174 अंकों के साथ व तृतीय स्थान पर सेंट जोसेफ स्कूल शक्तिनगर की टीम 54 अंकों के साथ रही।

# हैंडपम्प मरम्मत के नाम पर धन की बंदरबाट

जनसंदेश न्यूज

**जांच की मांग**

## प्रधानों से सांठ गांठ कर सचिवों ने बनायी फर्जी फाइल

## एक ही फोटो का कई बार फाइलों में होता है प्रयोग

**दुद्धी।** योगी सरकार एक तरफ भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत स्तर पर प्रधान व सचिव मिलकर भ्रष्टाचार की नदी पर गोते लगा रहे हैं। ब्लाक में इन दिनों हैंडपम्प मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये भुगतान कर सरकारी धन की बंदरबाट की जा रही है, जबकि गांवों में ज्यादातर हैंडपम्प खराब पड़े हुए हैं।

बता दें कि हैंडपम्प मरम्मत के नाम पर होने वाला भुगतान सचिवों के अवैध कमाई का जरिया बना हुआ है। सचिव प्रधानों से 2 आईडी बदले एक आईडी प्रधान को भुगतान करवा रहे हैं। ब्लॉक के एक कर्मी ने बताया कि अब मार्च तक ऐसा ही चलेगा, क्योंकि इस भुगतान को ग्राम पंचायत के खातों से बड़े आसानी से आहरण कर लिया जाता है। ग्राम पंचायत विकास के लिए आये धन को खर्च करना होता है। सूत्रों की माने तो हैंडपम्प मरम्मत की फाइलों में एक ही हैंडपम्प की विभिन्न एंगल ली गई फोटो को विभिन्न फाइलों में लगाकर भुगतान कराया जाता है। जिससे कोई कार्रवाई न होना प्रश्नवाचक चिन्ह बना हुआ है। ऐसा नहीं है कि ग्राम पंचायतों में हैंडपम्प मरम्मत नही होती, लेकिन जहां एक दो हैंडपम्प यदा कदा बनाए जाते, उसी की आड़ में लगातर फाइलें तैयार कर भुगतान कराये जा रहे हैं।

वहीं युवा सामाजिक कार्यकर्ता संजय कुमार, दशरथ आदि ने डीएम का ध्यान आकृष्ट कर ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष में हैंडपम्प मरम्मत के नाम पर हुए भुगतान की फाइलों की उच्च स्तरीय जांच की मांग किया है।

## संक्षेप


### डालिम्स सनबीम में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता संपन्न



डालिम्स स्कूल में प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों संग शिक्षक।

**कंदवा।** डालिम्स सनबीम स्कूल मरूई में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मेहरुन्निसा द्वारा मेडल प्रशस्ति पत्र देकर हौसला आफजाई किया गया। इस अवसर पर मेहरुन्निसा ने कहा कि स्कूल के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है बस जरूरत है उसे निखारने, परखने की। कहा कि यही बच्चे आगे चलकर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। कहा कि प्रतियोगिता में जिस तरह से बच्चों ने अपना दमखम दिखाया काबिले तारीफ रहा। प्रतियोगिता में सौ मीटर बालक बालिका दौड में निवेश, खुशी ने बाजी मारी वहीं कबड्डी, खो-खो, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला प्रक्षेप सहित अन्य खेलों में भी बच्चों ने अपना दमखम दिखाया। इस अवसर पर प्रबंधक मोहम्मद रफीक, सैफ अली, दीपक, आजाद, अभय सिंह, अनुष्ठान सिंह, शिखा, शिप्रा, आंचल सहित अन्य मौजूद रहे।

### मानसरोवर तालाब घाट पर लगा गंदगी का अंबार



**नियामताबाद।** मानसरोवर तालाब में विसर्जन की गई प्रतिमायें घाट के किनारे एकत्रित होने से गंदगी का अंबार लगा हुआ है जबकि सरस्वती पूजा को बीते हफ्ते भर से ऊपर हो गए। मानसरोवर तालाब पर दर्जनों से ऊपर प्रतिमा विसर्जन की गई पर आज तक मानसरोवर तालाब की साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं हो पाई। साफ-सफाई के लिए ना तो रेल विभाग आगे आ रहा है ना ही जिला प्रशासन। तालाब में गंदगी का भरमार हो गया है तालाब में पालतू मछलियां तथा कछुए की जान को खतरा हो सकता है। सूर्य देव मंदिर तालाब के संस्थापक कृष्णा गुप्ता ने जिलाधिकारी चंदौली तथा रेल मंडल प्रबंधक मुगलसराय का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

### जनपद के 50 मुख्य आरक्षी बने दरोगा

**चंदौली।** प्रमोशन पाकर मुख्य आरक्षी से दारोगा बने पुलिसकर्मियों के कंधे पर स्टार सजा। इससे उनके चेहरे पर खुशी देखने को मिलीं। 50 मुख्य आरक्षियों को दारोगा बनाया गया है। बुधवार को मुगलसराय कोतवाली प्रभारी ने जटा शंकर तिवारी, अभय सिंह, संजय सिंह को स्टार लगाकर दी बधाई। जिले के सभी थाना प्रभारियों ने नवनियुक्त उपनिरीक्षकों को स्टार लगाया। ये सभी आरक्षियों ने कोरोना काल में बेहतर काम किया। वहीं कानून व्यवस्था, चुनाव आदि में अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। इसकी बदौलत शासन स्तर से उन्हें प्रोन्नत किया गया है।

### महाशिवरात्रि पर शिव बारात निकालने के लिए हुई चर्चा

**चहनियां।** कस्बा स्थित शिव मंदिर पर शिव बारात के प्रबंध कमेटी की बैठक हुई। जिसमें शिव बारात निकालने, पूजन अर्चन व अन्य बातों पर विचार विमर्श किया गया। महाशिवरात्रि के पर चहनिया स्थित कस्बा से शिव बारात एवं झांकी निकालने को लेकर कार्यकताओं ने बैठक कर चर्चा की। निर्णय लिया गया कि 18 फरवरी को दोपहर 12 बजे से शिव मंदिर से झांकी के साथ शिव के गण बारातियों सहित झांकी बारात पूरे बाजार का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर परिसर पर आएगी। इसके पूर्व बाहर से आये कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन एक दिन पूर्व कराया जायेगा। सुबह महादेव का रुद्राभिषेक व पूजन अर्चन पांच ब्राह्मणों के द्वारा होगा। इसके उपरांत भंडारे का कार्यक्रम किया जाएगा तथा वाराणसी से आए हुए कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शिव विवाह का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में बलुआ थाना अध्यक्ष विनय कुमार सिंह को भी सूचना दे दी गयी। इस दौरान अतुलरत्न मिश्रा, योगेंद्र मिश्रा, शिवलाल जायसवाल, संजय सोनकर, सुनील यादव, प्रधानपति सतीश गुप्ता, राजकुमार चैहान, छोटे लाल पाण्डेय, आनन्द सिंह, जयशंकर जायसवाल आदि लोग उपस्थित थे।

### चहनियां में दर्जनों जगह क्षतिग्रस्त है जलनिगम की पाइप

**चहनियां।** कस्बा में जलनिगम की अंडरग्राउंड पाइप दर्जनों जगह क्षतिग्रस्त है। जो सैकड़ो लीटर पानी प्रतिदिन बर्बाद हो हो रहा है। विभागीय लोग जानते हुए भी मौन साधे हुए है। मार्ग पर बहता पानी से लोगो के दरवाजे पर कीचड़ हो रहा है। शिकायत के बाद भी बनवाने की जरूरत नही समझी जा रही है। सरकार द्वारा शुद्ध पानी बचाने के लिए करोड़ों खर्च कर प्रचार प्रसार के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। पानी के एक बूंद के महत्व को बताया जा रहा है। घटते जलस्तर को लेकर सरकार चिंतित है। किन्तु चहनियां कस्बा में जलनिगम विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही से सैकड़ो लीटर पीने का शुद्ध पानी प्रतिदिन बर्बाद हो रहा है। कस्बा में एक दो जगह नही दर्जनों जगह हर मार्ग पर अंडरग्राउंड पानी पाइप क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे सैकड़ो लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। यही नहीं मार्ग पर शुद्ध जल बहने से लोगों के दरवाजे पर पानी कीचड़ कर रहा है। जिसका असर दुकानदारों के दुकानों पर भी पड़ रहा है। कस्बावासियों का कहना है कि कई बार विभागीय लोगो से शिकायत के बाद भी बनवाया नही जा रहा है। सरकार द्वारा पानी बचाओ अभियान को कर्मचारी ही ध्वस्त कर रहे है। जिसे लेकर लोगो मे आक्रोश ब्याप्त है।

### ट्रेन के सामने कूदकर युवक ने की खुदकुशी

**सकलडीहा।** सकलडीहा रेलवे स्टेशन पर बुधवार को ढ़ाई बजे के करीब अपलाइन में आ रही पटना इंदौर ट्रेन के सामने 25 वर्षीय एक अज्ञात युवक ने कूदकर खुदकुशी कर लिया। घटना की जानकारी होने पर जीआरपी दिलदारनगर शव को कब्जे में लेकर अपने साथ ले गयी। घटना के दौरान प्लेट फार्म पर खड़े यात्रियों में खलबली मच गया। रेलवे स्टेशन पर अप लाइन में पटना इंदौरा गाडी नंबर 19314 आ रही थी। इसी बीच प्लेट फार्म पर खड़ा 25 वर्षीय एक अज्ञात युवक ने टेज्न के सामने छलांग लगा दिया। जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। प्लेट फार्म पर मौजूद यात्रियों में खलबली मच गया। स्टेशन मास्टर शैलेन्द्र कुमार की सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस दिलदारनगर ने शव को कब्जे में लेकर ट्रेन से अपने साथ ले गयी। इस बाबत स्टेशन मास्टर शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि मृत युवक की अभी शिनाख्त नहीं हो पायी। शव को जीआरपी पुलिस अपने साथ ले गयी है।

### मां और पिता के आशीष से मिलता है सम्मान व वैभव

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित सत्कार संस्था की ओर से मंगलवार को देर शाम वृद्धा आश्रम में प्रवास कर रहे महिला और बुजुर्गो को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्था की ओर से सभी को भोजन व जलपान कराया गया। सत्कार निधि का प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष में सत्कार निधि लिमिटेड द्वारा वृद्धाश्रम चंदौली में बुजुर्ग वृद्धाओं को सत्कार निधि द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मान वस्त्र वह भोजन का कार्यक्रम किया गया । संस्था के कंपनी मैनेजिंग डायरेक्टर आशीष पटवा सीईओ वीरेंद्र सिंह ने कहा कि मां बाप के आर्शिवाद से बच्चे सदैव खुशहाल जीवन जीते है। हम सभी बेटा बेटी का फर्ज है कि हम अपने मां और पिता को अपने से अलग नहीं रखे। मां बाप की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। अंत में सत्कार निधि द्वारा कराये गये कार्यक्रम में संस्था के लोगों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर आशीष पटवा, सीईओ वीरेंद्र सिंह, कंपनी के डायरेक्टर रत्नेश, मिथिलेश पटवा, सूरज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### 15 को लखनऊ में विधानसभा भवन का घेराव करेंगे अधिवक्ता



**चंदौली।** डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन व सिविल बार एसोसिएशन के साधारण सभा की बैठक बुधवार को बार सभागार में हुई। इस दौरान बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। साथ ही अधिवक्ताओं के हित में छह सूत्रीय मांगों के समर्थन में ज्ञापन, धरना, प्रदर्शन, क्रमिक अनशन आदि के माध्यम से मांगों को शासन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही 15 फरवरी को विधानसभा भवन लखनऊ के घेराव के लिए जाने के प्रस्ताव पर चर्चा की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि जनपद चंदौली में गत 25 वर्षों से दीवानी न्यायालय भवन का निर्माण का मुद्दा लंबित है। जिसके निर्माण में विलंब हो रहा है। इस मुद्दे को शासन तक पहुंचाने के लिए 15 फरवरी को विधानसभा भवन लखनऊ के घेराव के लिए संयुक्त बार के सदस्य लखनऊ जाएंगे। इसके अलावा अधिवक्ताओं के हित में छह सूत्रीय मांगों की अनदेखी न करने का शासन से आग्रह किया गया। कहा कि इन मुद्दों को लेकर तीन चरणों में धरना-प्रदर्शन किया गया। बावजूद इसके यदि सरकार की तरफ से कोई स्पष्टीकरण नहीं आया, जो दुखद है। अंत में लखनऊ विधानसभा के घेराव के लिए 14 फरवरी की शाम लखनऊ के लिए रवाना होने का निर्णय लिया। इस अवसर पर जय प्रकाश सिंह, चन्द्रभानु सिंह, आनन्द कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद पाठक, अनिल कुमार सिंह, पंचानन पांडेय, सुल्तान अहमद, झन्मेजय सिंह, शमशुद्दीन, अभिनव आनन्द, मुहम्मद अकमल खां, महेंद्र कुमार पटेल, अनिरूद्ध सिंह, फिरोज खां आदि उपस्थित रहे।

# आरोप सिद्ध होने पर दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** स्पेशल जज पाक्सो राजेंद्र प्रसाद की न्यायालय ने बुधवार को अनुसूचित जाति की बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी पाते हुए आरोपी रिंकू उर्फ विजय चैहान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं 25 हजार रुपया जुमार्ना से दंडित किया। जुमार्ना अदा न करने पर दो साल की अतिरिक्त सजा भुगतने का फैसला दिया। अभियोजन की ओर से विशेष अधिवक्ता पाक्सो शमशेर बहादर सिंह, अवधेशनारायण सिंह और रमाकांत उपाध्याय ने तर्क प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि बलुआ थाना क्षेत्र की पीड़िता के पिता ने इस संबंध में 31 अगस्त 2017 को थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। आरोप था कि उसकी 14 वर्षीय बेटी 26 अगस्त 2017 की रात करीब आठ बजे घर से बाहर सड़क की तरफ शौच के लिए गई थी। तभी सकलडीहा थाना क्षेत्र के दौलतपुर निवासी रिंकू उर्फ विजय चैहान मोटरसाइकिल से आकर बेटी को जबरन बैठाकर अज्ञात स्थान पर ले जाकर एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद उसने बेटी के साथ बलात्कार किया। सुबह किसी तरह बेटी घर पहुंची तो आपबीती सुनाई। इसपर आरोपी के घर पूछताछ करने गया तो उसके दोस्तों ने गाली गलौज किया। साथ ही थाने में जाने पर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। इसकी सुनवाई बुधवार को स्पेशल जज पाक्सो की अदालत में की गई। इस दौरान न्यायाधीश ने दोषी पाते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा का फैसला दिया। साथ ही 25 हजार रुपया अर्थदंड लगाया। अर्थदंड



न देने पर तीन साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसके अलावा धारा-4 पाक्सो एक्ट में 12 साल की कठोर कारावास और 20 हजार रुपया जुमार्ना न देने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास से दंडित किया। वहीं धारा-363 आईपीसी में चार साल की जेल, पांच हजार रुपया जुमार्ना, न देने पर दो माह का कारावास और धारा-366 में पांच साल की सजा, 7500 रुपया अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड न देने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा सुनाई।

## आग लगने से 35 बीघा खेत की पुआल जलकर राख

**सकलडीहा।** क्षेत्र के ओरवा गांव में मंगलवार की देर रात खलिहान में रखी 35 वीघा खेत की पुआल अज्ञात कारण से धूं धूं कर जलने लगा। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद भी बुधवार को सुबह तक धूंआ निकलता रहा। पुआल के जल जाने से किसान के सामने पशुओ के लिये चारा की समस्या गहरा गया है। ओरवा गांव के दरोगा सिंह अपने खेत की पुआल गांव में ही अपने खेत में गाज कर रखे हुए थे। देर रात अचानक पुआल धू-धूकर जलने लगा। आग की लपट तेज होने पर ग्रामीण शोर गुल मचाने लगे। किसान की सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। इसके बाद भी बुधवार को सुबह तक जली पुआल में से धूंआ निकलता रहा। किसान दरोगा सिंह ने बताया कि करीब 35 बीघा की पुआल जल जाने से पशुओ के सामाने चारा की दिक्कत होगयी है। प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह ने बताया कि अज्ञात कारण से आग लगने पर पुआल जल गया था।

## नहर के पानी में डूबने से बाइक सवार युवक की मौत

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के वाजिदपुर गांव के समीप बुधवार को बाइक सवार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गए। घटाना में बाइक सवार दो लोग नहर में गिर गए। इस दुर्घटना में नहर के पानी में डूबने से मौत हो गयी। वहीं पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने



तत्काल घटना की जानकारी पुलिस की दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया और शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

बताते हैं कि इलिया थाना क्षेत्र के वरियारपुर गांव निवासी ओमप्रकाश 35 वर्ष अपने साले दीपक कुमार 30 वर्ष के साथ मुगलसराय अपने रिश्तेदार की शादी में गया था। देर रात वापस घर लौटते समय जैसे ही दोनों वाजिदपुर गांव के समीप पहुंचे कि अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर नहर में पलट गईं। घटना में ओमप्रकाश के साले दीपक की नहर के पानी में डूबने से मौत हो गयी। ओमप्रकाश को गंभीर चोट आई।

मौके पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल ओमप्रकाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दीपक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों पर दर्ज करें एफआईआर



जमालपुर गांव में जनचैपाल में महिलाओं की गोद भराई करते एसडीएम मनोज पाठक व खंड विकास अधिकारी प्रमोद गुप्ता।

**चहनियां।** क्षेत्र के जमालपुर ग्राम सभा में चौपालों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सकलडीहा एसडीएम मनोज पाठक व खंड विकास अधिकारी प्रमोद गुप्ता ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं की लोगों को जानकारी दिया।

इस दौरान एसडीएम मनोज पाठक व खंड विकास अधिकारी प्रमोद गुप्ता ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, छोटे बच्चों का अन्नप्राशन करवाया गया। सकलडीहा एसडीएम मनोज पाठक ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित संबंधित योजनाओं को लेकर लोगों को जागरूक होना चाहिए, ताकि सरकार द्वारा संचालित संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी मिल सके। वहीं ग्रामीणो की शिकायतों पर एसडीएम ने लेखपाल को गाव में चकमार्ग व सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाले पर एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश देते हुए ग्राम सभा में कराये गये कार्यो का सचिव व ग्राम प्रधान से जानकारी ली। इस दौरान खंड विकास अधिकारी प्रमोद गुप्ता, प्रभारी चिकित्साधिकारी रितेश कुमार, पशु चिकित्सा प्रभारी मनोज यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी विद्या यादव मनोज कुमार, ग्राम प्रधान ज्ञानी जैल सिंह यादव, दशरथ सोनकर मौजूद थे।

## 292 मदिरा व भांग की दुकानों का हुआ नवीनीकरण

**चंदौली।** आबकारी नीति के तहत मदिरा व भांग की दुकानों का नवीनीकरण के माध्यम से 292 दुकानों का व्यवस्थापन हो गया है। अवशेष अव्यवस्थित विदेशी मदिरा की एक बीयर की एक व भांग की 11 फुटकर दुकानों का व्यवस्थापन ई-लाटरी के माध्यम से कराया जाएगा। जिला आबकारी अधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि आबकारी नीति के अनुपालन में जिले की फुटकर देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, माडल शाप व भांग के अनुज्ञापनों का वर्ष 2023-24 के लिए नवीनीकरण के माध्यम से लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आवेदन की प्रक्रिया सात फरवरी को समाप्त हुई है। इसमें जनपद की देशी शराब की 114, विदेशी मदिरा की 75, बीयर की 60, माडल शाप की 4 एवं भांग की 39 फुटकर दुकानों का नवीनीकरण कराया गया। इस प्रकार जिले की 305 में 292 दुकानों का व्यवस्थापन हो गया। नवीनीकरण के बाद अवशेष अव्यवस्थित दुकानों का व्यवस्थापन ई-लाटरी के माध्यम से कराया जाएगा।

# अभिलेख नहीं दिखाने पर राइस मिल को एसडीएम ने कराया बंद

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** राइस मिलों पर मनमानी किये जाने की शिकायत पर एसडीएम मनोज पाठक बुधवार को नई बाजार राइस मिल पर औचक निरीक्षण किया। करीब दो घंटे बाद भी स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य अभिलेख नहीं दिखाने पर एसडीएम ने पुलिस के निगरानी में राइस मिल को बंद कराते हुए अभिलेख प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बगैर सत्यापन राइस मिल खोलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दिया। एसडीएम के इस कार्रवाई से राइस मिल संचालक में खलबली मची हुई है।

राइस मिलों पर आये दिन शिकायत अधिकारियों से किया जा रहा था। ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम मनोज पाठक नई बाजार क्षेत्र में संचालित राइस मिल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिल संचालक द्वारा कोई अभिलेख स्टॉक व खरीद के नहीं दिखाने पर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए चौकी की पुलिस बुलाकर बंद कराया। राइस मिल संचालक को स्टॉक का अभिलेख दो दिन में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अभिलेख व स्टॉक का सत्यापन कराये बगैर खोले जाने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दिया। इस बाबत एसडीएम मनोज पाठक ने बताया कि नई बाजार में राइस मिलर द्वारा स्टॉक संबंधित कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं करने पर बंद करा दिया गया है। अभिलेख प्रस्तुत करने पर टीम बनाकर सत्यापन कराया जायेगा। इस मौके पर चौकी प्रभारी भूपेश चन्द्र कुशवाहा सहित अन्य मौजूद रहे।



नईबाजार में राइस मिल की जांच करते एसडीएम मनोज पाठक।

# विजडम एजुकेयर के बच्चों ने जेई मेन्स में गाड़े सफलता के झंडे

## संस्था के मार्गदर्शन में पहले बैच के 14 में से 12 बच्चों ने अर्जित की सफलता

**चंदौली।** शिक्षा से वंचित न हो कोई भी अपना। पूरा हो हर गरीब के शिक्षा का सपना। पटना के खान सर सरीखे सपने को देखने और उसे साकार करने का जुनून चंदौली में विजडम एजुकेयर ने पाला और पूरा करती दिख रही है। व्यवसायिक सोच को ताक पर रखकर संस्था ने बच्चों को शिक्षित बनाकर उनके मुस्तकबिल को संवारे के विचार को अपनाया। इस बीच मंगलवार को आई जेईई मेन्स की परीक्षा परिणाम ने उनके सार्थक प्रयास में सफलता का रंग भरा। साथ ही पढ़ाई को लेकर चंदौली के बच्चों के जुनून को भी प्रदर्शित किया। संस्था के पहले बेच के 14 बच्चों में 12 ने सफलता अर्जित की और नीतेश यादव ने 97 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर टॉप किया। नीतेश की सफल कई मायनों में महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें पिता के निधन के बाद उनकी होमगार्ड मां ने अकेले पाला और पैसों की तंगी के बीच नीतेश निखर कर उभरे।



जेई मेन्स में सफलता अर्जित करने वाले बच्चों संग विजडम एजुकेयर के बच्चे।

विदित हो कि एक वर्ष पूर्व विजडम एजुकेयर की नींव फाउंडर पीएन सिंह ने रखी। उनकी सोच थी कि कोटा व दिल्ली जैसे बड़ों शहरों जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी चंदौली में हो। ताकि एक सामान्य व गरीब घर का बच्चा भी तकनीकी उच्च शिक्षा को हासिल करने के सपने को साकार कर सके। संस्था की प्रबंधक रूबी सिंह समेत शिक्षकों ने इसककी शुरूआत सकारात्मक सोच व उद्देश्य से की। ऐसे में पहले बैच के बच्चों की तैयारी संस्था ने पूरी शिद्दत के साथ कराई। यहां तक की मुस्कान नामक बच्ची की आर्थिक दिक्कतों को दरकिनार कर उसे संस्था से जाने से रोका और फीस के बगैर ही उसकी पढ़ाई को जारी रखा। शिक्षकों ने कड़ी मेहनत व सही मार्गदर्शन से बच्चों के हूनर को तरासा और उसमें रंग भरने का काम किया। नतीजा पहली बैच के विद्यार्थी नीलेश यादव ने जेई मेन्स परीक्षा में 97.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर संस्था में टॉप किया। इसके अलावा तौसिफ अंसारी ने 91.13 प्रतिशत, रूद्रांश त्रिपाठी ने 89.00, पुष्कर श्रीवास्तव ने 82.00, पीयूष सिंह ने 90.55, राहुल सिंह ने 75.09, सतीश सिंह ने 76.01, अमन पांडेय ने 72.01, मुस्कान मोदनवाल ने 70.39, अभिषेक सिंह ने 85.00 तथा शुभम सोनी ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की है। संस्था में पढ़ने वाले 14 में 12 बच्चे जेई मेन्स के लिए सेलेक्ट हुए हैं। यह संस्था के लिए गौरव का क्षण था, जिसे मंगलवार को संस्था में पर्व की तरह मनाया गया। शिक्षकों ने उम्दा प्रदर्शन करने वाले बच्चों का माल्यार्पण करने के साथ ही शाबाशी देकर हौसला आफजाई की। इस अवसर पर एकेडमी डायरेक्टर अनिल कुमार सिंह, अमिता, नवदीप पांडेय, रमेश कुमार पटेल उपस्थित रहे।

## सरकार ने जनता की सुविधाओं का रखा ध्यान: रमेश जायसवाल

**डीडीयू नगर।** क्षेत्र के ग्राम सभा मवई कला में जिला प्रशासन की ओर से चला गांव की ओर के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके साथ ही विधायक एक सड़क का शिलान्यास भी किया।

इस अवसर पर विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि पहली बार जन चैपाल के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ गांव के गरीब जनता के पास पहुंचे इसके लिए हम सभी तत्पर हैं। शासन की मंशा के अनुरूप जितने भी कल्याणकारी योजनाएं हैं जनता तक पहुंचे। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद यदि योजनाओं का लाभ किसी को नहीं मिल रहा है तो सीधे मुझसे संपर्क कर सकते हैं। सरकार जन चैपाल के माध्यम से यह बताना चाहती है गांव की जनता को योजनाओं का लाभ कैसे मिलता है। कहा कि भाजपा सरकार ने आमजन की बुनियादी जरूरत को पूरा करने के साथ ही सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा है। सड़कें बेहतर हुई हैं स्वास्थ्य सेवाओं को सरकार ने बेहतर किया। वहीं शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता में व्यापक बदलाव व सुधार हुआ है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अविनाश कुमार खंड विकास अधिकारी राहुल सागर, बीईओ मनोज यादव, संजय कन्नौजिया, भीम मोदी एवं ग्राम प्रधान मवई कला फरहत जहां, हमीदुल्लाह, महेंद्र यादव मौजूद रहे।

# स्कूली बच्चों ने प्रस्तुतियों से जागृत की लोगों की चेतना

**शहाबगंज।** कम्पोजिट विद्यालय बड़ौरा पर बुधवार को मीना मंच व शिक्षोन्नयन के तहत पल्लव 4 का आयोजन किया गया। जहां विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी कलाओं का प्रदर्शन कर खूब वाहवाही लूटी। भ्रूण हत्या, तीन तलाक, स्वच्छता अभियान व शराबबंदी जैसे नाटक प्रस्तुत कर बच्चों ने लोगों में चेतना जगाने का कार्य किया।



बड़ौरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

इसकी शुरूआत विधायक कैलाश खरवार ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालय के बच्चे किसी भी मामले में प्राइवेट स्कूलों के बच्चों से कम नहीं है बस जरूरत है उन्हें एक उचित माहौल व प्लेट फार्म देने की। जिससे उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को समाज के सामने लाकर प्रदर्शित किया जा सके। जो अपने परिश्रम के बल पर अपने गांव, समाज व देश का नाम रोशन कर सके। समाजसेवी डाक्टर गीता शुक्ला ने कहा कि बेटियां किसी भी मामले में बेटों से कम नहीं है। समाज के सभी लोगों को बेटा या बेटी में फर्क नहीं करना चाहिए। बल्कि बेटियां एक परिवार के साथ दूसरे परिवार की जोड़ने की कड़ी होती है। समाजसेवी रतीश कुमार ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भी जोड़ना चाहिए, क्योंकि हर एक बच्चे के अंदर एक अलग तरह की प्रतिभा छूपी रहती है। कार्यक्रम में हास्य, नाटक, गीत, संगीत, डांस, देश भक्ति गीत, स्वच्छता अभियान से संबंधित दर्जनों कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों की वाहवाही लूटी। इस अवसर पर राजेश पटेल, चंद्रभान सिंह, आनंद पांडेय ने कार्यक्रम में अपने विचारों को रखा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि प्रकाश सिंह, मुसाफिर सिंह मौर्य, सुजीत पटेल, प्रमोद पटेल, अभिषेक राय, संतोष यादव, आशुतोष कुशवाहा, रामानंद, ललित यादव, केशरीनंदन जायसवाल, विमला, संतोष त्रिपाठी, समद अंसारी, प्रियंका, संजू, अनुराधा व अनिकेत शामिल रहे। संचालन राम अवतार सिंह कवल ने किया।



## लगातार काउंटी खेलने से इंग्लैंड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली सफलता : एरोन फिंच



**मेलबर्न।** क्रिकेट को अलविदा कह चुके ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के पूर्व कप्तान एरोन फिंच का मानना है कि लगातार काउंटी और घरेलू क्रिकेट खेलने से इंग्लैंड को हाल ही में इतनी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि कार्यभार से खिलाड़ियों को एक प्रारूप से दूसरे प्रारूप में आसानी से ढलने में मदद मिलती है। इंग्लैंड ने हाल ही में टी20 और वनडे विश्व कप जीता और दस में से नौ टेस्ट अपने नाम किए। फिंच ने कहा कि इंग्लैंड के युवा क्रिकेटर अपने शुरूआती दिनों में ही इतना क्रिकेट खेल लेते हैं कि उन्हें अलग अलग प्रारूपों में ढलने में दिक्कत नहीं होती। उन्होंने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, ये युवा खिलाड़ी काफी क्रिकेट खेलते हैं, खासकर अपने शुरूआती समय में। इससे इन्हें अलग अलग प्रारूप में खुद को ढालने में आसानी होती है। फिंच ने कहा, क्लब क्रिकेट से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक वे काफी मैच खेलते हैं। इतना ज्यादा क्रिकेट खेलने के कारण तैयारी का तरीका भी अलग होता है।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबला आज

## पारंपरिक प्रारूप की प्रतिद्वंद्विता में आस्ट्रेलिया के लिये भारत के पास स्पिन का ब्रह्मास्त्र



**नागपुर।** सीमित ओवरों में अपने फन का लोहा मनवा चुके रोहित शर्मा टेस्ट कप्तान के रूप में अपने कैरियर की सबसे बड़ी परीक्षा से गुजरेंगे जब गुरुवार से भारतीय टीम का सामना बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया से होगा जो यहां बदला चुकता करने के इरादे से आई है लेकिन सामना भारतीय फिरकी के ब्रहमास्त्र से होगा। क्रिकेट के मैदान पर किवदंती बन चुकी इस श्रृंखला में कई कैरियर बनेंगे तो कई सितारे जमींदोज भी होंगे। इसमें नाकाम रहने पर कइयों के कैरियर पर विराम भी लग सकता है। क्रिकेट के मैदान की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विताओं में शुमार इस श्रृंखला पर क्रिकेटप्रेमियों, आलोचकों और मीडिया की पैनी नजरें रहेंगी। क्या रोहित शर्मा आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को पूल शॉट खेलने की अपनी ललक पर काबू रख सकेंगे। एश्टोन एगर या नाथन लियोन के सामने विराट कोहली कैसे शॉट खेलेंगे। क्या सूर्यकुमार यादव को कोच राहुल द्रविड़ शुभमन गिल पर तरजीह देंगे। अक्षर पटेल ज्यादा उपयोगी साबित होंगे या कुलदीप यादव। इन सभी सवालों के जवाब इस श्रृंखला में मिलेंगे। अपनी सरजमीं पर पिछली दोनों बार (2018 . 19 और 2020 . 21) में श्रृंखला गंवाने का दर्द कमिंस और उनकी टीम को है और वे इस बार बदला लेने के इरादे से ही आये हैं। वैसे यह उनके लिये इतना आसान भी नहीं होगा क्योंकि पिच पहले ही दिन से टर्न ले सकती है । भारत और आस्ट्रेलिया के बीच 2001 के बाद से हुई श्रृंखलाओं में एशेज की तुलना में बेहतर क्रिकेट देखने को मिला है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की इस जमात को मैथ्यू हेडन, जस्टिन लैंगर, ग्लेन मैकग्रा या एडम गिलक्रिस्ट जैसे 2004 की टीम के खिलाड़ियों की बराबरी करनी है तो यह श्रृंखला जीतनी होगी। स्टीव स्मिथ ने खुद कहा है कि भारत में श्रृंखला जीतना एशेज से भी बड़ा है । रोहित चोट या बीमारी के कारण बड़ी टीमों के खिलाफ सभी टेस्ट चूकते आये हैं । चाहे 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला हो या इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट। अब उनके सामने चुनौती विराट कोहली की तरह भारत को एक बार फिर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में ले जाने की है। इसके लिये भारत को जीत में दो मैचों का अंतर रखना होगा। रोहित के ब्रहमास्त्र उनकी स्पिन चौकड़ी है जिनमें से तीन का खेलना तय है।

इसी तरह उनके बल्लेबाजों को भी लियोन को संभलकर खेलना होगा। कोई नहीं जानता कि बीसीसीआई ने पिछले साल टी20 विश्व कप में भारत की नाकामी के बाद रोहित को टी20 कप्तानी से हटाया तो उन्हें कैसा लगा होगा। वह सार्वजनिक तौर पर कुछ नहीं कहते लेकिन दुखी जरूर होंगे। अब उनके पास खुद को महान कप्तानों की सूची में शामिल कराने के लिए यह श्रृंखला एक जरिया है। उन्हें ऋषभ पंत की कमी जरूर खलेगी और देखना होगा कि वह इसकी भरपाई कैसे करते हैं। कोना भरत बतौर विकेटकीपर प्रभावी है लेकिन रणजी स्तर पर तिहरे शतक के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी के सामने उनकी क्षमता को लेकर कुछ कह पाना मुश्किल है। कोटला पर रणजी मैच में दिल्ली के गेंदबाजों ने उन्हें काफी परेशान किया। ईशान किशन बेहतर बल्लेबाज जरूर है लेकिन विकेटकीपिंग को लेकर टीम प्रबंधन कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगा क्योंकि उन्होंने टेस्ट में यह जिम्मा संभाला भी नहीं है। केएल राहुल को बाहर किया जा सकता है लेकिन टेस्ट से दो दिन पहले प्रेस कांफ्रेंस में उन्हें भेजने का मतलब है कि खराब प्रदर्शन के बावजूद उनकी जगह सुरक्षित है। इसके मायने हैं कि गिल या सूर्यकुमार जैसे मैच विनर में से एक को बाहर बैठना होगा ।

रोहित के लिये सबसे बड़ा फैसला अक्षर या कुलदीप में से एक को चुनना होगा और अक्षर की संभावना अधिक लग रही है। भारत अगर चार स्पिनरों को लेकर उतरता है तो रविचंद्रन अश्विन को नयी गेंद सौंपी जा सकती है । वैसे सूखी लग रही पिच पर तेज गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग भी मिल सकती है तो ऐसे में मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज उपयोगी साबित होंगे।

## रमीज राजा ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को दी कड़ी चेतावनी



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व प्रमुख रमीज राजा ने कहा कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी एक कप्तान के रूप में रोहित शर्मा के लिए एक कड़ी परीक्षा होगी, जिसमें उनकी रणनीति और टीम चयन सीरीज में निर्णायक कारक साबित होंगे। भारत नौ फरवरी से नागपुर में शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा और राजा का मानना है कि मेहमान टीम को मात देने और बहुप्रतीक्षित सीरीज जीतने के लिए मेजबान भारत को खेलने की परिस्थितियों के बारे में पूर्ण स्पष्टता की आवश्यकता होगी। बतौर पीसीबी अध्यक्ष हटाए जाने के बाद अब रमीज राजा अपने यूट्यूब चैनल पर लौट चुके हैं। उन्होंने कहा- रोहित शर्मा की कप्तानी की परीक्षा होगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। पहले टेस्ट में एक भी सत्र ऐसा नहीं होगा जहां ऑस्ट्रेलिया कड़ी टक्कर नहीं देगा। कोई सपाट सत्र नहीं होगा। रणनीति को पूर्ण प्रमाण की आवश्यकता है और इसलिए चयन भी सटीक होना चाहिए। उन परिस्थितियों पर भी स्पष्टता की आवश्यकता है जहां वे ऑस्ट्रेलिया पर जीत हासिल करना चाहते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम की प्लेइंग इलेवन काफी समय से चर्चा का विषय रही है। केएल राहुल और शुभमन गिल कप्तान रोहित के साथ बल्लेबाजी की शुरूआत करने के लिए शीर्ष विकल्प बने हुए हैं।

## भारतीय टीम से बाहर चल रहे मयंक अग्रवाल ने रणजी ट्रॉफी में दमदार शतक जड़कर ठोका वापसी का दावा



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे मयंक अग्रवाल इस वक्त रणजी ट्रॉफी में कर्नाटक टीम की तरफ से खेल रहे है। वह कर्नाटक टीम की कमान संभाल रहे है। उन्होंने टूनार्मेंट के दूसरे सेमीफाइनल मैच में सौराष्ट्र के खिलाफ दमदार शतक जड़ दिया है बता दें कि मयंक ने 215 गेंदों में शतक जड़ा और अपनी टीम को शतक के दम पर एक मजबूती दी। इस शतक के बाद उन्होंने टीम इंडिया में वापसी का दावा ठोक दिया है। दरअसल, रणजी ट्रॉफी 2022-23 के तहत बैंगलुरू में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में कर्नाटक और सौराष्ट टीम आमने सामने रही। कर्नाटक टीम ने 86 ओवर के खेल खत्म होने तक पहले दिन 5 विकेट के नुकसान पर 224 बनाए। टीम के कप्तामन मयंक अग्रवाल ने 110 रनों की पारी खेली। मयंक ने 12 गेंदों में 50 रन पूरे किए है। बता दें कि इस शतक को ठोककर उन्होंने टीम इंडिया में वापसी का दावा ठोक दिया है। मयंक ने भारतीय टीम की तरफ से अपना आखिरी इंटरनेशनल टेस्ट मार्च 12 2022 में श्रीलंका के खिलाफ खेला था, जिसमें उन्होंने 22 रन बनाए थे। उन्होंने कुल 21 टेस्ट खेलते हुए 1488 रन बनाए है।

# सूर्यकुमार यादव शीर्ष पर बरकरार

## अर्शदीप सिंह आठ पायदान चढ़कर कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग पर



**दुबई।** भारत के सूर्यकुमार यादव आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि शुभमन गिल करियर की सर्वश्रेष्ठ 30वीं रैंकिंग पर पहुंच गए। सूर्य 906 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर हैं। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे मैच में शतक जमाने वाले गिल करियर की सर्वोच्च रैंकिंग पर हैं। खेल के तीनों प्रारूपों में शतक जमा चुके गिल वनडे में छठे और टेस्ट में 62वें स्थान पर हैं। विराट कोहली एक पायदान गिरकर 15वें स्थान पर है जबकि केएल राहुल दो पायदान नीचे 27वें और कप्तान रोहित शर्मा 29वें स्थान पर हैं । ईशान किशन तीन पायदान नीचे खिसककर 48वें स्थान पर हैं । टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष दस में कोई भारतीय नहीं है।

बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह आठ पायदान चढकर करियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग पर हैं। भुवनेश्वर कुमार एक पायदान गिरकर 21वें स्थान पर हैं। रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल क्रमशः 29वें और 30वें स्थान पर बने हुए हैं। हरफनमौला हार्दिक पाड्या बल्लेबाजों में 50वें और गेंदबाजों में 66वें से 46वें स्थान पर आ गए। हरफनमौलाओं में वह बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

### उस्मान ख्वाजा ने 'होमवर्कगेट' मामले को किया याद

**नागपुर।** भारत में 2013 की श्रृंखला के दौरान चर्चित 'होमवर्कगेट' मामले के शिकार हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने उस समय के टीम प्रबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उसकी प्राथमिकता गलत थी और श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन की बजाय सिर्फ कागजों पर रणनीति तैयार करने पर जोर था। चेन्नई और हैदराबाद में भारत से मिली भारी हार के बाद मोहाली टेस्ट में ख्वाजा पदार्पण की तैयारी में थे लेकिन तत्कालीन कप्तान माइकल क्लार्क, कोच मिकी आर्थर और टीम मैनेजर गेविन डोवे से मुलाकात के लिये उन्हें समन किया गया। पाकिस्तान में जन्मे क्रिकेटर ख्वाजा के अलावा जेम्स पेटिंसन, मिशेल जॉनसन और शेन वॉटसन को भी कोच द्वारा दिया गया 'होमवर्क' नहीं करने पर एक मैच के लिये निलंबित कर दिया गया था।

## बॉलीवुड न्यूज

### सर्वकालिक ऐतिहासिक ब्लॉकबस्टर बनी पठान



**इंदौर।** यश राज फिल्म्स की पठान अब एक सर्वकालिक ऐतिहासिक ब्लॉकबस्टर बन गयी है, हिंदी फिल्म इतिहास में सबसे ज्यादा कमाई करने के साथ यश राज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की फिल्म में टाइगर के रूप में सलमान खान और पठान के रूप में शाहरुख खान जैसे दो सुपर-जासूस मिलने पर दर्शकों से प्यार मिला है! शाहरुख और सलमान पहली बार इस विषय में बात कर रहे हैं कि वे स्क्रीन पर वापस आकर कितने रोमांचित थे और कैसे आदित्य चोपड़ा ने उन्हें अपने रीयूनियन की अवधारणा के साथ प्रभावित किया और सिद्धार्थ आनंद ने कितने शानदार ढंग से इसका निर्देशन किया और उन्हें अविस्मरणीय स्वैग के साथ पेश किया! सलमान खान ने बताया कि शाहरुख और मुझे बड़े पर्दे पर एक साथ आने के लिए हमेशा एक स्पेशल फिल्म की जरूरत होती है और मुझे इस बात की खुशी है कि वह फिल्म पठान है। जब हमने करण अर्जुन की थी, तो वो एक ब्लॉकबस्टर थी और अब पठान, जो यश राज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है, वो भी ब्लॉकबस्टर बन गयी है। मुझे पता है कि दर्शक हमें स्क्रीन पर एक साथ देखना पसंद करते हैं और मुझे खुशी है कि उन्होंने हमें पठान के लिए इतना प्यार दिया है। जब आदि ने मुझे सीक्वेंस सुनाया और हमें फिर से स्क्रीन पर एक साथ लाने के लिए अपनी विचार के बारे में बताया तो मैं हैरान रह गया। उन्होंने आगे बताया कि उनका (आदि का) इरादा लोगों से प्रशंसा पाने और हमारे प्रशंसकों, दर्शकों को वह देना था जो वो हमसे देखना चाहते थे। यह देखते हुए कि आदि शाहरुख और मुझे कितने करीब से जानते हैं, वह सच में यह पकड़ने में कामयाब रहे कि दृश्यों में हम व्यक्तित्व के रूप में कैसे हैं। यही वजह है कि लोग हमें पर्दे पर पसंद कर रहे हैं।

### आमिर खान रिकॉर्ड को शाहरुख खान ने दिया नया मोड़



**मुंबई।** परफेक्शनिस्ट आमिर खान एक ऐसे एक्टर हैं जो पिछले 14 सालों से बॉक्स ऑफिस पर राज कर रहें है। उन्होंने 2008 में आई गजनी के साथ अपने इस सफर की शुरूआत की थी। लेकिन फिर 3 इडियट्स, पीके और दंगल जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ वो बॉक्स ऑफिस के किंग बने रहें और अपनी ही फिल्मों के बनाए पिछले सारे रिकॉर्ड्स तोड़ते गए। हालांकि अब किंग खान की पठान के साथ उनके ये सारे रिकॉर्ड टूटते नजर आ रहें है। शाहरुख खान की पठान ने आमिर खान की दंगल का 7 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। इससे हमें पता चलता है कि कैसे आमिर खान बॉक्स ऑफिस पर पिछले 14 सालों से गजनी, 3 इडियट्स, पीके और दंगल जैसी फिल्मों के साथ टॉप पर रहे हैं। आमिर खान ने खुद बार-बार रिकॉर्ड बानया और उसे तोड़ा और अब आखिरकार इस बार किसी और ने उनका ये रिकॉर्ड तोड़ा है। 2008 में जब गजनी रिलीज हुई थी, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि आमिर खान खुद अपने नबंर्स को मात देते हुए टाइमलेस 3 इडियट्स के साथ अपना ही रिकॉर्ड तोड़ देंगे। लेकिन इसके बाद फिर 2010 की शुरूआत में, दर्शकों ने आमिर खान के रिकॉर्ड तोड़ने का अनुमान लगाना शुरू कर दिया था। सोशल मीडिया पर जाने-माने क्रिटिक और फिल्म ट्रेड एनालिस्ट सुमित कदेल ने अपने विचार शेयर करते हुए बताया कि कैसे आमिर खान पिछले 14 सालों से इस गेम के नंबर वन खिलाड़ी बने हुए हैं। उन्होंने लिखा कि मुझे अचानक अहसास हुआ कि पिछले 14 सालों में अलग-अलग फिल्में देने के बाद, आमिर खान ने सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्मों के साथ अपनी पोजीशन पर राज किया है और अब एसआरके ने पठान के साथ उनसे यह पोजीशन ले ली है।

# गिल या सूर्यकुमार किसे मिलेगा मौका? रोहित शर्मा ने कहा

## टेस्ट में भी पिच के आधार पर होगा चयन



**नागपुर।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट में अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी क्रम की प्राथमिकताओं का खुलासा नहीं करते हुए कहा कि वे इस बहुप्रतीक्षित श्रृंखला में 'पिच के आधार पर खिलाड़ियों के चयन' का रवैया अपनाएंगे। रोहित से विशेष तौर पर यह पूछा गया था कि सूर्यकुमार यादव और शुभमन गिल के बीच उनकी पसंद कौन है क्योंकि पर्याप्त संकेत मिले हैं कि टीम प्रबंधन खराब फॉर्म से जूझ रहे उप कप्तान लोकेश राहुल को टीम से बाहर नहीं करेगा। रोहित ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा, कल सुबह नौ बजे टॉस के समय। शुभमन शानदार फॉर्म में चल रहे हैं जबकि सूर्यकुमार यादव में नाथन लियोन जैसे अनुभवी गेंदबाजों की लय बिगाड़ने की क्षमता है और भारतीय कप्तान ने स्पष्ट किया है कि अंतिम एकादश का चयन करते हुए खिलाड़ी की फॉर्म जितनी महत्वपूर्ण होगी विशिष्ट पिच पर उसके कौशल पर भी उतना ही ध्यान दिया जाएगा। रोहित ने कहा, यह कड़ा फैसला होगा। हमें पता है कि काफी खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में हैं, यह टीम के लिए अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा, चयन एक मुद्दा है और यह दशार्ता है कि काफी खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह टीम के नजरिए से काफी महत्वपूर्ण है, हमें बस प्रत्येक पिच को देखना होगा और सर्वश्रेष्ठ एकादश का चयन करना होगा। हम अतीत में भी ऐसा करते आए हैं और भविष्य में भी ऐसा ही करेंगे। भारतीय कप्तान ने कहा,खिलाड़ियों के लिए संदेश साफ है। हम पिच के आधार पर खिलाड़ियों को खिलाने को तैयार हैं। जो भी पिच हो, जिसकी भी हमें जरूरत हो, हम उसे टीम में शामिल करेंगे। यह सामान्य सी बात है।

यह पूछने पर कि जामथा की पिच को देखते हुए सूर्यकुमार और शुभमन में कौन बेहतर है तो रोहित ने कहा, वे हमें अलग अलग विकल्प देते हैं। गिल पिछले तीन से चार महीने से काफी अच्छी फॉर्म में है। काफी बड़े शतक भी बनाए। सूर्यकुमार ने टी20 में दिखाया है कि वह क्या करने में सक्षम है और टेस्ट क्रिकेट में भी वह कैसा खेल दिखा सकता है। उन्होंने कहा, दोनों हमारे लिए स्तरीय विकल्प हैं और हमने अब तक फैसला नहीं किया है कि खेल के सभी पहलुओं को देखते हुए दोनों में से कौन हमारे लिए खेलेगा। रोहित ने यह भी खुलासा नहीं किया कि वह इशान किशन पर केएस भरत को प्राथमिकता देंगे या नहीं। उन्होंने कहा, आपको साहसिक फैसला करना होगा। ऋषभ ने जिस तरह बल्लेबाजी की उससे वह हमारे लिए महत्वपूर्ण रहा है। हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो मध्यक्रम में काम कर सकते हैं। आपको जरूरत होगी कि पारंपरिक क्रिकेट भी खेला जाए, हमारा शीर्ष क्रम मजबूत है और सभी खिलाड़ी रन बना रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि कल जब हम मैच शुरू करेंगे तो इन चीजों को फिर हासिल कर पाएंगे। अपनी राष्ट्रीय टीम के पक्ष में माहौल बनाने के लिए मशहूर ऑस्ट्रेलियाई मीडिया का एक समूह पहले ही आरोप लगा चुका है कि एक भी गेंद फेंके जाने से पहले ही जामथा की पिच में बदलाव किया गया है। रोहित ने कहा, हमारा ध्यान खेलने पर है, पिछली श्रृंखला जब हम यहां खेले थे तो पिचों को लेकर काफी कुछ बोला गया था और सभी 22 स्तरीय खिलाड़ी है और इससे फर्क नहीं पड़ता की गेंद कितनी टर्न या सीम कर रही है। इस तरह का सुझाव दिया जा रहा है कि रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन के साथ कुलदीप यादव और अक्षर पटेल को भी खिलाया जाना चाहिए। रोहित ने इन चारों की तारीफ की लेकिन खुलासा नहीं किया कि कौन खेलेगा, उन्होंने कहा, चारों स्तरीय गेंदबाज हैं और जडेजा तथा अश्विन ने काफी क्रिकेट एक साथ खेला है। मुझे लगता है कि अक्षर और कुलदीप को जब भी मौका मिला तो उन्होंने बल्लेबाजों को दबाव में डाला।

# पुजारा-कोहली के सामने लियोन की चुनौती, वॉर्नर स्मिथ के लिए खतरा बन सकते हैं अश्विन



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरूआत गुरुवार से होने जा रही है। इस सीरीज में दोनों टीमों के कुछ खिलाड़ियों के बीच दिलचस्प टक्कर देखने को मिल सकती है। इनमें नाथन लियोन बनाम भारतीय बल्लेबाज और रविचंद्रन अश्विन बनाम ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मुख्य है। लियोन की टक्कर मुख्यतौर पर भारत के दो बल्लेबाजों से होगी। इनमें विराट कोहली और चेतेश्वर पुजारा शामिल हैं। भारत में स्पिनर की भूमिका अहम होगी। ऐसे में लियोन ऑस्ट्रेलिया के एक्स-फैक्टर साबित हो सकते हैं। वह काफी अनुभवी हैं और कोहली-पुजारा को कई बार परेशान कर चुके हैं। लियोन का भारत में प्रदर्शन काफी शानदार रहा है। वह अब तक यहां सात टेस्ट में 30.58 की औसत से 34 विकेट ले चुके हैं। 2012-13 में भारत के पहले दौरे के बाद से उनकी औसत में काफी सुधार आया है। 2021-13 में तीन टेस्ट में उनकी गेंदबाजी औसत 37.33 थी, जो कि 2016-17 में 25.26 हो गई। इसके अलावा इकोनॉमी रेट भी 4.4 (2012-13) से 2.88 पहुंच गया।

साथ ही वह अपनी ऑफ स्पिन से पुजारा और कोहली को भी परेशान करने में कामयाब रहे हैं। लियोन ने पुजारा को भारत में टेस्ट में पांच बार आउट किया है। इस दौरान उनका प्रति विकेट औसत 35.2 का रहा है। वहीं, कोहली के खिलाफ यह आंकड़े और भी बेहतर हैं। कोहली को लियोन ने चार बार आउट किया है, इस दौरान प्रति विकेट औसत 23.25 का रहा है। यानी औसतन 23.25 रन पर लियोन भारत में कोहली को आउट करते हैं। इतना ही लियोन एशिया के बाहर के स्पिनरों में एशिया में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिनर हैं। लियोन के नाम एशिया में 24 मैचों में 118 विकेट हैं। इस मामले में उनसे आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर शेन वॉर्न हैं। वॉर्न के नाम 127 विकेट हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम को टेस्ट सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा जब जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क चोटिल हो गए। हालांकि, कप्तान पैट कमिंस की मौजूदगी से ऑस्ट्रेलिया को जरूर राहत मिली होगी। कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया में तो पुजारा को काफी परेशान किया है और 16.85 की औसत से सात बार पवेलियन भेजा है। वहीं, हेजलवुड ने पांच बार पुजारा को आउट किया है। हालांकि, भारत में कमिंस और हेजलवुड मिलकर भी पुजारा को सिर्फ एक बार आउट कर पाए हैं। इस दौरान दोनों ने 152 रन लुटाए हैं। ऐसे में पुजारा इस बार भी कमिंस पर भारी पड़ सकते हैं। वहीं, कोहली की कहानी कुछ दूसरी है। उनका प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ज्यादा बेहतर है। पिछली बार 2017 में जब ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत दौरे पर आई थी तो कोहली ने पांच पारियों में 9.20 की औसत से 46 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने रविचंद्रन अश्विन को काउंटर करने के लिए 21 साल के बड़ौदा के स्पिनर महेश पिथिया को नेट्स में गेंदबाजी के लिए बुलाया है। ऐसा इसलिए क्योंकि पिथिया का बॉलिंग एक्शन अश्विन जैसा है। पिथिया ज्यादातर स्टीव स्मिथ को बैटिंग प्रैक्टिस करा रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि ऑस्ट्रेलियाई टीम अश्विन का सामना करने से डरी हुई है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने घर में अश्विन ने 23.16 की औसत से 50 विकेट लिए हैं। हालांकि, कंगारू टीम के पास एक बल्लेबाज है जो अश्विन को काउंटर कर सकता है। ऑस्ट्रेलिया को अगर भारत के खिलाफ जीतना है तो स्टीव स्मिथ को रन बनाने होंगे। भारतीय स्पिनर्स के खिलाफ स्मिथ का रिकॉर्ड भी शानदार रहा है। अश्विन के खिलाफ उनकी बल्लेबाजी औसत 68.66 है। भारत में स्मिथ अश्विन के खिलाफ 57 के औसत से रन बनाते हैं। वहीं, रवींद्र जडेजा के खिलाफ स्मिथ 45.25 की औसत से रन बनाते हैं।

## डब्ल्यूटीसी 2023 : 'द ओवल' में खेला जाएगा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल, आईसीसी ने की घोषणा




**दुबई।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल लंदन के ओवल मैदान पर सात से 11 जून के बीच खेला जायेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। आईसीसी ने बताया कि 12 जून को फाइनल के लिये अतिरिक्त दिन रखा गया है। डब्ल्यूटीसी फाइनल की दौड़ में फिलहाल ऑस्ट्रेलिया 75.56 प्रतिशत अंकों के साथ पहले स्थान पर है, जबकि भारत 58.93 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। दोनों टीमों को गुरुवार से शुरू होने वाली चार मैचों की टेस्ट शृंखला में आमना-सामना होगा। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने आईसीसी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा,विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेलने की संभावना पिछले दो वर्षों में हमारे लिये प्रेरणादायक रही है। खासकर इसलिए क्योंकि पिछली बार हम ओवर रेट से चूक गए थे। उन्होंने कहा, द ओवल जैसे मैदान पर आयोजन फाइनल मैच में पहुंचने वाली दोनों टीमों के लिये एक बड़ी उपलब्धि होगी। दोनों टीमों के लिए यह चुनौती होगी और कुछ समय से हमारा लक्ष्य फाइनल तक पहुंचना रहा है। हमें विश्वास है। वास्तव में 12 महीनों के बाद हम भारत में सीरीज जीत कर फाइनल में स्थान सुरक्षित कर सकते हैं। फाइनल मैच में प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और स्टाफ के लिये एक बड़ा इनाम होगा। पिछले डब्ल्यूटीसी फाइनल में न्यूजीलैंड से हारने वाले भारत के पास एक बार फिर खिताबी मुकाबले में जगह बनाने का मौका है। भारत अगर आगामी टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हरा देता है तो वह डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बना लेगा। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में टीम इंडिया की अगुवाई में खेल के मैदान पर उतरना विशेष होगा। हम इस टेस्ट सीरीज के लिए एक टीम के रूप में विकसित हुए हैं। हम जानते हैं कि जून में ओवल में खिताब जीतने का मौका पाने के लिये हमें पहले ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम से पार पाना होगा।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने बैंकों में चलाया चेकिंग अभियान

जनसंदेश न्यूज



चेकिंग अभियान चलाते अपर पुलिस अधीक्षक नगर

**जौनपुर।** बैंकों में आए दिन हो रही चोरी, उचक्का गिरी, फ्रॉड गिरी को देखते हुए बैंक प्रशासन तो कम लेकिन पुलिस-प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है।

पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा के निर्देश पर बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ. संजय कुमार के नेतृत्व में थानाध्यक्ष लाइन बाजार सहित पुलिस बल के जवानों ने कलेक्ट्रेट परिसर से लेकर गांधी तिराहा तक तमाम बैंकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बैंकों के बाहर खड़ी गाड़ियां, बैंकों के अंदर आने जाने वालों के रजिस्टर, बैंक में लगे अलार्म, सीसीटीवी कैमरे को भी चेक किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष लाइन बाजार आदेश त्यागी, चौकी इंचार्ज मियांपुर व भारी संख्या में महिला पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे। इस मामले में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ. संजय कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बैंकों की चेकिंग और पैदल मार्च कर चेकिंग किया गया है। इस दौरान आने जाने वाले आगंतुक रजिस्टर को चेक किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण करना है। बैंकों को निर्देश दिया गया है कि आने जाने वाले लोगों के मोबाइल नंबर, गाड़ियों के नंबर अंकित करें जिससे अपराधों पर रोक लगाई जा सके। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक, केनरा बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे और बैंकों में लगे अलार्म को भी चेक किया गया है सब कुछ सामान्य है।

## आवास के नाम पर रुपये लेने का आरोप लगाने वाले बयान से मुकरे

**चंदवक।** क्षेत्र पंचायत डोभी के ग्राम पंचायत बहिरी के बरहपुर पुरवे के पीएम आवास योजना में प्रधान प्रतिनिधि बृजेश यादव द्वारा दस-दस हजार रुपये लेने का वायरल वीडियो में आरोप लगाने वाले लाभार्थी जांच टीम के सामने अपने बयान से मुकर गए जिसको लेकर तरह तरह की चर्चा है। गौरतलब हो कि पिछले सप्ताह ग्राम पंचायत बहिरी के बरहपुर पुरवे के पीएम आवास योजना के कुछ लाभार्थियों ने एक वायरल वीडियो में प्रधान प्रतिनिधि बृजेश यादव पर दस दस हजार रुपये प्रत्येक लाभार्थी से मांगने का आरोप लगाया था। नहीं देने पर आवास से वंचित कर देने की धमकी देने का आरोप था। वीडियो वायरल होने पर खलबली मच गई। इसका संज्ञान लेते हुए खंड विकास अधिकारी डॉ. छोटेलाल तिवारी द्वारा एडीओ कृषि के नेतृत्व में जेई जेपी सिंह के साथ जांच टीम गठित कर जांच कर रिपोर्ट देने को कहा। जांच टीम बरहपुर गांव पहुंची तो जांच के दौरान आरोप लगाने वाले लाभार्थी पैसे देने के बयान से मुकर गए। लाभार्थियों द्वारा जांच के दौरान आरोपों से मुकरने को लेकर तरह तरह की चर्चा है।

# कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री में शोध की असीम संभावनाएं : डॉ. मनोज



**जौनपुर।** वीर बहादुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा मॉलिक्यूलर मॉडलिंग एवं कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री के विभिन्न आयामों व अनुप्रयोगों पर चर्चा हुई।

**कार्यशाला**


### मॉलिक्युलर मॉडलिंग जैविक क्रियाओं को समझने में मददगार

तकनीकी सत्र को संबोधित करते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ थ्योरिटिकल केमिस्ट्री, स्टटगार्ट यूनिवर्सिटी, जर्मनी के डॉ. मनोज केसरवानी ने कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री में प्रयोग होने वाले विभिन्न सॉफ्टवेयर और प्रोग्राम के बारे में बताया तथा विद्यार्थियों को उसका प्रशिक्षण भी दिया। दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए मेहरावां पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता बीसवीं और इक्कीसवीं सदी में हुई रसायन विज्ञान की विभिन्न घटनाओं के जिक्र किया तथा कंप्यूटेशनल केमेस्ट्री की उत्पति और वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला। समापन सत्र के मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डॉ. विवेक कुमार यादव ने कहा कि इस की तरह की कार्यशाला से विद्यार्थी को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में हो रही शोध का पता चलता है जिससे उन्हें अपने अध्ययन और शोध में मदद मिलती है।

डॉ. विवेक ने मॉलिक्युलर डायनामिक्स और उससे जुड़े विभिन्न आयामों के बारे में विस्तार से उदाहरण के साथ चर्चा की। समापन सत्र की अध्यक्षता कर रहे रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. देवराज सिंह ने कहा कि कंप्यूटर आज के समय में शोध के आवश्यक हिस्सा है। बिना कंप्यूटर के शोध की कल्पना नहीं को जा सकती है। प्रो. सिंह ने विद्यार्थियों को मेहनत के साथ अध्ययन और शोध करने के लिए प्रेरित किया।

दो दिवसीय कार्यशाला का वृत्त डॉ. अजीत सिंह ने प्रस्तुत किया। कार्यशाला का संचालन डॉ. मिथिलेश यादव व डॉ. दिनेश वर्मा किया। धन्यवाद ज्ञापन स्वागत रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. आशीष वर्मा, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. दीपक मौर्य, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. सुजीत, डॉ. काजल डे तथा पीएचडी शोधार्थी व बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

# दबंगों ने मारकर युवक का तोड़ा हाथ



घायल युवक

**केराकत।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत विजईपुर गांव में बुधवार की सुबह शौच कर घर लौट रहे युवक को घात लगाये बैठे दबंगों ने मारकर हाथ तोड़ दिया। पीड़ित थाने में पहुंच तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

गौरतलब हो कि विकास कुमार पुत्र विजय कुमार गांव के ही ठेकेदार पिंटू के साथ मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। मंगलवार की शाम लगभग छः बजे पिंटू के घर पहुंच अपनी मजदूरी का सोलह हजार रुपया मांगने लगा तो दोनो में कहासुनी होने लगी जिसके बाद पिंटू ने गाली गलौज देते हुए विकास को अपने घर से भगा दिया। अगली सुबह जब विकास शौच कर घर वापस लौट रहा था तभी पहले से ही घात लगाये बैठे पिंटू ने अपने साथियों के साथ लाठी डंडों से मार पीट कर घायल कर दिया। मारपीट में विकास के दाहिने हाथ की हड्डी टूट गई। घटना की सूचना होते ही घायलावस्था में युवक को सामुदायिक केन्द्र लाया गया जहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल में जुट गई।

### वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अक्खनसराय गांव में न्यायालय से वांछित चल रहे एक वारंटी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेज दिया। क्षेत्र के उक्त गांव निवासी अरबिंद प्रजापति पुत्र वंशराज न्यायालय में चल रहे मारपीट व दहेज अधिनियम के मुकदमे में वांछित चल रहा था। बुधवार की सुबह एसआई विजय सिंह गौड़, कांस्टेबल दुर्गेश कुमार, सियाराम ने मुखबिर की सूचना पर घर से गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

# लापरवाही बरतने पर डीएम ने एडीओ एजी का रोका वेतन, स्पष्टीकरण का निर्देश



समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में कृषि एवं संबंधित विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने पीएम किसान योजनान्तर्गत ई-केवाईसी एवं भू-लेख सत्यापन में लापरवाही

**बैठक**

### विकास भवन सभागार में आयोजित हुई समीक्षा बैठक

बरतने पर मुफ्तीगंज, सुइथाकला, मुंगराबादशाहपुर, केराकत, सुजानगंज, रामपुर के एडीओ एजी का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए और उत्कृष्ट कार्य करने पर महराजगंज और खुटहन के एडीओ एजी को प्रशस्ति पत्र देने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने सोलर पम्प लगाए जाने में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बंधित फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने की नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। भूमि सरंक्षण अधिकारी द्वय मीटिंग में बिना सूचना दिए अनुपस्थिति थे, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि को कृषि के क्षेत्र में नवाचार कार्य करने की निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनपद में मिलेट्स के क्षेत्र को बढ़ावा दिया जाये। जितने लोग पीएम किसान का लाभ ले रहे है उनका केसीसी बनाया जाए। सभी उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि भू-लेख के पेंडेंसी न रहे। एलडीएम को निर्देश दिया कि केसीसी के शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण करें। जनपद के 30 कोआपरेटिव समितियों का कायाकल्प करने के निर्देश दिये। नलकूप विभाग की समीक्षा करते हुए अधीक्षण अभियंता ने बताया कि सभी नलकूप संचालित है।

जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी नलकूप खराब न हो। सिचाई का समय है किसानों को कोई समस्या न हो। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि गो-आश्रय स्थलों की संख्या बढ़ाये, गौवंशो को सरंक्षित करें, कैटल कैचर की संख्या बढ़ाये। गोवंश बाहर न रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक ब्लॉक में एक गाँव को मॉडल गाँव के रूप में विकसित किया जाए जहाँ पर सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हो और योजनाएं संचालित हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, उपायुक्त मनरेगा भूपेन्द्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, उप परियोजना निदेशक कृषि प्रसार डा. रमेश चंद्र यादव सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भाषण में शरीयत, पेंटिंग में दिव्या फैशन शो में अदिति प्रथम



प्रतियोगिता में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मंगलवार और बुधवार को जी-20 के परिपेक्ष्य में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत निबंध-लेखन, भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं फैशन शो का आयोजन हुआ।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शरियत फात्मा, द्वितीय स्थान उद्देश्य सिंह तथा दिव्या भदोरिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में दिव्या सोनकर प्रथम, अमृता गुप्ता द्वितीय तथा अफसाना खातून तृतीय स्थान पर रहीं। फैशन शो में अदिती ने प्रथम, महक ने द्वितीय और नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डा. अवध बिहारी सिंह और डा. चंदन सिंह, पेंटिंग प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव और प्रोफेसर वंदना रॉय एवं फैशन शो प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में रेखा पाल, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, विनीता सिंह और प्रोफेसर वंदना रॉय रहीं। इस अवसर पर जी-20 की नोडल अधिकारी डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने कहा कि जी-20 के माध्यम से भारतीय संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। आज के युवा जो इससे जुड़ाव नहीं रखते हैं वह आज जी-20 मंच के माध्यम से बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है। कार्यक्रम का संचालन हिदायत फात्मा और धन्यवाद ज्ञापन डा. मनोज पांडे ने किया। इस मौके पर जी-20 अम्बेसडर डॉ. सुनील कुमार, डॉ. मनोज पांडे और छात्र अम्बेसडर विनीत तिवारी, रिंशु सिंह, आँचल सिंह, संस्कार श्रीवास्तव, किशन जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# पेंशनर्स की मासिक बैठक में चिकित्सा प्रतिपूर्ति में विलंब पर आक्रोश

जनसंदेश न्यूज



पेंशनर्स की मासिक बैठक को सम्बोधित करते राकेश श्रीवास्तव

**जौनपुर।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स भवन में जनपद अध्यक्ष सीबी सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए सभाध्यक्ष ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा कार्ड के डाउनलोड होने में आ रही कठिनाई के संदर्भ में नोडल संस्था सांची लखनऊ से प्राप्त पत्र को पढ़कर स्थिति स्पष्ट की गई। संस्था ने अवगत कराया है कि मरम्मत कार्य की वजह से कार्ड डाउनलोड होने में जो कठिनाई आ रही है वह एक सप्ताह में दूर हो जाएगी। इसके साथ ही उपस्थित सदस्यों से अपने-अपने निकट रहने वाले पेंशनर साथियों को संगठन से जुड़ने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई जिससे सदस्यों की संख्या में वृद्धि हो साथ ही शासन से मिलने वाली सुविधाओं की उनको जानकारी हो सके। बैठक में कैशलेश चिकित्सा संबंधी जनपद के निजी अस्पतालों की जानकारी कंचन सिंह ने सभी साथियों को दिया। बैठक में चिकित्सा प्रतिपूर्ति के देयों के निस्तारण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर पर विलंब की स्थिति पर खेद व्यक्त किया गया। साथ ही इसमें सुधार की मांग की गयी।

बैठक को मुख्य रूप से राकेश कुमार श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, पारसनाथ यादव, डीके सिंह, केके त्रिपाठी, हरीश चंद्र श्रीवास्तव, धनंजय यादव, श्याम बिहारी सिंह, ओंकार मिश्रा, रामाश्रय रजक, विक्रमाजीत यादव, रमाशंकर निषाद, विद्या प्रकाश सिंह, लालमणि चौबे, यदुनाथ यादव आदि ने संबोधित किया। बैठक के अंत में सभी उपस्थित साथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बैठक समाप्त की घोषणा की गई। बैठक का संचालन राजबली यादव जिला मंत्री ने किया।

## सीएचसी अधीक्षक ने मांगा स्पष्टीकरण

**सुइथाकला।** स्थानीय सीएचसी पर बीसीपीएम द्वारा आशा कार्यकत्रियों से हुई अवैध वसूली के मामले में चिकित्सा अधीक्षक द्वारा स्पष्टीकरण माँगा गया है। कहा गया है कि यदि दो दिनों के भीतर उचित स्पष्टीकरण नहीं दिया गया तो मामले में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि डाटा फीडिंग हेतु आई लगभग169 पीस मोबाईल आशाओं में बंटना था। सोमवार को बीसीपीएम सुरेश कुमार द्वारा वितरण कार्य किया गया जिसमें आशाओं द्वारा बीसीपीएम सुरेश कुमार पर अवैध ढंग से 300 रूपए वसूली का आरोप लगाया गया था जिसको संज्ञान में लेते हुए सीएचसी अधीक्षक डाक्टर एसपी यादव द्वारा तैनात बीसीपीएम सुरेश कुमार से दो दिन में उचित स्पष्टीकरण माँगा गया है।

कहा गया है कि मामले में आरोपी द्वारा समय पर उचित स्पष्टीकरण नहीं दिया गया तो उसके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी को भगा ले जाने का लगाया आरोप

**गभिरन।** पत्नी को बहला फुसलाकर कर भगा जाने का आरोप लगाते हुए पति ने बुधवार को खुटहन थाने में अपने साढ़ू के खिलाफ नामजद तहरीर दिया है। मामला गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धर्मसारी गांव का है। आरोपित साढ़ू खुटहन थाना क्षेत्र के गायत्री नगर डिहियां गांव का रहने वाला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

धर्मसारी गांव निवासी धर्मेन्द्र धरिकार का आरोप है कि बीते सोमवार को उसका साढ़ू जो कि डिहिया गांव का है, वह उसके घर अक्सर आता-जाता रहता था। रिश्तेदारी होने के चलते वह घर के भीतर भी आने-जाने लगा। धीरे-धीरे वह मेरी पत्नी को वरगलाने लगा। बीते सोमवार को वह घर पर नहीं था। उसी समय घर पहुंचे साढ़ू राजेश धरिकार ने उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर कर अपने साथ कहीं भगा ले गया। शाम को जब वापस अपने घर आया तो दोनों बच्चों ने बताया कि वह मौसा के साथ कहीं गयी है। देर रात तक दोनों वापस नहीं लौटे तो दूसरे दिन गौराबादशाहपुर थाने में तहरीर दी गई। वहां से तत्काल कोई कार्रवाई न होने पर पत्नी की बरामदगी के लिए खुटहन थाने में भी तहरीर दिया है।

### बाइक से गिरकर दो घायल

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सिद्धिपुर जमुहाई मार्ग स्थित पतहना मोड़ के पास नशे में धुत दो बाइक सवार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गए। स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर परिजन पहुंचे और उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जानकारी के अनुसार खेतासराय के सोंगर गांव निवासी सतीराम 35 वर्ष, धर्मेंद्र 34 घर से जौनपुर किसी काम से जा रहे थे कि पहतना मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होने पर खाई में गिर गए। स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया और परिजनों को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर उनका उपचार किया गया।

## संक्षेप

### छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को भगत सिंह तिराहे से छेड़खानी के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने बताया कि मंगलवार को हमराही पुलिसकर्मियों के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान भगत सिंह तिराहे पर एक युवक आती-जाती छात्राओं पर अश्लील हरकतें कर रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम साहिल यादव पुत्र नागेंद्र यादव निवासी रायपुर दुर्गा देवी थाना बरसठी बताया। पुलिस आरोपित युवक के विरुद्ध आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद चालान न्यायालय भेज दिया।

### वारण्टी भेजे गए जेल



**सुइथाकला।** बुधवार सुबह को पुलिस द्वारा वीरेन्द्र बनाम हरिराम मामले में दो वारण्टियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बतौर पुलिस थाना क्षेत्र के समसीपुर गांव निवासी कमलेश पुत्र गुरूचरन व गुड्डू पुत्र हरिलाल मुकदमा अपराध संख्या 4447/11 विरेन्द्र बनाम हरिराम मामले के विभिन्न धाराओं के तहत वारण्टी थे जिनको बुधवार सुबह थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक सच्चिदानन्द मय हमराही द्वारा भ्रमण के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई करते हुए उपरोक्त का चालान न्यायालय को भेज दिया गया। इस दौरान हेड कान्स्टेबल द्वय मुकेश यादव और धर्मेन्द्र गिरि मौजूद रहे।

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने बुधवार को सुबह खेताब चढ़ई मोड़ से एक युवक को नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि खेताब चढ़ई मोड़ पर एक युवक जो अपराधी किस्म का है नाजायज गांजे के साथ मौजूद है। मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक हमराहियों के साथ खेताब चढ़ई मोड़ पर पहुंचकर युवक को हिरासत में लेकर जमा तलाशी लिया तो उसके पास से 1 किलो 500 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम अनीम अहमद पुत्र बब्बन उर्फ कल्लन निवासी हिनौती थाना मड़ियाहूँ बताया। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुटी है।

### सड़क दुघर्टना में बाइक सवार घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कटहिया पुलिया के समीप सड़क दुघर्टना में बाइक सवार एक युवक गड्ढे में गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज हेतु चिकित्सालय में भर्ती कराया। खुटहन थाना क्षेत्र के कपसिया गांव निवासी 30 वर्षीय मनोज यादव पुत्र समारू शाहगंज से बाइक से घर जा रहा था कि अचानक बाइक अनियंत्रित होकर प्रयागराज मार्ग स्थित कटहिया पुलिया के नीचे चला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# पुलिस कप्तान ने सरायख्वाजा थाने का किया निरीक्षण

**करंजाकला।** नवागत पुलिस अधीक्षक ने सरायख्वाजा थाने का निरीक्षण किया और गोकशी टॉप टेन, टॉप 20 नियंत्रण रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिले के नवागत कप्तान डॉ. अजय पाल शर्मा ने बुधवार को निरीक्षण के दौरान अभिलेखों में रखरखाव, क्राइम रजिस्टर की गहनता से जांच पड़ताल की और गोकशी, माफिया, चोरी, डकैती, टॉप 10, टॉप 20 एवं साफ सफाई पर दिशा निर्देश दिया।



निरीक्षण के दौरान रजिस्टर चेक करते एसपी

# वरिष्ठ अधिवक्ता की जूनियर महिला और चपरासी में हुई मारपीट

**मछलीशहर।** स्थानीय तहसील में कार्यरत वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश यादव की जूनियर कविता यादव और नायब तहसीलदार मुंगरा के चपरासी जितेन्द्र

**दुस्साहस**

### वकीलों ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय का किया घेराव

कुमार के बीच हाथापाई हो गई।

वकील की जूनियर ने अधिवक्ता संघ को जानकारी देते हुए बताया कि नायब तहसीलदार मुंगरा मीना गौड़ के चपरासी जितेन्द्र कुमार ने उनसे आकर कहा कि नायब तहसीलदार तुरंत बुला रही हैं मेरे साथ चलो। जिस पर मैंने तत्काल चलने में असमर्थता जताई। उसने कहा कि वह साथ लेकर ही जायेगा। इसी पर वाद विवाद शुरू हो गया और उसने मेरी पिटाई कर दी। इसके बाद वकील आक्रोशित हो उठे और क्षेत्राधिकारी अतर सिंह से मुलाकात कर दोषी चपरासी के खिलाफ तत्काल कार्यवाही की मांग की। क्षेत्राधिकारी ने मामूली रूप से घायल महिला को कोतवाली भेजा जहां से महिला कॉन्स्टेबल उन्हें अस्पताल चिकित्सकीय परीक्षण हेतु ले गई। जबकि आरोपित चपरासी मौके से फरार हो गया है। जिसके बाद अधिवक्ता बेहद आक्रोशित हो गए और क्षेत्राधिकारी कार्यालय का घेराव कर दिया। क्षेत्राधिकारी के तत्काल कार्यवाही कराने पर आक्रोशित अधिवक्ता शांत हुए। प्रमुख अधिवक्ताओं में अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पूर्व अध्यक्ष दिनेश चंद सिन्हा, अशोक श्रीवास्तव, जगदंबा प्रसाद मिश्र, प्रेमचंद विश्वकर्मा, लालजी यादव, कैलाश यादव आदि लोग थे। यह भी बताया गया कि महिला वकील का रजिस्ट्रेशन अभी स्थानीय अधिवक्ता संघ में नहीं हुआ है। कोतवाल ने बताया चपरासी के खिलाफ मारपीट और छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



मजिस्ट्रेट की गाड़ी का घेराव करते अधिवक्ता

# भदोही को बनायें नम्बर वन: डिप्टी सीएम

## सुरियावां में अटल बिहारी की प्रतिमा का उपमुख्यमंत्री ने किया अनावरण

**बैठक**

जिलाधिकारी गौरांग राठी की अभिनव पहल पर " जन संवाद मोबाइल एप" का किया शुभारंभ

डीएम के सभी ड्रीम प्रोजेक्ट की उपमुख्यमंत्री ने की सराहना

उपमुख्यमंत्री का काफिला रोककर स्कूली बच्चों ने किया स्वागत

जनसंदेश न्यूज



जिला मुख्यालय पर योगी सरकार के विकास योजनाओं की अफसरों के साथ समीक्षा बैठक करते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक



दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की प्रतिमा का अनावरण कर आते उप मुख्यमंत्री और भदोही विधायक जाहिद बेग

**ज्ञानपुर।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मंगलवार की शाम भदोही पहुँचे। राजकीय गेस्ट हाउस में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने डिप्टी सीएम का भव्य स्वागत किया। रात्रि विश्राम के बाद बुधवार को उपमुख्यमंत्री का व्यस्त कार्यक्रम रहा। डिप्टी सीएम ने योगी सरकार की विकास योजनाओं की जिला मुख्यालय पर अफसरों के साथ समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भदोही प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ जनपद होगा। समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में बेहतर विकास हो रहा है।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बुधवार को अपने व्यस्त कार्यक्रम के दौरान पूरे दिन व्यस्त रहे। जिला मुख्यालय सरपतहाँ में अफसरों के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने आवश्यक निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अभिनव पहल पर 'जन संवाद मोबाइल एप' का भी शुभारंभ किया। इस ऐप के लांच होने से जिले के आम लोगों को काफी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विकास की सभी योजनाएं उन्हें मालूम होगी और संबंधित अफसरों से संपर्क कर योजनाओं के बारे में जान सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि यहां के जिलाधिकारी बेहतर काम कर रहे हैं और प्रदेश स्तर पर बढ़िया काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने ड्रेस खरीदने हेतु शिक्षक अभिभावकों को प्रेरित करने के लिए भी कहा। प्राथमिक स्कूल में मध्यान्ह भोजन के तहत उन्होंने मशरूम का भी प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया।

समीक्षा बैठक में सौ शैय्या अस्पताल में बने बर्न यूनिट का संचालन अब तक न होने पर डिप्टी सीएम ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में बर्न यूनिट का संचालन दो से तीन दिनों के भीतर सुनिश्चित कर हमें सूचित किया जाए। उन्होंने अल्ट्रासाउंड की समस्या का तत्काल समाधान करने का आश्वासन दिया। वहीं सरकारी अस्पतालों में प्रसव को लेकर प्रयास किये जाने का निर्देश दिया। जनपद में कानून व शांति व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार से कहा कि आप हर स्तर से इस तरह के प्रयास करिए। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जिला मुख्यालय से समीक्षा बैठक करने के बाद जब सुरियावां आ रहे थे तो पाली में प्राथमिक स्कूल के बच्चों ने रोक कर उनका स्वागत किया। शहीद झूरी सिंह स्मारक पहुंचकर उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित किया। सुरियावां नगर में पहुंचकर बाईपास चौराहे पर स्थापित 25 लाख रुपए की लागत स्थापित से दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने अटल बिहारी अमर रहें के नारे भी लगाए। उपमुख्यमंत्री बाद में सुरियावा में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश भी दिए। इसके बाद उन्होंने कस्तूरीपुर स्थित गौशाला का निरीक्षण भी किया। आदर्श प्राथमिक विद्यालय निरीक्षण कर बच्चों से शिक्षा के विषय में हालचाल जाना और उनसे बातचीत भी किया। इस दौरान भदोही जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, सांसद रमेश बिंद, औराई विधायक दीनानाथ भास्कर, ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे, भदोही विधायक जाहिद जमाल बेग भी मौजूद थे।

### कार्यकर्ताओं का छलका दर्द, नहीं सुन रहे अधिकारी

ज्ञानपुर। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय जोरई में पार्टी के कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उपमुख्यमंत्री के समक्ष कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि जनपद के अधिकारी द्वारा उनकी बातों को गम्भीरता से नही लिया जाता है, सत्ता पक्ष के कार्यकर्ता होने के बाद भी तवज्जो नहीं दी जाती है। डिप्टी सीएम ने कार्यकर्ताओं की बातों को गम्भीरता से सुनते हुए निराकरण करने का आश्वासन दिया।



उपमुख्यमंत्री फ्लीट रोककर पाली में प्राथमिक स्कूल के छात्रों का अभिवादन स्वागत स्वीकार कर प्रोत्साहित करते हुए

### डिप्टी सीएम के साथ सपा विधायक ने भी लगाए 'अटल बिहारी अमर रहें के नारे'

**ज्ञानपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के अनावरण के दौरान जहाँ मंच पर डिप्टी सीएम के साथ भाजपा के दिग्गज नेताओं की भीड़ थी वही लाल टोपी पहने सपा विधायक जाहिद बेग की मौजूदगी से कई लोग हैरान थे। सपा विधायक के न सिर्फ मंच पर पहुँचे बल्कि डिप्टी सीएम के साथ 'अटल बिहारी अमर रहें' के नारे भी लगाए। भदोही के सपा विधायक जाहिद बेग ने कहा कि राजनीति में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी सर्वमान्य नेता हैं। सत्ता हो या विपक्ष उनके राजनीतिक कद का सब सम्मान करते हैं, अटल जी का व्यक्तित्व राजनीति से बड़ा है। वे प्रधानमंत्री जी को मुख्यमंत्री रहने के दौरान राजधर्म निभाने की सलाह दे चुके हैं। हमारे विधानसभा क्षेत्र में उनकी प्रतिमा का अनावरण हो रहा है तो उस सम्मान में मेरी मौजूदगी से किसी को हैरान नही होना चाहिए।

### डीएम साहब इधर आइये आप अच्छा काम कर रहे हैं

ज्ञानपुर। जिलाधिकारी गौरांग राठी के अभिनव पहल जनसंवाद मोबाइल एप, स्मार्ट विलेज संकलना, ग्राम ज्ञानालय, खेल मैदान, ग्रामीण बाजार सफाई अभियान, जन संवाद दिवस से उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक काफी प्रभावित दिखे, कार्यक्रम के दौरान फोटो शूट के मौके पर डिप्टी सीएम ने कई मौके पर कहा कि डीएम साहब इधर आइये आप काफी मेहनत से बेहतर काम कर रहे हैं।

## छात्रों ने किया सलखन फॉसिल पार्क सोनभद्र का भ्रमण

**भ्रमण**

प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाते हुए अधिक से अधिक सीखने का प्रयास करने के लिए किया प्रेरित

**भदोही।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय नवाचार परिषद वनस्पति विज्ञान विभाग और प्राणी विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विज्ञान संकाय के छात्राओं का समूह सलखान फॉसिल पार्क सोनभद्र का भ्रमण किया।

प्राचार्य प्रो. डॉ. मुरलीधर राम ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों के दल को विज्ञान संकाय की डीन डॉ. माया यादव, वनस्पति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. रणजीत सिंह, नवाचार परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह यादव और जंतु विज्ञान विभाग के डॉ. रुस्तम अली के नेतृत्व में रवाना किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान अनुशासन बनाए रखते हुए अधिक से अधिक सीखने का प्रयास करना चाहिए। स्नातक स्तर पर सीखी जाने वाली चीजें पूरे जीवन में हमें काम आती हैं। डॉ. रणजीत सिंह ने जीवाश्म से संबंधित जानकारियां देते हुए बताया कि सलखान पार्क 25 एकड़ के क्षेत्र में फैला है और दुनिया का सबसे बड़ा फॉसिल पार्क है जहां पर 150 करोड़ वर्ष पहले पाए जाने वाले साइनोबैक्टीरिया के जीवाश्म है।



सलखन फॉसिल पार्क का भ्रमण करने जाते छात्र

नवाचार परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह यादव छात्रों को प्रकृति से सीखते हुए नवाचार और क्रिएटिविटी के माध्यम से कुछ नया करने के लिए प्रेरित किया। छात्रों के दल में शुभम गुप्ता, मनीष तिवारी, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद असद, वंदना, आंचल विश्वकर्मा, कोमल गुप्ता आदि के साथ कर्मचारी श्री संजय गौड़ शामिल रहे।

### शराब पीकर आतंक मचा रहे युवक को पुलिस ने दबोचा

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गोपीगंज ज्ञानपुर मार्ग के थानीपुर पेट्रोल पंप के सामने अमित सिंह पुत्र सुल्लर सिंह निवासी अनरिकपुरा थाना गोपीगंज को चौकी इंचार्ज मनोज राय अपने सहयोगी दीवान एजाज खान के साथ मौके पर पहुंच कर धरदबोचा और थाने पर ले आए। बताया जाता है की गोपीगंज ज्ञानपुर मार्ग के थानीपुर पेट्रोल पंप के पास अमित सिंह पिछले दो दिनों से सड़क पर आकर आने जाने वाली टेंपो और गाड़ियों पर ईट पत्थर मारकर लोगो को परेशान कर रहा था। इसी तरह दिन बुधवार को भी लोगो को गालियां और पत्थर मारकर परेशान कर रहा था। जिसकी सूचना चौकी इंचार्ज मनोज राय को दी गई। अपने हमराही दीवान एजाज खान के साथ पहुंच कर काफी मशक्कत के बाद उसे पकड़कर थाना ले आकर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही में जुट गए।

## कार्यक्रम के सफल आयोजन पर डीएम ने सभी के प्रति जताया आभार

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक, नगर पंचायत सुरियावां क्षेत्रान्तर्गत अटल चौराहा पर भारत रत्न मा.पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण, अनु. जाति, जनजाति वार्ड न.06 पत्थरकट्टा बस्ती में प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों से वार्ता एवं भोज, विकास खण्ड सुरियांवा परिसर में विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं यथा-ट्राई साइकिल वितरण, पोषण पोटली, टेबलेट, पीएम आवास योजना ग्रामीण, गोल्डेन कार्ड एवं कृषि विभाग के विभिन्न यंत्रों एवं अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को वितरण, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरियावां का निरीक्षण, एमएनसीयू वार्ड का लोकार्पण, इसीआरपी के अन्तर्गत निर्माणधीन कार्य का निरीक्षण, गौशाला कस्तूरीपुर एव प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण सकुशल, शान्तिपूर्ण व सुव्यवस्थित सम्पन्न होने पर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे सभी जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक-पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, पत्रकार बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनको बधाई व शुभकामना दिया। उन्होंने कहा कि सभी ने कार्यक्रम की सफलता हेतु अपने निर्धारित दायित्वों का कर्तव्य निष्ठा व तत्परता के साथ निर्वहन किया है। जिसके लिए उन्होंने सभी की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का हुआ शुभारंभ



**खेतासराय।** स्थानीय कस्बे के उत्तरी छोर पर स्थित आदर्श भारती महाविद्यालय में स्काउड गाइड का पांच दिवसीय शिविर का बड़े धूमधाम से शुभारंभ हुआ। शिविर के शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित हुए वक्ताओं ने स्काउड गाइड के बारे में प्रकाश डालते हुए जीवन में उसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया। बुधवार को उक्त महाविद्यालय के प्राचार्य विनय सिंह द्वारा माँ सरस्वरी के चित्र पर माल्यापर्ण व दीप प्रवज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात अथितियों के स्वागत गीत के माध्यम से कार्यक्रम का आगाज किया गया। विभिन्न सांस्कृतिक प्रोग्राम के पश्चात वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। डॉक्टर धर्मराज पाण्डेय ने स्काउड गाइड पर प्रकाश डालते हुए लोगों को उसके नैतिक मूल्यों के महत्ता के बारे में बताया। विटी गर्ल्स इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्य सुनीता मिश्रा ने आदर्श जीवन शैली में अपनाने की अपील किया। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ. चन्दवीर सिंह, डॉ. श्यामजीत पाण्डेय, डॉ. विजय कुमार पाण्डेय, विकास पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संचालन डॉ. अजय कुमार तिवारी ने किया।

### पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने दलित को पीटा

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत बामी गांव में बीती रात्रि करीब आठ बजे पुरानी रंजिश को लेकर उक्त गांव के दलित युवक सचिन गौतम पुत्र लालचन्द्र गौतम को गांव के ही दूसरी बिरादरी के दबंग रंजन सिंह पुत्र फतेह बहादुर सिंह, रोहित तिवारी पुत्र समयनाथ तिवारी, मोहित उर्फ पंडित पुत्र समयनाथ ने लात-घूंसों व लाठी-डण्डों से मार पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया भेजवाया जहां चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर उपरोक्तगण के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने व एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है। वहीं थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया ने बताया की दूसरे पक्ष को भी चोटें आयी हैं और दूसरे पक्ष का एनसीआर लिखा गया है।

## हाईस्कूल के 180 व इंटर के 279 छात्रों को दी गई विदाई



जनसंदेश न्यूज

**मुफ्तीगंज।** शाश्वत इंटर कालेज कमरुद्दीनपुर किरतापुर में बुधवार को हाई स्कूल के 180 व इंटर के 279 छात्रों को प्रबंधक प्रेम प्रकाश यादव ने विद्यालय प्रांगण से विदाई दिया। ये छात्र 16 फरवरी से होने वाली बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे। प्रवन्धक ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हमें एक तरफ कष्ट की अनुभूति हो रही है वहीं आपके सदैव आगे बढ़ने और नाम रौशन करने की ललक से हमें खुशी भी हो रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन का प्रकाश है जिससे आकाश की बुलंदियों तक पहुंचा जा सकता है। सभी बच्चो से उन्होंने अनुरोध करते हुए कहा कि रात दिन परिश्रम करके अच्छे नम्बर लायें जिससे आपके स्कूल व जिले का नाम रौशन हो। वहीं प्रधानाचार्य मोतीलाल ने बच्चों को अच्छे नम्बर लाकर माता पिता व गुरु के आदर्शों को कायम रखने की सलाह दी। इस अवसर पर उमानाथ यादव, श्याम सुंदर, राजेश, विकास, शक्ति, अभिषेक, मनीषा, सुमन, पूनम, वंदना, रीमा, नेहा, रीना आदि अध्यापकों की उपस्थिति रही।

### पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**मुंगराबादशाहपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के सम्बन्ध में विशेष अभियान के क्रम में उ.नि. संजय कुमार सिंह चौकी प्रभारी सतहरिया ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मय पुलिस टीम द्वारा एक नफर वांछित अभियुक्त राममिलन यादव पुत्र स्व. जवाहरलाल यादव निवासी ग्राम सरायरैचन्दा थाना मुगराबादशाहपुर को जरिये मुखबिर खास सूचना पर गोबिन्दासपुर पुलिया के पास से बुधवार को करीब 9.30 बजे गिरफ्तार कर थाना हाजा लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ.नि. विवेक कुमार तिवारी थानाध्यक्ष थाना मुगराबादशाहपुर, उ.नि. संजय कुमार सिंह, हे.का. सुरेश चन्द्र, का. संतोष कुमार यादव आदि शामिल रहे।

## तहरीर देने के चार दिन बाद भी पुलिस पकड़ से दूर है मनबढ़

जनसंदेश न्यूज

**असफलता**

समाचार पत्र कर्मी को खबर न छापने व तहरीर वापस लेने की दे रहा धमकी

**जौनपुर।** जहाँ एक तरफ नवागत कप्तान जिले में अपराध की व्यवस्था दुरूस्त करने के लिये कमान कसते जा रहें है तो वहीं दूसरी तरफ कुछ मनबढ़ों की दादागीरी सातवें आसमान पर है। ऐसा ही एक मामला नगर के सिपाह मोहल्ले का है जहाँ समाचार पत्र के कर्मचारी को जान से मारने की धमकी इस कारण मिली कि अखबार ने जौनपुर डिपो की खामियों के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया और उस पर विभागीय कार्यवाही हो गई। जिसमें वर्कशॉप के फोरमैन का दो महीने का वेतन रोक दिया गया। इसी से झल्लाकर जौनपुर डिपो के एक चालक राजेश उपाध्याय ने समाचार पत्र कर्मचारी जीशान हैदर को बीते शनिवार 3 फरवरी को रात्रि 9.42 पर फोन कर मारने की धमकी दी थी। इतना ही नहीं उक्त मामले की तहरीर कोतवाली में देने के बाद चालक के ऊपर कोई कार्यवाही तो नहीं दिखी लेकिन उसकी दादागीरी और बढ़ गई। एक तरफ स्थानीय पुलिस लगातार घर पर दबिश देने का दावा तो कर रही है लेकिन वहीं दूसरी तरफ मनबढ़ चालक ने जीशान को सरेराह रोडवेज के समीप रोककर पुनः धमकी देने का दुस्साहस किया। ऐसे में यह प्रतीत होता है कि कप्तान लाख कमान कस लें लेकिन कुछ मनबढ़ों में उनका भी कोई खौफ नहीं है।

### चाकूबाजी में तीन लोग घायल

**मुफ्तीगंज।** केराकत कोतवाली अन्तर्गत मुफ्तीगंज बाजार में नाबदान के पानी को लेकर बुधवार को शाम साढ़े 5 बजे तीन सगे भाइयों में विवाद हो गया जिसमें तीनों घायल हो गये। जानकारी के अनुसार सचिन मोदनवाल, बिजय मोदनवाल व जय प्रकाश पुत्र बाबूलाल तीनों में नाबदान के पानी को लेकर विवाद हो गया जिसमें जय प्रकाश सब्जी काटने वाले चाकू को लेकर दौड़ा और सचिन विजय चाकू छीनने में ही घायल हो गए जिससे सचिन विजय ने अपना खून देखकर जय प्रकाश के ऊपर भी चाकू से हमला कर दिया जिससे वह भी चुटहिल हो गया। जय प्रकाश का इलाज निजी चिकित्सालय में हो रहा है। सूचना पाने पर चौकी पुलिस ने सचिन, विजय को गिरफ्तार कर लिया।

## मड़ियाहूं ने मिर्जापुर की टीम को 50 रनों से हराया

जनसंदेश न्यूज

**मड़ियाहूं।** स्व. मंगला प्रसाद यादव स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता पाली सुभाष स्थित मैदान में आयोजित हुई जिसके फाइनल मैच में मड़ियाहूं व मिजार्पुर की टीम से मुकाबला हुआ। मड़ियाहूं की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी किया। निर्धारित 25 ओवर में 193 रन बनाकर जीत के लिए 194 का लक्ष्य निर्धारित करके मिर्जापुर टीम को दिया। मिजार्पुर टीम भी पूरे दमखम के साथ मैदान में खेलने उतरी किंतु मात्र 15 ओवर में 143 रन ही बना सकी। मड़ियाहूं की टीम विजेता रही। मड़ियाहूं टीम के कप्तान संदीप यादव ने शील्ड जीत लिया। क्रिकेट प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच दिव्य प्रकाश व मैन ऑफ द सीरीज अभय सिंह रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिव कुमार यादव और विजय कुमार तिवारी ने विजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम के आयोजकगण में जाकिर अली, अजीत पाल, डॉक्टर आलम सहित आए हुए खिलाड़ियों और अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



विजेता टीम को ट्राफी प्रदान करते अतिथिगण

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

### शिवबारात व शोभायात्रा को लेकर आयोजित हुई बैठक

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के प्राचीन काँवरिया संघ (सेवा महासमिति) द्वारा 18 फरवरी शनिवार को शोभायात्रा व शिव बारात को लेकर बुधवार को श्रीरामेश्वर महादेव मंदिर पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की एक बैठक श्यामबाबू सेठ उर्फ टेम्पो सेठ की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विगत पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी शोभायात्रा व शिव बारात अच्छी व सुन्दर निकाली जायेगी जिसमें शोभायात्रा का समय दोपहर 1 बजे श्रीरामेश्वर महादेव मंदिर स्वामी विवेकानंद इण्टर कालेज पक्के तालाब से शोभायात्रा निकल कर पूरे नगर में भ्रमण करते हुए शाम 5.30 बजे नीलकंठ महादेव मंदिर गोलाबाजार में समाप्त होगी। इस बैठक में मुख्य रुप से माता प्रसाद गुप्ता, सुरेश मौर्या, सुरेश निगम, नीलू सिह, मुन्ना चौरसिया सहित नगर के संभ्रांत नागरिक व प्राचीन काँवरिया संघ के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छुट्टा पशुओं से किसान हो रहे बर्बाद



जनसंदेश न्यूज

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खण्ड अंतर्गत रामपुर गांव में किसानों की खड़ी फसल को छुट्टा पशु बर्बाद कर रहे हैं। जबकि सरकार का निर्देश है कि ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में ग्राम प्रधान को निर्देशित कर सभी छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गो-शाला तक पहुंचाये लेकिन ऐसा न होकर यह जीती जागती तस्वीर यह बयां कर रही है कि किसानों की फसल को रौंदकर छुट्टा पशु खा रहे हैं। एक तरफ किसान महंगा बीज, खाद पानी देकर गेंहू की बुवाई कर अपनी फसल को अच्छा देखना चाहता है लेकिन यह छुट्टा पशु फसल बर्बाद कर रहे है।

रामपुर, नैपुरा, विझवार सारंग, सागर, हनुवाडीह, इटैली, पित्तूपुर आदि गांवों में छुट्टा पशुओं का आतंक है। गांव वालों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

## फाइलेरिया दवा का सेवन अवश्य करें : डीएम

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के कुशल निर्देशन में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एमडीए अभियान की शुरूआत जनपद के स्कूलों एवं कालेजों से की गयी, जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को दवा का सेवन उनके उम्र के अनुसार कराया गया। इसी क्रम में मेडिकल कालेज में बूथ लगाकर दवा का सेवन कराया गया। जिला कारागार में भी बूथ लगा कर बंदियों को फाईलेरिया की दवा स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा खिलायी गयी। 9 फरवरी को समस्त स्कूलों, कालेजों, नर्सिंग एवं फार्मेसी कालेजों में दवा खिलायी जायेगी। 10 फरवरी से घर-घर जाकर यह दवा खिलाने का अभियान चलाया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी जनपद वासियों से अपील किया है कि सभी लोग दवा का सेवन अवश्य करे।

### बैठक 12 को

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में 12 फरवरी को अपरान्ह 2.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु, सीडा उद्योग बन्धु, ब्यापार बन्धु, श्रम बन्धु, बैंकर्स एवं व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक आहूत की गयी है।



# हस्तशिल्पियों की कला निखरने लगी संवरने लगा कल

**खास मुलाकात**

*अश्विनी कुमार श्रीवास्तव*

*कामगारों को उनके अधिकार का पूरा लाभ मिल सके इस उद्देश्य से प्रधानमंत्री की ओर से पूरे देश में नये विचारों को लेकर नई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। वाराणसी में भी काष्ठ कला उद्योग से लगायत गुलाबी मीनाकारी व जरी के साथ ही बनारसी साड़ी के उद्योग को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल सके इसके साथ इस कार्य में लगे कामगारों को उनके परिश्रम का पूरा लाभ मिले इसी उद्देश्य से वाराणसी में ट्रेड फैसिलिटी सेंटर (टीएफसी) खोला गया। काशी ही नहीं बल्कि पूर्वांचल के विभिन्न जिलों के हस्तशिल्पी को बिचौलियों से निजात दिलाया जा सके वैश्विक मंच पर उन हस्तशिल्पियों का नाम हो जो इसके हकदार है इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री ओर से इस सेंटर की शुरूआत की गयी, आज इस सेंटर के माध्मय से हजारों शिल्पी अपने हुनर को प्रदर्शित कर अपनी पहचान बना रहें हैं, इस स्थान के साथ के साथ ही हस्तशिल्पियों की सुविधाओं के प्रति संजीदा ट्रेड फैसिलिटी सेंटर (टीएफसी) के सहायक निदेशक गोपेश मौर्य हमेशा तत्पर रहते हैं, इस संदर्भ में जनसंदेश टाइम्स के साथ उनकी खास मुलाकात*

## म्यूजियम में सारनाथ का पुरातत्व व अन्य झलकियां भी

ट्रेड फैसिलिटी सेंटर (टीएफसी) के सहायक निदेशक बताते हैं कि यहां म्यूजियम में सारनाथ की पुरातात्विक वस्तुओं के प्रतिरूप भी दिखता है तो रामनगर की रामलीला और घाट पर नौकाओं की झांकियां भी। ट्रेड फैसिलिटी सेंटर में व्यापार सुविधा केंद्र के अंतर्गत बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर सहित तीन अतिरिक्त फ्लोर निर्मित किए गए हैं। दो स्तरीय बेसमेंट में लगभग 400 चार पहिया वाहन खड़े हो सकते हैं। भूतल पर कार्यालय के अतिरिक्त 11 मार्ट, लगभग 2000 व्यक्तियों की क्षमता का कन्वेंशन सेंटर, फूड कोर्ट, 14 दूकानें, पूछताछ केंद्र, प्रवेश प्लाजा, गैलरी तथा एंफीथिएटर। प्रथम तल पर 13 मार्ट, दो एटीएम, प्रदर्शन गैलरी, दो रेस्तरॉ, 14 दूकानें, लाउंज, सिल्क गैलरी, कारपेट गैलरी तथा इतिहास एवं संगीत गैलरी। द्वितीय तल पर व्यापार केंद्र, सभागार, व्यापार व सूचना का राष्ट्रीय केंद्र, चार दूकानें, 15 डारमेट्री, कार्यालय, पुस्तकालय, रिकॉर्ड रूम, चलचित्र हाल आदि। तृतीय तल पर 13 कार्यालय तथा व्यापार केंद्र के अतिरिक्त 18 अतिथिगृह कॉमन हाल, पैंट्री तथा कार्यालय। पूरा परिसर पूर्णतया वातानुकूलित तथा पॉवरबैकअप की सुविधा से लैस है। परिसर में 13 लिफ्ट, दो सामग्री लिस्ट, दो स्वचालित सीढ़ियां हैं।

## पूर्वांचल के हस्तशिल्पियों के लिए वरदान बना दीनदयाल हस्तकला संकुल

### सितम्बर 2019 में सहायक निदेशक के रूप में टीएफसी को संभालने वाले गोपेश मौर्य हस्तशिल्पियों का रखते हैं खासा ख्याल

ट्रेड फैसिलिटी सेंटर (टीएफसी) यानि वह स्थान जहां आने के बाद हस्तशिल्प में और निखार आने के साथ ही इस कार्य से जुड़ें लोगों को उनका सही हक मिल सके, जिस उद्देश्य से इस सेंटर को बनाया गया वह आज पूरी तरह से चरितार्थ हो रहा है, किसी भी तरह की प्रदर्शनी आयोजित होने पर इस स्थान पर स्टॉल लगाने वाले हस्तशिल्पियों को उनके आने जाने का किराया देने के साथ ही स्टॉल तक निःशुल्क दिया जा रहा है। हां शहर से दूर होने के चलते इस स्थान पर लगने वाले प्रदर्शनी अभी लोगों से गुलजार भले ना हो लेकिन आने वाले दिनों में महानगरों के तर्ज पर इस स्थान को भी लोग हस्तनिर्मित वस्तुओं की खरीदारी के लिए जा सकेंगे। बहरहाल सहायक निदेशक ट्रेड फैसिलिटी सेंटर (टीएफसी) की मानें तो पूर्व के मुकाबले अब लोगों का आवागमन तो बढ़ा है साथ ही हस्तशिल्पियों की वस्तुओं की बिक्री भी बढ़ी है।

### हैंडलूम उत्पादों की दिखती है चमक

सहायक निदेशक ट्रेड फैसिलिटी सेंटर (टीएफसी) गोपेश मौर्य बताते हैं कि प्रधानमंत्री की ओर से ट्रेड फैसिलिटी सेंटर (टीएफसी) के लोकार्पण के बाद इस चमचमाते सेंटर में काशी का ताना-बाना तो झलका ही साथ ही पूर्वांचल भर के हैंडलूम उत्पादों की चमक भी पूरी दुनिया के लिए आकर्षण बन गयी। यहां एक ही छत के नीचे न केवल बुनकर शिल्पी अपने उत्पाद की प्रदर्शनी लगाते हैं, बल्कि क्रेता-विक्रेता के बीच सीधा व्यापार होता है, कोई बिचौलिया नहीं अपने कला का प्रदर्शन करते हुए हस्तशिल्पी अपने उत्पाद को अधिकार के साथ विक्रेताओं तक पहुंचाते हैं।




गोपेश मौर्य सहायक निदेशक दीनदयाल हस्तकला संकुल

दीनदयाल हस्तकला संकुल ट्रेड फैसिलिटि सेंटर (टीएफसी) के सफल संचालन में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले टीएफसी के सहायक निदेशक गोपेश मौर्य मूलत: भदोही खमरिया के रहने वाले हैं, क्षेत्र में कालीन का तानाबाना देखते हुए अपने जीवन की शुरूआत उन्होंने भले ही खमरिया के विद्यालयों से की लेकिन हाई स्कूल, इंटरमीडियट के साथ ही हायर एजुकेशन के लिए इलाहाबाद (अब प्रयागराज) को चुना, मन में क्षेत्र का तानाबाना तो था ही इसलिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपेट से बी.टेक किया, इंस्टीट्यूट के शैक्षणिक भ्रमण के दौरान न्यूजीलैंड में वूल (ऊन ) हार्वेस्टिंग के सभी व्यवस्थाओं को देखने के बाद दिल्ली से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फेशन डिजाइनिंग में मास्टर डिग्री ली, गारमेंट प्रोडक्शन में स्पेशलाइजेशन रहा तो विभिन्न निजी कंपनियों में प्रोडक्शन मैनेजर के रुप में काम करते हुए कई उपलब्धि हासिल की, अपने शहर की याद सतायी तो इलाहाबाद एक डिप्लोमा कॉलेज फिर इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फैशन टेक्नोलॉजी में गेस्ट फैलेल्टी पढ़ाया, लेकिन तैयारी जारी रही,और फिर हैंडिक्राफ्ट प्रमोशन ऑफिसर पद पर चयन हुआ, आज टीएफसी में सहायक निदेशक के रुप में इस सेंटर को संभाल रहे हैं।

### कालीन गैलरी


भदोही कालीनों का इतिहास 400 साल से भी ज्यादा पुराना है। कारीगरों द्वारा इन अच्छी गुणवत्ता वाले हाथ से बुने हुए कालीनों के हर विवरण का ध्यान रखा गया है। मिजार्पुर दरिस अपने जीवंत डिजाइन के साथ अन्य कार्यों के साथ भूतल पर प्रदर्शित है।



### वस्त्र गैलरी

सुरुचिपूर्ण बनारसी साड़ियों की हमेशा उच्च मांग होती है, सभी इसकी अच्छी गुणवत्ता और सुंदर जरी के काम के लिए धन्यवाद। कपड़ा दीर्घा में उत्तर प्रदेश के विभिन्न प्रांतों से हथकरघा के विभिन्न विद्यालयों को दशार्ते हुए एक बहुत ही सचित्र प्रदर्शन है।





### संग्रहालय की दुकानें

जीआई उत्पादों, यानी भौगोलिक रूप से संकेतित उत्पादों में रुचि रखने वालों के लिए एक बहुत ही अनूठा मंच उपलब्ध है। ये अपने निश्चित भौगोलिक मूल के कारण विशिष्ट गुणवत्ता और प्रतिष्ठा वाले उत्पाद हैं। वाराणसी जीआई उत्पादों का केंद्र है। व्यापार सुविधा केंद्र संग्रहालय की दुकानों के रूप में एक अद्वितीय उपभोक्ता-कलाकार इंटरफेस प्रदान कर रहा है।

### हस्तकला गैलरी

चमकीले रंग के सुंदर खिलौनों से लेकर मंत्रमुग्ध कर देने वाली धातु और लकड़ी की कलाकृतियों तक, हस्तशिल्प गैलरी वाराणसी में हस्तकला की सदियों पुरानी परंपरा की झलक पेश करने के लिए पहली मंजिल पर मौजूद है।



## हस्तशिल्पियों को मिलती है एक ही छत के नीचे सुविधा

गोपेश मौर्य बताते हैं कि ट्रेड फैसिलिटी सेंटर (टीएफसी) में एक ही छत के नीचे बुनकरों, शिल्पियों को सभी कारोबारी सुविधाएं जहां मुहैया होती हैं वहीं, पर्यटन को भी नई ऊंचाई मिलती है। यहां का संग्रहालय दुनिया को शिल्प और बुनकरी की खूबसूरती बताता है। यहां आने वाले लोग म्यूजियम में काशी की संगीत और कला के भी दर्शन करते हैं तो रामनगर, चुनार, आजमगढ़, जौनपुर के क्राफ्ट भी यहां डिस्प्ले किए जाते हैं।

# शुभकामनाओं के साथ छात्रों का फेयरवेल





जनसंदेश न्यूज

**विदाई समारोह**

### सेन्ट जॉन्स स्कूल की लेढ़ूपुर शाखा में खट्टी-मीठी यादों के साथ कक्षा 12 के छात्रों की विदाई

**वाराणसी।** सेन्ट जॉन्स स्कूल की लेढ़ूपुर शाखा में बुधवार को कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रागंण की खट्टी मिठ्ठी यादों के साथ सभी ने एक दूसरे को बधाई देते हुए अगले कक्षा के लिए शुभकामना दी।

सेंट जान्स के लेढ़ूपुर शाखा के प्रागंण में आयोजित फेयरवेल समारोह में शामिल सभी छात्र-छात्राओं का विद्यालय प्रबंधन की ओर से भव्य स्वागत किया गया, सभी के माथे पर चंदन लगाया गया इसके साथ ही उन्हें स्वागत पत्र भेंट किया गया। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। स्कूल में बिताये दिनों की स्मृति को सभी ने अपने दिलों में सहेजा और एक दूसरे को आगे की पथ के लिए शुभकामना दी। बिछुड़ने के चलते सभी भावुक भी थे। सभी ने अपने गुरु जनों का आर्शीवाद भी लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर सुसाईराज ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभाशीष देते हुए उनके आगे के जीवन के लिए बधाई दी। कहा कि जिस भी क्षेत्र में रहें वहां ना सिर्फ विद्यालय बल्कि अपने परिवार, समाज व राष्ट्र का नाम रौशन करें। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छान एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने किया मौका-मुआयना

**वाराणसी।** मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बुधवार की शाम बड़ागांव ब्लॉक के सगुनहा का दौरा किया। उन्होंने गांव के प्राइमरी इंग्लिश स्कूल के निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल को तत्काल पूर्ण कराने, उसका रंग-रोगन कराने और विद्यालय की दीवारों और बड़े वृक्षों पर पर 'जी20' थीम के अनुसार पेंटिंग कराने, स्मार्ट प्रोजेक्टर एवं हैंड वॉश स्थल को दुरुस्त कराने और स्कूल के सामने स्थित मुख्य मार्ग वीआईपी मूवमेंट के मद्देनजर नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने ग्राम सचिवालय परिसर में की बन रही चहारदीवारी को जल्द पूर्ण कराने व खाली स्थल पर ग्रामीण हाट बनवाने तथा प्रांगण में लाइब्रेरी स्थापित कराने को कहा।

# शिव-सती के महामिलन का पर्व है महाशिवरात्रि



### महाशिवरात्रि पर इस बार बन रहा है सर्वार्थ सिद्धि का योग

### शिव का करें दर्शन-पूजन, रखें व्रत, होंगी मनोकामनाएं पूरी

राधेश्याम कमल

भारतीय संस्कृति में हिंदू धर्मशास्त्राओं के अनुसार ब्रह्मा,विष्णु व महेश त्रिदेवों में भगवान शिव सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के पालनहार, अकाल मृत्युहर्ता तथा सर्वसिद्धिदाता माने गये हैं। भगवान शिव की महिमा में फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि के दिन महाशिवरात्रि का पर्व हर्ष व उल्लास के साथ मनाने की परम्परा है। शिवमहापुराण के अनुसार प्रजापति दक्ष की कन्या सती का विवाह भगवान शिव से इसी दिन हुआ था। पौराणिक मान्यता है कि चतुर्दशी तिथि के दिन निशा बेला में भगवान शिव ज्योति4लिंग के रूप में अवतरित हुए थे। जिसके फलस्वरूप महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। प्रख्यात ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 18 फरवरी शनिवार की रात्रि 8.03 मिनट पर लगेगी जो अगले दिन 19 फरवरी रविवार को दिन में 4.19 मिनट तक रहेगी। चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्दशी तिथि (महानिशीथ काल रात्रि 11.43 मिनट से 12.33 मिनट तक)में मध्य रात्रि में भगवान शिव की पूजा विशेष पुण्य फलदायी होती है। महाशिवरात्रि से ही प्रत्येक माह हर मासिक शिवरात्रि का व्रत प्रारंभ किया जाता है। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि मासिक शिवरात्रि के व्रत से सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

### शिव आराधना का विधान

व्रतकर्ता को चतुर्दशी तिथि के दिन व्रत-उपवास रखकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना करनी चाहिए। त्रयोदशी तिथि के दिन एक बार सात्विक भोजन करना चाहिए। व्रतकर्ता को तिल, विल्वपत्र व खीर से हवन करने पश्चात अपने व्रत का पारण करना चाहिए।



### क्या करें भगवान शिव को अर्पित

पं. विमल जैन के अनुसार भगवान शिव का दूध व जल से अभिषेक करके उन्हें वस्त्र, चंदन, यज्ञोपवीत, आभूषण, सुंगधित द्रव्य के साथ विल्वपत्र, कनेर, धतूरा, मदार, ऋतु पुष्प, नैवेद्य अर्पित करके धूप-दीप के साथ पूर्वाविमुख या उत्ताराविमुख होकर पूजा करनी चाहिए। शिव भक्त अपने ललाट पर भस्म और तिलक लगा कर शिव की पूजा करें। इससे पूजा का विशेष फल मिलता है।

### पूरी होगी मनोकामना रात्रि के चारों प्रहर करें विशेष पूजा

प्रथम प्रहर- भगवान शिव का दूध से अभिषेक करें एवं ऊॅ ह्री ईशाय नम: मंत्र का जप करें
द्वितीय प्रहर- भगवान शिव का दही से अभिषेक करें एवं ऊॅ ह्री अघोराय नम: का जप करें
तृतीय प्रहर- भगवान शिव का का शुद्ध देशी घी से अभिषेक करें। साथ ही ऊॅ ह्री वामदेवाय नम: का जप करें
भगवान शिव की महिमा में शिव चालीसा, शिव स्तुति, शिव सहस्त्रनाम, शिव महिम्न स्तोत्र, शिव तांडव स्तोत्र, रूद्ाष्टक, शिवपुराण का पाठ करना चाहिए। शिव जी के प्रिय पंचाक्षर मंत्र ऊॅ नमऋ शिवाय का मानसिक जप करना चाहिए। शिवपुराण के अनुसार ऊॅ नम: शिवाय शुभं कुरू कुरू शिवाय नम: ऊॅ इस मंत्र के जप से सर्वाधिक कल्याण होता है। महाशिवरात्रि के पर्व पर शिव की पूजा-अर्चना करके रात्रि जागरण करने पर ही व्रत पूर्ण फलदायी माना जाता है। व्रत के दिन अपनी दिनचर्या नियमित व संयमित रखते हुए भगवान शिव की पूजा-अर्चना करके विशेष पुण्य लाभ उठाना चाहिए। महाशिवरात्रि से मासिक शिवरात्रि का व्रत प्रारंभ हो जाता है। ऐसी मान्यता है कि मासिक शिवरात्रि व्रत से सुख-समृद्धि सफलता मिलती है।

### राशि के मुताबिक पूजा विशेष फलदायी

**मेष-** भगवान शिव की पूजा गुलाल से करें। ऊँ ममलेश्वराय नमः मंत्र का जप करें। लाल वस्त्र, लाल चंदन, गेहूं, गुड़, तांबा, लालफूल आदि का दान करें।

**वृषभ-** शिव का अभिषेक दूध से करें। ऊँ नागेश्वराय नमः मंत्र का जप करें। सफेद फूल, सफेद चंदन, चावल, चांदी, घी, सफेद वस्त्र का दान करें।

**मिथुन-** शिव का अभिषेक गन्ने के रस से करें। ऊँ भूतेश्वराय नमः मंत्र का जप करें। मूंग, कस्तूरी, कांसा, हरा वस्त्र, पन्ना, सोना, मूंगा घी का दान करें।

**कर्क-** शिव का अभिषेक पंचामृत से करें। महादेव के द्वादश नाम का स्मरण करें। सफेद फूल, सफेद वस्त्र, चावल, चीनी, चांदी, मोती, दही का दान करें।

**सिंह-** शिव का अभिषेक शहद से करें। ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जप करें। लाल फूल, लाल वस्त्र, माणिक्य, केशर, तांबा, घी, गेहूं गुड़ का दान करें।

**कन्या-** शिव का अभिषेक गंगाजल या शुद्ध जल से करें। शिव चालीसा का पाठ करें। हरा फूल, कस्तूरी, क्टांसा, मूंग, हरा वस्त्र का दान करें।

**तुला-** शिव का अभिषेक दही से करें। शिवाष्टक का पाठ करें। हरा फूल, कस्तूरी, कांसा, मूंग, हरा वस्त्र घी, हरा फल का दान करें।

**वृच्छिक-** शिव का अभिषेक दूध व दही से करें। ऊँ अंगारेश्वराय नमः का जप करें। गेहू, गुड़ तांबा, मूंगा, लाल वसत्र का दान करें।

**धनु-** शिव का अभिषेक दूध से करें। ऊँ रामेश्वराय नमः मंत्र का जप करें। पीला वस्त्र, चने की दाल, हल्दी, पीला फल लाल चंदन मसूर का दान करें।

**मकर-** शिव का अभिषेक अनार के रस से करें। शिवसहस्त्रनाम का पाठ करें। उड़द, काला तिल, केल, काले वस्त्र, लोहा कस्तूरी का दान करें।

**कुंभ-** शिव का अभिषेक पंचामृत से करें। ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जप करें। काले वस्त्र काला तिल उड़द, तिल का तेल छाता का दान करें।

**मीन-** शिव का अभिषेक ऋतुफल से करें। ऊँ भौमेश्वराय नमः मंत्र का जप करें। चने की दाल, पीला वसत्र, हल्दी, फूल, पीला फल सोना आदि का दान करें।